आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* डॉ. लोहिया पुण्यतिथि

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 270 | उज्जैन, सोमवार 12 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

प्रधानमंत्री मोदी- सीएम विजय मेट्रो में साथ बैठे

चेन्नई। पीएम मोदी ने रविवार को चेन्नई में कहा कि मंदिरों से लेकर मेट्रो तक तमिलनाडु में नए भारत की झलक दिखती है। भारत अपनी सांस्कृतिक ताकत से प्रेरणा लेता है, वैज्ञानिक प्रगति के जरिए आगे बढ़ता है। मोदी ने चेन्नई मेट्रो के फेज-2 प्रोजेक्ट के 14.6 किमी लंबे पूनमल्ली-वडापालानी रूट का उद्घाटन भी किया। इसके बाद पीएम ने खुद ट्रेन में यात्रा की, इस दौरान तमिलनाडु के सीएम विजय भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद वे जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यायल के गोल्डन जुबली इवेंट में पहुंचे, जहां उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि भारत का भविष्य बहुत शानदार होगा।

खैबर पख्तूनख्वा में इमरान खान की पार्टी की सरकार भंग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां (केपी) प्रांत में इमरजेंसी लगा दी गई है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार ने रविवार को खैबर पख्तूनख्वा में आपातकाल और गवर्नर शासन लागू करने का ऐलान किया है। केपी में इमरान खान की पार्टी पीटीआई की सीएम सोहेल आफरीदी सरकार को भंग करते हुए गवर्नर रूल लगाया गया है। पाकिस्तान की केंद्र की सरकार में इमरान खान की पार्टी मुख्य विपक्ष है और लंबे समय से उसका सत्ता से टकराव चल रहा है। पूर्व पीएम इमरान खान खुद लंबे समय से जेल में हैं।

एयर इंडिया व एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 15 अक्टूबर तक उड़ानें रोकीं

नई दिल्ली। सऊदी अरब के मौजूदा हालात को देखते हुए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रियाद से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निलंबन की अवधि बढ़ा दी है। एयरलाइन अधिकारियों के मुताबिक, एयर इंडिया एक्सप्रेस की रियाद के लिए उड़ानें 14 अक्टूबर तक, जबकि एयर इंडिया की उड़ानें 15 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इससे भारत और सऊदी अरब के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना में बदलाव करना पड़ सकता है। दोनों एयरलाइंस ने इससे पहले 10 अक्टूबर तक रियाद की उड़ानें रद्द करने का फैसला लिया था, अब क्षेत्रीय परिस्थितियों का आकलन करते हुए इस अवधि को आगे बढ़ाया गया है।

अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर घर के बाहर जुटे फैंस



पोस्टर लेकर पहुंचे, केक बांटकर मनाया जश्न; ढोल-नगाड़ों पर किया डांस

मुंबई। अमिताभ बच्चन के 84वें जन्मदिन के मौके पर उन्हें बधाई देने के लिए बीती रात से ही मुंबई के जुहू स्थित उनके आवास जलसा के बाहर फैंस की भीड़ जुटने लगी। दूर-दूर से पहुंचे फैंस अपने साथ केक, मिठाइयां और पोस्टर लेकर आए। रात 12 बजते ही जलसा के बाहर फैंस ने अमिताभ बच्चन को जन्मदिन की बधाई दी। फैंस ने उनके पोस्टर लेकर नारे लगाए और उनकी लंबी उम्र व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और कई प्रशंसक ढोल-नगाड़ों पर नाचते नजर आए। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर हर साल उनके घर के बाहर फैंस का जमावड़ा लगता है। इस बार भी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात और देश के अन्य हिस्सों से फैंस मुंबई पहुंचे। अमिताभ बच्चन ने अपने 84वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सुबह हो गई, और बैठे हैं आप के साथ! महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की।

नैनो न्यूज

- **महाराष्ट्र:** तुलजा भवानी मंदिर की ज्योत लेकर लौट रहे 3 श्रद्धालुओं को ट्रक ने 3 किमी तक घसीटा, सभी की मौत।
- **नई दिल्ली :** भाजपा सरकार में तमिल का गौरव बढ़ा, सुधांशु त्रिवेदी बोले- देश में विभाजन पैदा करना राहुल गांधी का लक्ष्य।
- **वाशिंगटन :** ट्रम्प ने कहा, यूक्रेन को नए राष्ट्रपति की जरूरत, पुतिन शांति चाहते हैं, जेलेंस्की ने अमेरिका-रूस के बीच डीजल डील का विरोध किया था।
- **नेपाल :** बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़, कई पुल-घर बहे, 10 लापता, भूस्खलन से स्यारी नदी का रास्ता बंद, बिहार में भी खतरा।
- **अफ्रीकी देश :** जिबूती के पास नाव डूबी, 109 की मौत, 116 लापता, 305 लोग सवार थे, इथियोपिया के 80 से ज्यादा नागरिक बचाए गए।
- **नई दिल्ली :** एआई चश्मे से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे, हेल्थ एटीएम 80 से ज्यादा जांच करेगा।

मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लें, मेट्रो-इंटरनेट बहाल करें

सीजेपी नेता बोले- हमें फ्लाइट से किडनैप किया गया, सरकार अपने लोगों से जंग लड़ रही, दिल्ली में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन, 100 हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर रविवार को सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए। इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली मेट्रो और यहां आने वाली ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ। इस पर कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों को नोटिस जारी कर मंगलवार तक जवाब मांगा। इससे पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सीजेपी लीडर अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को रविवार सुबह करीब 10 बजे रिहा करने का आदेश दिया। तीनों 23 घंटे पुलिस कस्टडी में रहे। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन बुलाया था। दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी थी।

ध्रुव राठी ने पासपोर्ट दिखाकर कहा- मैं भारतीय हूं, था और रहूंगा



यूट्यूबर ध्रुव राठी ने हिरासत में लिए जाने पर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए एक वीडियो में कहा कि मुझे किडनैप किया गया था। इस दौरान उन्होंने पहली बार कैमरे के सामने अपना पासपोर्ट दिखाया। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया कि वो भारतीय हैं या जर्मन नागरिक। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के लीडर आशुतोष रांका ने रिहाई के बाद आरोप लगाया कि शनिवार को उन्हें, अभिजीत दीपके और सौरव दास को फ्लाइट से उतरते ही किडनैप कर लिया गया। सौरव दास ने कहा- देश में इमरजेंसी जैसे हालात हैं और सरकार अपने ही लोगों से जंग लड़ रही है। अभिजीत दीपके, अशुतोष रांका और सौरव दास करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद रविवार सुबह 10 बजे रिहा हुए। दादी के निधन के कारण दीपके महाराष्ट्र स्थित घर रवाना हो गए। ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। दिल्ली में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं। 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।







कोई बॉन्ड नहीं भरा, फिर सड़कों पर उतरेंगे, अभिजीत दीपके का जवाब



कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दीपके ने कहा है कि उन्होंने प्रदर्शन नहीं करने का कोई बॉन्ड नहीं भरा है और पार्टी के कार्यकर्ता फिर सड़कों पर उतरेंगे। यह बयान दिल्ली में हिरासत से रिहाई के बाद एक साल तक शांति भंग नहीं करने की शर्त सामने आने के बीच आया है। दीपके ने आंदोलन जारी रखने का एलान किया है। कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बांड नहीं भरा है, जिसमें प्रदर्शन नहीं करने की शर्त हो। दिपके ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीजेपी के कार्यकर्ता फिर सड़कों पर उतरेंगे। उनका यह बयान उस खबर के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि दिपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को 50 हजार रुपये का मुचलका भरने के बाद रिहा किया गया है।

पुलिस बोली- दीपके ने पैरेंट्स से बात करने से मना किया: दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जैसे ही दिल्ली पुलिस के पास अभिजीत दीपके की दादी के निधन की खबर पहुंची। ये दुखद समाचार पहुंचाने के लिए दिल्ली पुलिस उनके पास गई और हर प्रकार की मदद के लिए उनसे पूछा गया। फ्लाइट, कॉल या जो भी उन्हें जरूरत हो, संवेदनशील भाव के साथ उनसे पूछा। उनसे लगातार पूछा गया कि उनकी पैरेंट्स से उनकी बात करा दें, जो उन्होंने मना किया। एकदम से मना किया। उन्हें थोड़ा सोचने का टाइम भी दिया गया। फिर दोबारा मदद के लिए पूछा। सीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस तथ्य को गलत तरीके से बताया गया है।

मणिपुर में नगा-कुकी संघर्ष से फिर बढ़ा तनाव

हिंसा में मारे गए नौ लोग, नगालैंड में भी दो समुदाय भिड़े

एजेंसी ▸▸ इंफाल/कोहिमा

मणिपुर के कामजोंग, उखरुल और कांगपोकपी जिलों में नगा और कुकी समुदायों के बीच हिंसा में नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और गोरखा समुदाय का एक किसान शामिल हैं। दूसरी ओर, नगालैंड के किफिरे जिले में तिखिर और यिमखियुंग समुदायों के बीच विवाद के बाद गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हुई और दूसरा घायल हो गया।

मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों कामजोंग, उखरुल और कांगपोकपी में रविवार को तनाव बना रहा। नगा और कुकी समुदायों के बीच ताजा हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार और शनिवार को हुई हिंसा में छह नागा, दो कुकी और गोरखा समुदाय के एक किसान की मौत हुई। इस साल मणिपुर में हुई हिंसक घटनाओं में इसे सबसे घातक घटनाओं में से एक माना जा रहा है।



सीएम ने संयम बरतने की अपील की

मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने लोगों से शांति बनाए रखने और संयम बरतने की अपील की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर काबू पाने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स और फेसबुक पर कहा, मैं कामजोंग और कांगपोकपी जिलों में निर्दोष नागरिकों की हत्या और आज हुई हिंसा की निंदा करता हूं।

हत्या के बाद शुरू हुई हिंसा

ताजा हिंसा शुक्रवार रात कामजोंग जिले के चासाद गांव में 42 वर्षीय महिला की हत्या के बाद शुरू हुई। कामजोंग में नगा समुदाय की आबादी अधिक है, लेकिन चासाद गांव में कुकी समुदाय के लोग बहुसंख्यक हैं। इंफाल में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डोमखोनेई तौथांग नाम की महिला के गर्दन के पास गोली लगी थी। पांच बच्चों की मां तौथांग की कुछ ही मिनटों में मौत हो गई।

दिल्ली में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ

इंडिया ब्लॉक का आज मार्च

जंतर-मंतर जा सकते हैं, राहुल ने चीफ जस्टिस से मिलने का समय मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष आज सोमवार को दिल्ली में मार्च निकालेगा।

विपक्षी सांसद जंतर-मंतर भी जा सकते हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी सीजेआई सूर्यकांत से मुलाकात करेंगे। शाम 4 से 5 बजे के बीच मिलने का समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि हम सीजेआई को देश में लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर चुनाव आयोग की स्वायत्तता कमजोर करने और वोट चोरी जारी रखने का आरोप लगाया। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने 6, 7, 8 और 9 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस दौरान तीन बार राहुल और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में भी लिया था।

भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार को इजरायल करेगा सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

फ्लाईदुबई की उड़ान में बड़ी घटना नाकाम करने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को इजरायल सम्मानित करेगा। इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने गुरुवार को घोषणा की कि मच्छार को सिविल हीरोइज्म के लिए प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड दिया जाएगा। अभी स्मित मच्छार अस्पताल में हैं और अपना इलाज करा रहे हैं। हर्जोग ने यरुशलम में छह इजरायली यात्रियों को यह पुरस्कार देते हुए मच्छार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज जिन इजरायली हीरो को हम सम्मानित कर रहे हैं, उनके साथ हम भारत के कैप्टन स्मित मच्छार के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उनकी बहादुरी, साहस और प्रोफेशनलिज्म ने इस आपदा को रोकने में मदद की।



मस्क ने कहा- मुकाबले से अंबानी का मुनाफा घटेगा

भारत में स्टारलिंक के सस्ते प्लान लाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' की कीमतें भारत में काफी सस्ती होंगी। देश में इसकी एंट्री को लेकर चल रहे विवाद के बीच इलॉन मस्क ने इसके संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि मार्केट में कंपनियों के बीच कॉम्पिटिशन बढ़ने से आखिरी फायदा भारतीय यूजर्स को ही होगा।

उन्होंने कहा कि स्टारलिंक के आने से अंबानी का मुनाफा थोड़ा घट सकता है, लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा। जाहिर है, अगर स्टारलिंक भारत में बहुत महंगी होगी तो उसे कोई नहीं खरीदेगा। इसलिए स्पेसएक्स को यहां टिकने के लिए अपनी कीमतें सस्ती रखनी ही पड़ेंगी।

इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदारी बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था।

दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में लगी आग

पावर बैंक फटने से लगेज जला, इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी।

धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद



प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया। इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं।

पदभार ग्रहण करने पहुंचे थे आराधना मिश्रा व इमरान मसूद

कांग्रेस कार्यालय में धक्कामुक्की व जूते चले

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

कांग्रेस कार्यालय में रविवार को उस समय हंगामा हो गया जब कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना और सांसद इमरान मसूद पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोना ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया।

राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय में आराधना मिश्रा मोना और इमरान मसूद के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। कार्यक्रम के दौरान अजय राय के साथ एक महिला कांग्रेस नेता द्वारा कथित बदसलूकी किए जाने से उनके समर्थकों में नाराजगी फैल गई।

अजय राय नाराज होकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैठ गए। इस दौरान समर्थकों के बीच हंगामा और धक्कामुक्की हुई और जूते चल गए। स्थिति को संभालने के लिए वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी अजय राय को मनाने में जुटे रहे। पदभार ग्रहण के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने की तैयारी थी, लेकिन अजय राय उसमें शामिल होने के लिए अंदर नहीं गए।



मोना जी के नेतृत्व में प्रदेश में वापसी करेगी कांग्रेस

आराधना मिश्रा मोना को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोना जी का पूरा जीवन कांग्रेस में बीता है। उन्होंने पंचायत सदस्य से लेकर विधायक और फिर प्रदेश में पार्टी के सर्वोच्च पद तक का रास्ता तय किया है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश में वापसी जरूर करेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोलीं- देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा करना हर नागरिक और कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह समय स्वागत या सम्मान समारोह का नहीं, बल्कि संघर्ष का है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक बलिदानों और संघर्षों से भरा रहा है। पार्टी के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इस परंपरा को आगे बढ़ाए। अध्यक्ष मोना ने विश्वास दिलाया कि सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

स्वास्थ्य में सुधार की बढ़ती अपेक्षा

हाल ही में स्वास्थ्य के अमले की कमान वरिष्ठता के क्रम के दायरे को तोड़ते हुए एक युवा अधिकारी के हाथों में दी गई है। अधिकारी कर्मठ हैं और जमीनी पकड़ पहले ही दिन सामने आई है। उनके आदेश से लेकर प्रभार ग्रहण करने की स्थिति में मीडिया ने जिस प्रकार से उनके बारे में प्रचार प्रसार किया उससे आमजन की जिले में उनसे अपेक्षाएं भी वैसी ही सामने आ रही है। वैसे तो उन्होंने अपने प्रभार ग्रहण करने एवं बाद में मीडिया के समक्ष जिस तरह के बयान दिए हैं उससे उनकी धरातल की विभागीय पकड़ के बारे में सब कुछ साफ हो रहा है। वे काफी कुछ विभाग की आमजन को दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं के बारे में पकड़ रखते हैं। इसके साथ ही वे निजी अस्पतालों एवं लेब के बारे में और उनसे संबंधित नियम कायदों की भी जानकारी रखते हैं। पूर्व में उनके द्वारा कुछ निजी अस्पतालों को जांच के दौरान सील करने जैसे मामले भी अंजाम दिए गए हैं। जिला अस्पताल की वर्तमान स्थितियों को लेकर भी सेवाओं में कसावट की अपेक्षा आमजन उनसे रख रहा है। इसके साथ ही जो यहां से रैफर सिस्टम डेवलप हो गया है उस पर भी नियंत्रण को लेकर बराबर अपेक्षा उनसे की जाने लगी है। पास के जिले में प्रशासनिक मुखिया ने रैफर सिस्टम पर लगाम कसी तो वहां सभी मरीजों का इलाज होने लगा है। डॉक्टर हर संभव कोशिश में जुटे हैं अब रैफर मामले रूक से गए हैं। प्रशासनिक मुखिया जो कि खूद एक एमबीबीएस डिग्री धारी हैं को अब वहां कोई रैफर को लेकर गुमराह नहीं कर पा रहा है। मुखिया ने रैफर ऑडिट करवाने की बात कही थी और काफी कुछ नियंत्रण में आ चुका है। धर्मनगरी और इसके जिला स्तर पर भी लोगों की नाम के अनुमान से काम की उम्मीद जगी है। खुसूर-फुसूर है कि मिडिया की अपेक्षा जिला अस्पताल को अपडेट रखने के साथ समय पर और सही उपचार आमजन को मिले का पालन के लिए प्रारंभिक स्तर पर ही हिदायत स्तर पर काम शुरू किया गया है। अब इस हिदायत का असर कब और कितने दिनों में सामने आता है यह समय के गर्भ में हैं। अभी तो अन्यानेक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाना ही शेष हैं।

न्यूज कॉलम

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को मातृशोक

उज्जैन। रतलाम निवासी एवं मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भावना-शैलेन्द्र मानावत की माताजी, धर्मपरायण एवं समाजसेवी श्रीमती तेजकुंवरबाई काश्यप का रविवार, 11 अक्टूबर 2026 को मुंबई में लंबी अस्वस्थता के पश्चात निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थी। प्रसिद्ध युवा संगीतकार एवं उद्योगपति सिद्धार्थ काश्यप एवं श्रवण काश्यप की दादीजी तथा समीक्षा एवं सारांश की पर दादीजी के निधन से काश्यप परिवार सहित धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा क्षेत्र में शोक व्याप्त है। दिवंगत श्रीमती तेजकुंवरबाई काश्यप की अंतिम यात्रा सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे उनके निवास वीसाजी मेंशन, स्टेशन रोड, रतलाम से निकलेगी।

नैनो न्यूज

- **शहर में** सीवरेज एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य सराहनीय, किंतु जनता के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था जरूरी- समीर खान
- **कंठाल में संकट**, ठेकेदार को भगाया नाली निर्माण अटका, रहवासी का आरोप, कांग्रेसी नेता आजाद यादव का क्या स्वार्थ कि 50 की बजाय 47 फीट की बनवाना चाहते हैं कंठाल की नाली
- **त्रिवेणी हिल्स** कॉलोनी में पितरों की स्मृति में स्थापित की गईं 33 कुर्सियां सांसद अनिल फिरोजिया ने की स्वच्छता एवं जनसहयोग से हो रहे विकास कार्यों की सराहना
- **छप्पन भोग** के साथ 16 दिवसीय संझा महोत्सव का समापन, खंडेलवाल महिला मंडल ने संझा लोक पर्व को सहेजने वाली कला साधिका और सहयोगियों का किया सम्मान
- **शनिश्चरी** सर्वपितृ अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाबः 'नित्य दर्शन महाकाल परिवार' ने बाबा महाकाल को लगाया 601 लीटर खीर का महाभोग, श्रद्धालुओं में बंटा प्रसाद
- **यावर, युवराज,** नवीन और दक्ष बने पंजा कुश्ती के चैंपियन ऑफ चैंपियंस, 170 खिलाड़ियों ने दिखाया बाहुबल, 25 हजार नकद और ट्रॉफी से विजेताओं का सम्मान
- **पितरों** के निमित्त श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन, ब्राह्मण भोज एवं भंडारे से दिया धर्म और सेवा का संदेश
- **श्री हरसिद्धि** भक्त मंडल के 52वें नौ दिवसीय शारदीय महोत्सव का शुभारंभ, घट स्थापना एवं कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा प्रारंभ

केडी गेट-ईमली तिराहा सड़क का काम पूर्णता का प्रमाण पत्र जारी होना शेष

सीसी निर्माण से पहले ही सड़क उधड़ने की स्थिति

सवा किलोमीटर की सड़क के दोनों भाग में 24 से अधिक स्पीड ब्रेकर और टेपर ठोके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निर्माण कार्यों की पूर्णता का प्रमाण पत्र जारी होने के बाद उसे पूर्ण कहा जा सकता है। उसके साथ ही उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जारी किया जाता है। नगर निगम द्वारा सिंहस्थ-2028 मद में कालियादेह गेट से ईमली तिराहा की सड़क का निर्माण अभी पूर्णता को भी प्राप्त नहीं हुआ है और उसके पहले ही उधड़ने की स्थिति शुरू हो गई है। सड़क के ये हाल क्यों और कैसे बने रहे हैं ये सवाल खड़ा हो रहा है।

उज्जैन नगर निगम द्वारा केडी (कालियादेह) गेट से इमली तिराहा गौतम मार्ग की सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। इसकी कुल लंबाई 1230 रनिंग मीटर (लगभग 1.23 किलोमीटर) है।

इस सड़क की चौड़ाई का मानक 15 मीटर (50 फीट) है। इस मार्ग चौड़ीकरण में 439 प्रभावित भवन आंशिक और 8 भवन पूर्ण रूप से प्रभावित हुए। इसका काम 2023 में शुरू किया गया था। इस मार्ग पर आए धार्मिक स्थलों को भी पीछे किया गया है। इस मार्ग के चौड़ीकरण में क्षेत्रीय रहवासियों ने अपनी संपत्ति के भाग का समर्पण किया है।



पूर्णता प्रमाण पत्र के पूर्व उधड़ी

नगर निगम के द्वारा निर्मित इस सड़क के निर्माण में धार्मिक स्थलों को हटाने को लेकर कालांतर में जमकर खींचतान रही और राजनैतिक दांव पेंच भी जमकर चले। 1230 मीटर लंबी सड़क को सेंटर डिवाइडर के आधार पर सेंटर लाइटिंग के साथ बनाया गया है। अभी निर्माण की पूर्णता का प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किया गया है उसके पहले ही यह सड़क कई स्थानों से उधड़ने लगी है। सड़क की स्थिति कई जगह से देखने पर ऐसी लगती है जैसे सीमेंट और गिट्टी के बीच तलाक का अनुबंध हो चुका है। खास तो यह है कि इस वर्ष बारिश भी इतनी जोरदार नहीं हुई है कि जिस पर सड़क के उधड़ने का दोष दिया जा सके।

नगर निगम की निगरानी हवा हुई

चौड़ीकरण मार्गों पर नगर निगम आयुक्त निगरानी के लिए बार-बार अपने मातहतों को चेता रहे हैं उसके बाद भी केडी गेट से इमली तिराहा के इस मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण की स्थिति आम हो चुकी है। निगरानी के नाम पर इसी क्षेत्र के कई लोग नगर निगम से संबंधित हैं उसके बाद भी इस पर कार्रवाई होना तो दूर कोई बोलने को तैयार नहीं है। जोन कार्यालय 1 एवं 2 दोनों के लिए यह मार्ग मुख्य है।

पेशवाई मार्ग-नगर निगम ने सिंहस्थ 2028 के लिए इस मार्ग का चौड़ीकरण इसलिए किया है कि यह वैष्णव संप्रदाय की पेशवाई का प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग से पेशवाई रामघाट के लिए पहुंचती है। तीन अणि वैष्णव अखाडों की पेशवाई स्नान के लिए इसी मार्ग से होती हुई आती एवं जाती है। इनके साथ ही खालसा की पेशवाई का भी यही प्रमुख मार्ग है।

सवा किमी की सड़क में 24 बाधक

हाल यह है कि केडी गेट से ईमली तिराहे तक सड़क करीब सवा किलोमीटर है। अगर केडी गेट से सड़क से इमली तिराहे तक वाहन से यात्रा करना हो तो चालक को करीब 12 बार ब्रेक को दबाना होगा और एक्सीलेटर को कम करना होगा। नहीं तो पीछे बैठी सवारी की गर्दन और रीड की हड्डी में जर्क आने का पूरा अंदेशा रहता है। यही नहीं ईमली तिराहे से केडी गेट आने की स्थिति में भी यही हाल हैं। सड़क का चौड़ीकरण किया गया है लेकिन अभी से हाल यह हैं कि 5-7 फीट अस्थाई अतिक्रमण साफ तौर पर देखा जा सकता है।

पुरातन मान्यताओं को धता बताते हुए धर्मनगरी में आस्था को चोट

रामघाट पर सूरज अस्त होने के बाद भी पंडित यजमानों से करवा रहे शिप्रा माता की आरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्म की एक परंपरा होती है और धर्मिक परंपराओं का संवाहक ब्राह्मण को माना गया है किन्तु पुण्यसलिला शिप्रा के तट पर ब्राह्मण ही सनातनी मान्य परंपराओं को तिलांजलि देते नजर आते हैं। सनातन परंपराओं में नदी, सरोवर, वृक्ष आदि की पूजन व आरती सूर्यास्त के बाद निषेध है और एक सामान्य सनातनी भी इस नियम का पालन करता है। हैरत तो तब होती है जब शिप्रा के प्रमुख घाट यानी रामघाट पर सूरज के अस्त होने के बाद भी पंडित, यजमानों से शिप्रा की आरती कराते हैं। पुरातन मान्यताओं को धता बताते हुए धर्मनगरी में आस्था को चोट पहुंचाते ये दृश्य प्रतिदिन देखे जा सकते हैं।

दक्षिणा व भेंट की चाहत में नियम ताक पर- आश्चर्य का विषय तो ये है कि धर्मधानी में पंडे पुजारी आए दिन धार्मिक परंपराओं को अपने हितार्थ तो उद्धृत करते हैं पर स्वयं उसके प्रति कितने इमानदार हैं इसका प्रमाण है शिप्रा का रामघाट जहां रात सात से स्वादिष्ट सात बजे तक तीर्थयात्रियों से मोटी भेंट लेकर शिप्रा आरती करवाई जाती है।





सौ रूपए में आरती और फोटो

सूर्यास्त के बाद शिप्रातट आए तीर्थ यात्रियों से पूछा जाता है कि आप आरती करना चाहो तो सौ रूपए में कर सकते हो। मोबाइल युग में यात्री शिप्रा की आरती करते फोटो का मोहसंवरण नहीं कर पाते हैं और तैयार हो जाते हैं।

धर्म नगरी की गरिमा आहत

सूरज के अस्त हो जाने के बाद शिप्रा की आरती को जब सुधी व समझदार सनातनी देखता है तो उसकी आस्था आहत होती है साथ ही पुरातन सप्तपुरियों में शुमार उज्जयिनी की गरिमा भी धूमिल होती है।

बुधवारिया हाट बाजार में बनेगा हॉकर्स जोन, 76 लाख से होगा शेड निर्माण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के फुटकर विक्रेताओं, हाथ ठेला व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 16 स्थित बुधवारिया हाट बाजार में हॉकर्स जोन विकसित किया जाएगा। रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस पर 76 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा और क्षेत्रीय पार्षद राजेश बाथम उपस्थित रहे।

महापौर टटवाल ने बताया कि हाट बाजार में शेड निर्माण से छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान मिलेगा। इससे उन्हें व्यवसाय करने में आसानी होगी और बाजार क्षेत्र में आवागमन भी सुगम होगा।

उन्होंने बताया कि लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हॉकर्स जोन की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही कार्यादेश जारी कर निर्माण शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, जितेंद्र कुवाल, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, सुगन बाबूलाल बाघेला, जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, पार्षद शिवेंद्र तिवारी, गब्बर भाटी, पंकज चौधरी, गजेंद्र हिरवे, मंडल अध्यक्ष करुणा आनंद जैन, मांगीलाल कड़ेल एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

इंदौर टी20 मैच से पहले गंभीर ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में खेले जाने वाले आगामी टी20 मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक रविवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां दोनों दिग्गजों ने बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई, विशेष पूजा-अर्चना की और आगामी मैचों में देश की जीत के साथ भारतीय टीम की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उज्जैन के स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया भी उनके साथ विशेष रूप से मौजूद रहे।

शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू, जगह-जगह विराजित हुईं मां भगवती

शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर माता जी की स्थापना की, देवी मंदिरों पर लगा श्रद्धालुओं का तांता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार से नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व शुरू हो गया है शहर में जगह-जगह शुभ मुहूर्त में घट स्थापना हुई सुबह से ही समितियां के पदाधिकारीयों ने शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर माता जी की स्थापना की सभी पंडाल में आकर्षक विद्युत साज भी की गई है तथा कई जगह गरबे के आयोजन भी किया जा रहे हैं रविवार सुबह से ही नवरात्रि को लेकर शहर में उत्सव का माहौल था ट्रैक्टर व मैजिक में माता रानी की प्रतिमा लेकर बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली। जिसमें श्रद्धालु नाचते गाते हुए माताजी को विराजित करने के लिए पंडाल तक लेकर पहुंचे। 9 दिनों तक शहर में गरबों की धूम मचेगी वहीं अनेकों कार्यक्रम होंगे जिसमें प्रतिदिन मां की आरती व अन्य आयोजन होंगे। त्याग, उपासना, व्रत का महापर्व शारदीय नवरात्रि महोत्सव रविवार से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर जहां घरों में देवी मां की प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। वहीं शहर में कई जगह आकर्षक लाइटिंग कर पंडाल सजाकर माताजी विराजित की गई।



मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा

रविवार की सुबह शहर के प्रमुख मंदिर मां हरसिद्धि माता, गढ़कालिका माता, भूखी माता, नगरकोट माता, चामुंडा माता, बिजासन माता आदि मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

मोरवाल मित्र मंडल एवं क्षेत्रवासियों ने किया नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के जन्मदिवस के पावन अवसर पर बड़नगर के गांधी चौक पर एक भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन संध्या और अभिनंदन समारोह में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी महिला और पुरुष उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष, कद्दावर नेता उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यनारायण पटेल, बदनावर विधायक भवरसिंह शेखावत और नागदा-खाचरौद के पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, महिदपुर के विधायक दिनेश जैन बॉस, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय राजपुर करणी सेना शिवप्रतापसिंह चौहान पिपलिहामा, हेमंत सिंह चौहान, विवेक यादव सहित कई प्रमुख अतिथिगण मौजूद रहे।

समारोह के दौरान मोरवाल मित्र मंडल एवं क्षेत्रवासियों की ओर से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन के माध्यम से पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया, वहीं तराजू में फलों के बराबर तौलकर उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि पूर्व विधायक मुरली मोरवाल पूरी तरह जनता को समर्पित होकर कार्य करते हैं और उन्होंने कहा कि आप ऐसे की जनता के बीच रहे हम आपके साथ पूरी तरह से खड़े हैं।





- इस अवसर पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी अतिथियों, क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास, जनसेवा और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि उनका पूरा जीवन जनता की सेवा और बड़नगर के विकास को समर्पित है।
- कार्यक्रम में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों ने मंच से अपने संबोधन में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास में उनके योगदान की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि मोरवाल हमेशा से जनता के सेवा कार्य में तत्पर रहे हैं।
- जन्मदिन के इस पावन उपलक्ष्य पर सुरों की मधुरता और भक्तिभाव से सजी भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायिका शहानाज अख्तर जी ने अपनी सुमधुर आवाज में एक से बढ़कर एक बेहतरीन भजन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी और उपस्थित जनसमूह ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में मोरवाल मित्र मंडल, विधानसभा क्षेत्र बड़नगर के समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार नाहर ने किया आभार पूर्व जिला युवा (कांगेस) ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल ने माना।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 12 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

इंदौर में 15 अक्टूबर को होगा युवा संगम रोजगार मेला

इंदौर। शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 15 अक्टूबर को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास, 10 पोलोग्राउंड, इंदौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया की जाएगी।

74 ग्रामों में 30 करोड़ 19 लाख से होंगे विभिन्न विकास कार्य

इंदौर। जिले की चार जनपद पंचायतों इंदौर, सांवेर, महू एवं देपालपुर के 74 ग्रामों में 30 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा इन कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि आश्रय निधि से गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास को गति मिलेगी। इसके अंतर्गत ड्रेनेज निर्माण, सामुदायिक भवन, सभागृह एवं शोकसभा शेड, मुक्तिधाम की बाउंड्रीवॉल एवं शेड निर्माण, श्मशान घाटों का सौंदर्यीकरण, स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका भवन एवं सह-प्रशिक्षण केंद्र, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन शेड, पंचायत भवनों में सौर विद्युतीकरण तथा व्यायामशाला एवं खेलकूद संबंधी कार्य कराए जाएंगे।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, उनकी प्रसव पूर्व जांच, सुरक्षित प्रसव तथा जच्चा-बच्चा के टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। श्री वर्मा ने गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । बैठक में निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी है । इसी सिलसिले में आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर मिठाई, नमकीन, मावा, घी, खाद्य तेल एवं अन्य त्योहारी खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच अभियान चलाया जाएगा । संदिग्ध एवं अमानक खाद्य पदार्थ पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, हॉस्टल आदि के किचनो में शुद्धता, स्वच्छता और मानक स्तर की सुविधाओं तथा खाद्य सामग्रियों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के किचन में भी भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई, खाद्य नमूनों की जांच, न्यायालयीन प्रकरणों, जन-जागरूकता कार्यक्रमों तथा आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई।

नैनो न्यूज

- **देवासः दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई-** सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए देवास के नागधम्मन नाले का निरीक्षण किया गया। दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की तैयारी है।
- **शाजापुरः कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा-** शाजापुर जिले के खेतों में घूम रहे 97 कृष्णमृगों को वन विभाग ने रेस्क्यू किया। अभियान के तहत वन्यजीवों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान भेजने की व्यवस्था की गई।
- **सुसनेरः नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा समर्थक जीते-** आगर-मालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा समर्थक प्रदीप सोनी ने जीत दर्ज की। परिणाम से स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव आया।
- **आगर मालवाः नवरात्रि में दर्शन व्यवस्था बदलेगी-** नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में नवरात्रि के दौरान वीआईपी दर्शन और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें और सुरक्षा व्यवस्था बनाई जाएगी।
- **रतलामः चोरी के मामलों में आभूषण बरामद-** रतलाम पुलिस ने चोरी के कई मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 1.24 किलोग्राम सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अंतिम समय में शामिल नहीं होने की भी चर्चा

इंदौर में न्यूज पिंच के जेन जी पिंच शो की उपस्थिति पर उठे सवाल

ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शनिवार दोपहर हुआ आयोजन चर्चा में, आयोजक अभिनव पांडे को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शनिवार दोपहर आयोजित न्यूज पिंच के जेन जी पिंच शो को लेकर अब चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कार्यक्रम की उपस्थिति, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इसमें शामिल नहीं होने और आयोजन में सरकार की कथित भागीदारी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी आयोजन और इसके आयोजक अभिनव पांडे को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने की बात कही जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर किए जा रहे दावों के अनुसार, आयोजन स्थल पर आधे से अधिक कुर्सियां खाली थीं। इस दावे के सामने आने के बाद कार्यक्रम में दर्शकों की वास्तविक संख्या और आयोजन के प्रति लोगों की रुचि को लेकर चर्चा शुरू हुई। हालांकि, कार्यक्रम में कुल कितने लोगों ने भाग लिया, हॉल की क्षमता कितनी थी और आयोजन के दौरान अलग-अलग समय पर कितनी उपस्थिति रही, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कार्यक्रम को लेकर दूसरी प्रमुख चर्चा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कथित अनुपस्थिति को लेकर है। दावों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के अंतिम समय में कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की बात सामने आई। हालांकि, उनके कार्यक्रम में नहीं पहुंचने का आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं है।

सोशल मीडिया पर आयोजक को लेकर प्रतिक्रियाएं

कार्यक्रम के बाद आयोजक अभिनव पांडे को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना और ट्रोलिंग किए जाने के दावे भी सामने आए हैं। हालांकि, इन प्रतिक्रियाओं की व्यापकता और उनके पीछे के कारणों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर होने वाली आलोचना अपने आप में किसी आयोजन की वास्तविक सफलता या विफलता का अंतिम पैमाना नहीं मानी जा सकती।

फिलहाल जेन जी पिंच शो को लेकर उठे सवालों के बीच कार्यक्रम की वास्तविक उपस्थिति, मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण और सरकार की कथित भागीदारी जैसे बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। आयोजकों और संबंधित सरकारी पक्ष का आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आने के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

सरकारी भागीदारी को लेकर सवाल

आयोजन में सरकार की भूमिका को लेकर भी कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं। चर्चा इस बात पर केंद्रित है कि कार्यक्रम के आयोजन में सरकारी स्तर पर किस तरह का सहयोग मिला था और उसकी प्रकृति क्या थी। हालांकि, सरकारी सहयोग, वित्तीय सहायता या अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आरोपों की पुष्टि करने वाले दस्तावेज अथवा आधिकारिक बयान सामने नहीं आए हैं। इसलिए इस पहलू पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले संबंधित पक्षों का पक्ष जानना जरूरी है।

कमजोर इलाकों में संगठन की पकड़ मजबूत करने की तैयारी, प्रभारी देव करेंगे क्षेत्रवार दौरे

भाजपा बदलेगी फील्ड स्ट्रेटेजी, संगठन की कमजोरी पर फोकस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश भाजपा अब सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय होने के बजाय कमजोर विधानसभा क्षेत्रों में संगठन की पकड़ लगातार मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में हारी 66 सीटों के अलावा पांच हजार से कम मतों के अंतर से जीती सीटों को भी निगरानी के दायरे में रखा है। इन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग संगठनात्मक रणनीति तैयार की जा रही है। प्रदेश भाजपा के नए प्रभारी बिप्लब कुमार देव के अगले प्रवास को इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक विदेश प्रवास से लौटने के बाद देव नवरात्रि में मध्यप्रदेश आएंगे और कमजोर क्षेत्रों में संगठन की स्थिति का सीधे जायजा ले सकते हैं। उनका फोकस भोपाल में बैठकों के बजाय क्षेत्रीय प्रवास और स्थानीय कार्यकताओं से संवाद पर रहेगा।

क्षेत्रवार समस्याओं के आधार

हाल की संगठनात्मक बैठकों में उन विधानसभा क्षेत्रों की स्थिति पर मंथन किया गया, जहां भाजपा चुनाव हार गई थी या बेहद कम अंतर से जीत हासिल कर सकी थी। अब इन क्षेत्रों में केवल चुनावी समीकरण नहीं, बल्कि बूथ स्तर के संगठन, स्थानीय नेतृत्व, कार्यकताओं की सक्रियता और जनता से संपर्क की स्थिति का आकलन किया जाएगा। पार्टी स्तर पर माना जा रहा है कि कमजोर सीटों पर एक जैसी रणनीति लागू करने के बजाय क्षेत्रवार समस्याओं के आधार पर अलग प्लान तैयार करना होगा। इसके लिए स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं से फीडबैक लिया जाएगा।

गुटबाजी वाले क्षेत्रों की बनेगी अलग रिपोर्ट

संगठन के सामने एक बड़ी चुनौती स्थानीय नेताओं के बीच आपसी खींचतान की भी है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश प्रभारी ने ऐसे नेताओं की क्षेत्रवार सूची मांगी है, जिनके बीच वर्चस्व को लेकर मतभेद हैं। इन नेताओं से अलग-अलग स्तर पर चर्चा कर विवाद सुलझाने की कोशिश की जाएगी। यदि बातचीत के बावजूद संगठनात्मक टकराव जारी रहता है तो संबंधित नेताओं की भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर पार्टी स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है। इसका उद्देश्य कमजोर क्षेत्रों में नेतृत्व के बीच समन्वय बढ़ाना और कार्यकर्ताओं तक स्पष्ट संदेश पहुंचाना है। प्रदेश भाजपा की मौजूदा टीम में ऐसे पदाधिकारियों की भूमिका की भी समीक्षा होने की संभावना है, जो निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के कारण संगठन को अपेक्षित समय नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में कुछ पदों पर बदलाव कर युवाओं को जिम्मेदारी देने पर विचार हो सकता है। इस संबंध में प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव की प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ चर्चा प्रस्तावित बताई जा रही है। पार्टी की रणनीति में आदिवासी बहुल विधानसभा क्षेत्रों को भी प्राथमिकता मिलने के संकेत हैं। इन क्षेत्रों में वरिष्ठ नेताओं के प्रवास बढ़ाने के साथ संगठन से जुड़े प्रभावी नेताओं को भी सक्रिय किया जा सकता है। मकसद स्थानीय स्तर पर संगठन का नेटवर्क मजबूत करना और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बढ़ाना है।

हर दो माह में मोर्चा-प्रकोष्ठों की समीक्षा

भाजपा के मोर्चा और प्रकोष्ठों की गतिविधियों की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत करीब हर दो महीने में इनके कामकाज का आकलन होगा। पार्टी का जोर यह सुनिश्चित करने पर है कि संगठनात्मक गतिविधियां केवल चुनाव के समय तक सीमित न रहें और अलग-अलग मोर्चों के पदाधिकारी लगातार जनता के बीच सक्रिय रहें। नवरात्रि के दौरान प्रदेश भाजपा के कोर ग्रुप में विस्तार या फेरबदल की संभावना भी जताई जा रही है। इसमें कुछ मौजूदा सदस्यों को हटाकर नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। चुनावी रणनीति, संगठनात्मक अनुभव और प्रशासनिक मामलों की समझ रखने वाले नेताओं को इसमें स्थान दिए जाने की चर्चा है।

खिलाड़ियों ने दिखाए खेल के जौहर

माधव महाविद्यालय उज्जैन द्वारा जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खिलाड़ी को खेल मैदान पर अनुशासन का पालन करना चाहिए । जो महत्वपूर्ण है वह है खेल भावना। इसका का पालन किया जाना चाहिए । ये उद्गार उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय पुरुष/महिला जूडो प्रतियोगिता का माधव महाविद्यालय में शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना वीरेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए । महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी श्री नवीन कोरट के प्रयासों से आयोजित जिला स्तरीय जूडो पुरुष/महिला प्रतियोगिता में जिले के खिलाडियों ने भाग लिया । इस अवसर पर वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार कौरव ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आनंद लाते हैं और इनसे अनुशासन की भावना होती है । शासकीय विधि महाविद्यालय के श्री प्रशान्त सूर्यवंशी, माधव महाविद्यालय के प्रो मोहन मुझाल्दा, प्रो मोहित पांचाल और प्रो राधेश्याम भील मौजूद रहे । सम्भाग स्तरीय जूडो पुरुष/ महिला प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।

दिल्ली के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बंगला साहिब में पुलिस की एंट्री कड़ा विरोध

दिल्ली प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार माफी मांगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिल्ली के ऐतिहासिक एवं पवित्र गुरुद्वारा बंगला साहिब में पुलिसकर्मियों के कथित तौर पर नंगे सिर और हाथों में डंडे लेकर प्रवेश करने की घटना पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए केंद्र की भाजपा सरकार से सिख समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

सच सलूजा ने कहा कि सरकार छात्रों के प्रदर्शन को कुचलने के प्रयास में गुरुद्वारा साहिब तक कैसे पहुंच गई? सिख समाज के लिए केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, सेवा, समानता और मानवता का पवित्र केंद्र है। ऐसे पवित्र स्थान पर प्रवेश करते समय सिख मयार्दाओं, धार्मिक भावनाओं और परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए। पुलिसकर्मी नंगे सिर और हाथों में डंडे लेकर गुरुद्वारा परिसर में दाखिल हुए हैं, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए ओर कहा की आखिर ये सरकारें सिक्खों की भावनाओं को लगातार आहत क्यों कर रही हे यह भी एक चिंतनीय विषय है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि राजधानी दिल्ली के पवित्र धार्मिक स्थल पर ऐसी स्थिति क्यों बनी और धार्मिक मयार्दाओं के पालन को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए। सरकार केवल औपचारिक बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

घटना को गंभीरता से लें सिख संगत

सिख संगत की भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार को सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करना चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। सच सलूजा ने देश-विदेश की सिख संगत से अपील की कि इस घटना को गंभीरता से लें, तथ्यों की जानकारी प्राप्त करें और अपने धार्मिक सम्मान एवं मयार्दाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तथा शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि विरोध का रास्ता संविधानसम्मत होना चाहिए, लेकिन धार्मिक आस्था और सम्मान से जुड़े सवालों पर समाज की एकजुट आवाज लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है।

नवरात्रि के पहले दिन सेवा भारती ने कराया कन्या भोज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेवा भारती उज्जैन की ओर से नवरात्रि के पहले दिन कन्या पूजन और भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया। फ्रीगंज स्थित तंबाकू बाजार में आयोजित 24वें कार्यक्रम में शहरभर से 700 से अधिक बालिकाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

आयोजन का मुख्य आकर्षण माता के विभिन्न स्वरूपों की वेशभूषा में सजी नन्हीं कन्याएं रहीं। उनके आकर्षक स्वरूपों ने कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आराधना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु घोष, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह सेवा प्रमुख शैलेंद्र सोनी और सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. सुनील खत्री उपस्थित रहे। अतिथियों ने कन्याओं के चरण पखारकर उनका पूजन-अर्चन किया और उन्हें ससम्मान भोजन कराया। इसके बाद सभी बालिकाओं को उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती के कार्यकताओं और मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में कीर्ति शर्मा, आशा श्रीवास्तव, कृष्ण चित्तौड़, उषा बगोदिया, माया शर्मा और पिंकी सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

सिंहस्थ-2028 की सड़कों और निर्माण कार्यों पर उमंग सिंघार बोले-

उज्जैन में जमीनों के दाम बढ़ाने के लिए बन रही सड़कें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शनिवार शाम उज्जैन पहुंचे। कोठी रोड स्थित तरणताल चौराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में हो रहे सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि सिंहस्थ की तैयारियों के नाम पर बनाई जा रही सड़कों का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा से अधिक जमीनों की कीमत बढ़ाना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लोगों के मकान तोड़े जाने के मुद्दे को भी उठाया।

उमंग सिंघार ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन में बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरकार इन कार्यों को सिंहस्थ की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा से जोड़ रही है, लेकिन इनकी वास्तविक जरूरत, उद्देश्य और लाभ को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सड़कों का निर्माण जमीनों के दाम बढ़ाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है।

मकान तोड़े जाने का मुद्दा भी उठाया

सिंघार ने निर्माण कार्यों के दौरान लोगों के मकान तोड़े जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने इस मुद्दे को आम लोगों के हितों से जोड़ते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। सड़क चौड़ीकरण और सिंहस्थ से जुड़ी परियोजनाओं के लिए प्रभावित होने वाले परिवारों के पुनर्वास, मुआवजे और कार्रवाई की पारदर्शिता जैसे मुद्दे भी इस बहस के केंद्र में हैं।

बोले- समय आने पर कराएंगे जांच- उमंग सिंघार ने चेतावनी दी कि समय आने पर निर्माण कार्यों की जांच कराई जाएगी और गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उनके इस बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति अपना रही है।

करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा पर ध्यान देने की बात- नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सिंहस्थ उज्जैन का बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्थाएं करनी चाहिए, जिनसे श्रद्धालुओं को आवागमन और अन्य सुविधाओं में परेशानी न हो। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता रखने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उमंग सिंघार के आरोपों ने विकास कार्यों की उपयोगिता, निर्माण की गुणवत्ता और आम नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर राजनीतिक बहस तेज करने का संकेत दिया है। अब इन आरोपों पर प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होगी।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए घटिया निर्माण होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर यदि जनता के धन का उपयोग किया जा रहा है, तो निर्माण की गुणवत्ता और खर्च की पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में देशभर से करोड़ों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए सड़क, यातायात और अन्य बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना जरूरी है। ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों की जांच और कार्यों की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

सिंघार के इस बयान ने सिंहस्थ की तैयारियों के बीच सड़क निर्माण, भूमि के मूल्य और विकास कार्यों के लाभार्थियों को लेकर राजनीतिक बहस को नया मुद्दा दिया है। हालांकि, जमीनों की कीमत बढ़ाने के उद्देश्य से सड़कें बनाए जाने के आरोपों के समर्थन में उन्होंने मीडिया चर्चा के दौरान कौन-से विशिष्ट दस्तावेज या उदाहरण प्रस्तुत किए, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पत्रकारों ने समारोह आयोजित कर किया सम्मान

पुलिस का काम समाज को अपराधमुक्त रखना-जेरेपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

समाज का कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता, बल्कि अपराध तब पनपता है, जब समाज उसकी अनदेखी करता है। पुलिस का प्रमुख दायित्व अपराधों पर नियंत्रण करना और समाज में भयमुक्त वातावरण स्थापित करना है। यह बात प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी/महिदपुर एसडीओपी जेडेन लिंग जेरेपा ने आंचलिक पत्रकार संघ महिदपुर रोज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किये। एसडीओपी जेरेपा का हाल ही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर ग्वालियर में पदोन्नति हुई है।

समारोह की अध्यक्षता विधायक दिनेश जैन बोस ने की। विधायक जैन ने अपने उद्बोधन में जेरेपा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि एक वर्ष के अल्प कार्यकाल में आपने आम लोगों का पुलिस प्रशासन के प्रति वि श्वास मजबूत करने तथा क्षैत्र में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक ने कहा पुलिस और पत्रकार दोनों का उद्देश्य समाज की बुराइयों को दूर करना तथा एक सभ्य एवं समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने पुलिस और पत्रकारिता के बीच बेहतर समन्वय को समाजहित के लिए आवश्यक बताया। समारोह में संत कालिकानंद महाराज, मुख्य उप जेल अधीक्षक मनोहर बारसेकर, महिदपुर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, आंचलिक पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राम जैन रामसना तथा गोगापुर पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने जेरेपा के कार्यकाल की सराहना कर शुभकामनाएं दीं।

न्यूज कालम



प्रतिभाओं के रंग, संस्कृति की छटा और सहभोज का संगम, अग्रसेन जयंती मनाई

सनावद। कहीं नन्हे बच्चों की मनमोहक अदाएं, कहीं युवाओं का जोश तो कहीं महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के चौथे दिन 10 अक्टूबर को सनावद में उत्सव का माहौल छाया रहा। अग्रवाल समाज एवं महिला मंडल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बनाया। महोत्सव में उम्र के हर पड़ाव के लिए गतिविधियां रखी गईं। तीन वर्ष तक और तीन से छह वर्ष के बच्चों ने वेशभूषा, वस्तु पहचान, संगीत पर खेल, कविता और बालगीतों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं छह से दस वर्ष और दस से अठारह वर्ष के प्रतिभागियों ने स्मरण शक्ति खेल, नृत्य, सर्कल टैप और हॉकी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। बड़ों और दंपतियों के लिए भी कुर्सी दौड़ तथा युगल खेल आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बना और उपस्थित लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण महिला मंडल की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने नृत्य और कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह और उल्लास के रंग भर दिए।

धर्म संस्कारों की ओर बढ़ते नन्हे कदम, जैन पाठशाला के बच्चों ने किया सामूहिक पूजन



सनावद। धर्म और संस्कारों की सीख अब नई पीढ़ी में भी दिखाई देने लगी है। सनावद में नवरात्रि के पहले दिन जैन पाठशाला के नन्हे बच्चों ने सामूहिक पूजन कर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था और उत्साह का परिचय दिया। सन्मति जैन काका ने बताया कि वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न श्री वर्धमान सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित आचार्य श्री वर्धमान सागर रात्रि पाठशाला के बच्चों ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में प्रातः भगवान का पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद प्रशांत चौधरी के निर्देशन में संगीतमय सामूहिक पूजन की विधि समझाई गई और बच्चों ने सहभागिता की। इस आयोजन के पुण्यार्जक पवन कुमार, मयंक एवं हितार्थ धनोते परिवार रहे। पूजन के बाद विधान, भाविक एवं नितिन जैन परिवार की ओर से बच्चों को प्रभावना वितरित की गई। धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला रात में भी जारी रहा। पाठशाला के बच्चों ने श्री आदिनाथ छोटा जैन मंदिर में सामूहिक आरती की और धर्म चर्चा में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में जैन धर्म के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ धार्मिक संस्कारों को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर प्रज्ञा धनोते, प्रियंका पंचोलिया, महिमा जैन, ऋतु जैन, वर्षा जैन, रानू जैन, वंदना जैन, हेमंत काका, सोनू जैन, राजेश जटाले, अनुभव जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय नवरात्रि आराधना का शंखनाद, सम्मेद शिखर मंडल विधान से हुआ शुभारंभ



सनावद। पोदनपुरम जैन तीर्थ में नौ दिवसीय नवरात्रि विधान आराधना का शुभारंभ धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण में सम्मेद शिखर मंडल विधान के साथ हुआ। पहले दिन भगवान के पंचामृत अभिषेक, वृहद शांतिधारा और विशेष पूजन में समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। सन्मति जैन काका ने बताया कि आश्विन सुदी एकम पर प्रातःकाल श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के बाद सम्मेद शिखर मंडल विधान रचाया गया। इसमें सम्मेद शिखरजी की 24 टोंकों के अर्घ्य समर्पित किए गए। विधान करने का सौभाग्य श्रीमती खुशकंवर बाई एवं सुरेश कुमार पांड्या के अमर ज्योति बस परिवार को प्राप्त हुआ। क्षेत्र ट्रस्टी वारिश जैन ने नवरात्रि विधान की धार्मिक महत्ता बताते हुए कहा कि जैन परंपरा में चक्रवर्ती भरत स्वामी की नौ दिवसीय विधान आराधना का विशेष उल्लेख मिलता है। इसी परंपरा के अनुरूप इन नौ दिनों में प्रभु भक्ति, मंडल विधान और पूजन के माध्यम से धर्म आराधना की जाती है। उन्होंने प्रत्येक अर्घ्य के महत्व और विधान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों से धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने का आह्वान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शनि अमावस्या पर प्राचीन शनि मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, तेल से किया शनिदेव का अभिषेक

खंडवा। भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या का पर्व धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने शनिदेव के दर्शन कर अपने हाथों से प्रतिमा का तेल से अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या और शनिवार के साथ एक और दुर्लभ योग बना की आज ही के दिन मोक्षदायिनी अमावस्या का संयोग होने से पर्व का विशेष धार्मिक महत्व रहा। मंदिर में सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं के लिए अभिषेक और दर्शन की व्यवस्था की गई थी। दिनभर परिवार सहित पहुंचे भक्तों ने शनिदेव की पूजा-अर्चना की। दोपहर 12.30 बजे शनिदेव का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद आरती हुई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। रात्रि 8 बजे भी श्रृंगार आरती आयोजित हुई, मंदिर में श्रद्धालुओं ने शनिदेव के समक्ष शीश नवाकर सुख-शांति और परिवार के कल्याण की कामना की। मंदिर के पुजारी पंडित सोनू सचिन महाराज शर्मा ने बताया कि शनि की महादशा, अंतर्दशा, प्रत्यंतर दशा, साढ़ेसाती या ढैया से प्रभावित माने जाने वाले श्रद्धालुओं ने भी मंदिर पहुंचकर शनिदेव की पूजा-अर्चना की।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बोरसल में सुनी किसानों की समस्या

कृषि पंपों के बिजली बिलों में तकनीकी विसंगति सुधारने के लिए अधीक्षण यंत्री को दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



क्षेत्र के अन्नदाताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहने वाले सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने ग्राम बोरसल पहुंचकर बिजली बिलों की विसंगति को लेकर किसानों से सीधा संवाद किया। कृषि पंपों की वास्तविक क्षमता से अधिक हॉर्स पावर दर्ज होने के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत लेकर ग्रामीणों ने सांसद से संपर्क किया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सांसद शनिवार को स्वयं गांव पहुंचे और किसानों की पूरी बात सुनी।

तकनीकी विसंगति में हो सुधार

किसानों ने बताया कि बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान मैदानी अमले द्वारा मोटरों की क्षमता के आकलन में चूक की गई है। खेतों में स्थापित 5 एचपी की मोटर पर 7.5 एचपी और 10 एचपी की मोटर पर 12.5 से लेकर 16 एचपी तक के काल्पनिक लोड के आधार पर अधिक बिल जारी किए जा रहे हैं। इससे अन्नदाताओं पर अनावश्यक अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों ने वास्तविक लोड के अनुसार न्यायसंगत बिलिंग सुनिश्चित कराने की मांग रखी।

जहां से भी शिकायत आ रही है वहां भेजें टीम

सांसद ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री के.एस. मालवीय से फोन पर चर्चा की। उन्होंने इस मैदानी लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि जिन गांवों से भी इस तरह की शिकायत आ रही है, वहां विभाग तकनीकी टीम भेजे। सभी प्रभावित कृषि पंपों की हॉर्स पावर की मौके पर निष्पक्ष तकनीकी जांच की जाए और शिकायतों का त्वरित परीक्षण हो। सांसद ने कहा कि जांच में जो भी बिलिंग संबंधी मानवीय या तकनीकी त्रुटि सामने आती है, उसे नियमानुसार तुरंत सुधारा जाए और किसानों को तत्काल राहत दी जाए।

अन्नदाताओं का हित सर्वोपरि

ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सांसद पाटील ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार किसानों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अन्नदाताओं के हितों के साथ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों या कर्मचारियों की किसी भी तरह की लापरवाही या तकनीकी खामी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित किसान की समस्या का समाधान कराया जाएगा और वास्तविक लोड के आधार पर ही पारदर्शी बिलिंग सुनिश्चित होगी। इस दौरान भागवत शिंदे, युवराज पाटील, गजानन पाटील, भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर शाह, पूर्व महापौर अनिल भाऊ भोसले, सुरेश चौधरी, अरुण चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

देव श्री नमकीन से लेकर मिठाई खाकर बिनोली के मासूम की मौत, दंपति बीमार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



रिंगनोद थाने के बिनोली ग्राम के निवासी ने जावरा के स्थित पुरानी धान मंडी स्थित देव श्री नमकीन दुकान से मिठाई खरीदी और गांव में रात्रि में मिठाई का सेवन करने के पश्चात एक ही परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए ।उल्टी दस्त की शिकायत पर परिजनों ने गांव के ही समीप रोजाना एवं जावरा के निजी डॉक्टर से इलाज करवाया फिर मंदसौर में भी निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान 3 वर्षीय बालक आयरन गोस्वामी की मौत हो गई । घटना से आक्रोशित परिजनों ने शनिवार शाम को मिठाई दुकान पर जमकर हंगामा किया। एक युवक ने तो बाइक को दुकान के काउंटर में घुसा कर कांच फोड दिया। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत करवाया। पीड़ित परिवार के गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि 8 अक्टूबर को मजदूरी करने के पश्चात जितेन गोस्वामी व उनकी पत्नी के साथ मिठाई खरीद कर गांव बनौली गए और रात्रि में परिजनों ने मिठाई खाई इसके पश्चात ही इन्हें उल्टियां दस्त शुरू हो गए। इलाज करवाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और मंदसौर में इलाज के दौरान मासूम बालक की मौत हो गई। परिजन जब बची हुई मिठाई लेकर दुकानदार के पास पहुंचे तो उसने इन्हें 1500 रूपए इलाज के लिए देकर बची हुई मिठाई वापस ले ली तथा दुकान से भी सभी मिठाई हटा दी । रिंगनोद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद देखेंगे बताया वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल ने मिठाई दुकान से मिठाई एवं से नमकीन के सैंपल लिए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा गया।

जन अभियान परिषद ने सैनिकों व पूर्व सैनिकों के परिजनों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम रोजाना में सैनिकों, पूर्व सैनिकों के अभिभावकों का सम्मान, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत च्सेवा मेरा योगदानज कार्यक्रम के तहत ग्राम रोजाना में सैनिक सम्मान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिजनों एवं अभिभावकों का सम्मान कर राष्ट्रसेवा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त आर्मी हवलदार विक्रम राव, सैनिक अर्जुन पाटीदार ,सैनिक समरथ पाटीदार के बड़े भाई कचरू लाल पाटीदार तथा सैनिक धर्मेन्द्र प्रजापत के पिता बाबूलाल प्रजापत का सम्मान किया गया।

विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने कहा कि सैनिकों का सम्मान देश की रक्षा के लिए समर्पित जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। सैनिक अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, उनके परिवार भी त्याग, धैर्य और समर्पण के साथ उनका सहयोग करते हैं।इस अवसर पर सैनिकों के परिवारों के त्याग, समर्पण और सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। सैनिकों के अभिभावक भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अपने पुत्रों को देशसेवा के लिए प्रेरित किया और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित होने का अवसर दिया। ऐसे आयोजन युवाओं में देशप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी आवश्यक है। इस दौरान उपस्थितजनों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

सीआरपीएफ नीमच में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

नीमच। ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच में मध्य प्रदेश सेक्टर, सीआरपीएफ भोपाल के अधीनस्थ प्रशासनिक एवं परिचालनिक बटालियनों व कार्यालयों के बीच आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का 8 अक्टूबर को समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर से किया गया था। प्रतियोगिता में ग्रुप केंद्र नीमच, भोपाल एवं ग्वालियर सहित विभिन्न बटालियनों के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कार्मिकों में शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक दृढ़ता, सहनशक्ति एवं खेल भावना को बढ़ावा देना रहा। अंतिम मुकाबला 41 बटालियन और 148 बटालियन के बीच हुआ, जिसमें 148 बटालियन की टीम विजेता तथा 41 बटालियन की टीम उपविजेता रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 148 बटालियन के सिपाही/आर्मोर रिचपाल सिंह राठौड़ को बेस्ट रेडर तथा 41 बटालियन के सिपाही/जीडी दिनेश सिंह को बेस्ट डिफेंडर घोषित किया गया।

नेपा लिमिटेड में शारदीय नवरात्रि का भव्य आगाज, माँ दुर्गा की प्रतिमा विधि-विधान से स्थापित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नेपा लिमिटेड की श्री गणेश एवं श्री दुर्गा उत्सव समिति ने पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम में माँ दुर्गा की प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना कर उत्सव का शुभारंभ किया। इस वर्ष पश्चिम बंगाल के कुशल मूर्तिकार द्वारा निर्मित पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमा लाई गई है, जिसकी स्थापना के साथ ही स्टेडियम परिसर भक्ति भाव से गूंज उठा। नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक राम अलगेसन ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर माँ जगदम्बा से नगरवासियों और नेपा परिवार के सभी सदस्यों के सुख, समृद्धि, शांति एवं सर्वमंगल की कामना की। अवसर पर ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के देवेंद्र महोबे, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, उत्सव समिति के पदाधिकारी देवेंद्र कुमार पाण्डेय सहित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालु उपस्थित रहे। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। स्टेडियम मैदान पर झूले, खिलौनों और विविध दुकानों की सजावट की गई है। अगले 10 दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भजन संध्या, गरबा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेला का आयोजन होगा, जिसमें नगरवासी और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।



बुरहानपुर के ग्राम खामनी में मां वैष्णोदेवी धाम के दर्शन शुरू

बुरहानपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम खामनी में कटरा स्थित मां वैष्णोदेवी धाम की भव्य प्रतिकृति साकार हो चुकी है और श्रद्धालुओं के लिए माता रानी के दर्शन प्रारंभ हो गए हैं। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दी) ने 11 अक्टूबर को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 11 से 25 अक्टूबर तक 15 दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। लगभग 3 से 4 किलोमीटर की परिधि में पर्वतीय वातावरण और वैष्णोदेवी यात्रा जैसा दिव्य स्वरूप निर्मित किया गया है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खामनी में ही मां वैष्णोदेवी की यात्रा के विभिन्न पड़ावों के दर्शन एवं आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर मिल रहा है। आयोजन मार्ग पर बाण गंगा, चरण पादुका, गर्भ गुफा, अर्धकुवारी, मां वैष्णोदेवी भवन एवं भैरव बाबा मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक पड़ावों का स्वरूप तैयार किया गया है। इन स्थलों के माध्यम से श्रद्धालु वैष्णोदेवी यात्रा जैसी अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं।

वृद्धजन सम्मान के साथ लायन्स सेवा सप्ताह का गरिमामय समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

लायन्स क्लब खंडवा द्वारा 'लायन्स सेवा सप्ताह' का भव्य समापन स्थानीय दिव्यांग छात्रावास में वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम के साथ हुआ। माइक्रो केबिनेट के इमेज बिल्डिंग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन लायन नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गरिमामय आयोजन जोन चेयरपर्सन आशा उपाध्याय एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ राजीव मालवीय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव हेमलता पालीवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, सेवा सप्ताह संयोजक प्रमोद पुरी, लियो अध्यक्ष अभिशु शर्मा, सचिव शिवम जायसवाल, अध्यक्ष पवन जायसवाल तथा सेवा सप्ताह संयोजक अर्पित बाहेती व सुमित परिहार ने किया। सेवा सप्ताह के समापन पर समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

इसके अंतर्गत प्रबुद्ध समाजसेवी श्रीमती मधुकांता खंडेलवाल, राधाबाई वासवानी, कुसुमबाई, लायन्स भोजन सेवा केंद्र के संस्थापक चेयरमैन व समाजसेवी दौलतसिंह जायसवाल, ममता जायसवाल व जगन्नाथ जी का दिव्यांग छात्रावास परिसर में शॉल-श्रीफल से आत्मीय सम्मान किया गया।

इसके साथ ही, स्वास्थ्य या अन्य कारणों से अनुपस्थित रहे शहर के अन्य 15 वृद्धजनों का सम्मान लायन्स क्लब की टीम ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शाल,श्रीफल ,माला व सम्मानपत्र से सम्मान किया गया।



अवैध गांजे की खेती एवं गांजे की जब्ती के दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई

आलीराजपुर। पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेशस्तर पर नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत आलीराजपुर पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों की लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में थाना आंबुआ क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर 4 थानों की पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए तथा गांजे के पौधे एवं गांजा जब्त किया गया। द्वितीय खेत से 930 पौधे (कुल 549 किलोग्राम वजनी) पाये गये एवं आरोपी जगन पिता गुलसिंह निवासी छोटा इटारा को अभिरक्षा में लिया गया।अपराध क्रमांक 300/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

नगर में धूमधाम से हुई घट स्थापना, करीब 10 स्थानों पर सजेंगे दुर्गा पंडाल



बाग। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के शुभारंभ पर नगर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। आज विधि-विधान के साथ घट स्थापना कर मां दुर्गा की प्रतिमाएं ढोल-ताशों की गूंज के बीच धूमधाम से विराजित की गईं। नगर में करीब 10 स्थानों पर दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं, जहां नवरात्रि के दौरान गरबा उत्सव का आयोजन होगा।

विभिन्न उत्सव समितियों द्वारा आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और गरबा उत्सव से नगर का वातावरण भक्तिमय रहेगा। वहीं, नगर के प्राचीन तीर्थ स्थल मां बागेश्वरी देवी मंदिर में भी नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यहां नौ दिनों तक सुबह 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक भक्त माता के दर्शन कर सकेंगे।

इस दौरान मां का विशेष श्रृंगार, चोला दर्शन और महाप्रसादी का वितरण भी होगा। नवरात्रि पर्व को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह है और भक्त माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

भादवामाता मंदिर विकास को मिलेगी गति, 5 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



नवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के प्रमुख आस्था के केंद्र श्री भादवामाता मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर परिसर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा चरणबद्ध एवं सुनियोजित रूप से विभिन्न निर्माण एवं उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

हाल ही में भादवामाता मंदिर विकास के लिए आयुक्त उज्जैन संभाग द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये के विभिन्न कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें दुकानों का आधुनिकीकरण, सावन रोड पर वाहन पार्किंग, लैंडस्केपिंग, सीसीटीवी एवं स्क्रीन सहित अन्य कार्य शामिल हैं। स्वीकृत कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे।

शिखर एवं गर्भगृह निर्माण, लोक परिसर एवं अन्य विकास कार्यों के प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किए गए हैं। वर्तमान में 13.90 करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्य प्रचलित हैं, जिनमें– मुख्य मंदिर के सामने हॉल निर्माण। मंदिर के प्रवेश द्वार एवं बाईं ओर पाथवे निर्माण। विश्रांति भवन-१ एवं कॉरिडोर निर्माण कार्य।

इनमें नवीन प्रसादालय, सत्संग भवन, श्रद्धा भवन एवं नवीन प्रसादालय पर 85 किलोवाट रूफटॉप सोलर पैनल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही बस स्टैंड से पिपलिया रावजी रोड तक सीसी रोड एवं दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। भादवामाता मंदिर परिसर के विकास की यह कार्ययोजना मंदिर की धार्मिक गरिमा के अनुरूप आधुनिक एवं आवश्यक सुविधाओं के विकास पर केंद्रित है। निमार्णाधीन कार्यों के साथ प्रस्तावित शिखर एवं गर्भगृह निर्माण, लोक परिसर एवं अन्य कार्यों को भी स्वीकृति प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। इस प्रकार भादवामाता मंदिर परिसर के विकास कार्यों को योजनाबद्ध, चरणबद्ध एवं समग्र रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

न्यूज -कॉलम

रणकेश्वर मंदिर में मिला महिला का गुम हुआ मोबाइल



उज्जैन। प्रेम एवेन्यू में रहने वाली रितिका पति राकेश नैनानी घर से निकली थी, वह एमआर-5 मार्ग रणकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां से वापस लौटी तो उसका मोबाइल गायब हो चुका था। वह चिमनगंज थाने पहुंची और 25 हजार कीमत का मोबाइल गुम होने की शिकायत की उसके आंखों से आंसू झलकने लगे थे। एसआई दिनेश भट्ट ने महिला की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया और आरक्षक आनंद मिश्रा के साथ जगदीश गोयल को मोबाइल की तलाश के निर्देश दिये। आरक्षकों ने लोकेशन ट्रेस की और 20 मिनट बाद रणकेश्वर महादेव मंदिर पहुंच गई। जहां एक महिला के पास उक्त मोबाइल मिल गया। महिला ने बताया कि किसी को मोबाइल मंदिर में छूट गया था। पुलिस ने मोबाइल रितिका नैनानी का होने पर उसे बरामद किया और थाने आकर वापस लौटा दिया। मोबाइल मिलने पर रितिका की आंख से झलकते आंसू मुस्कान में बदल गये थे। उसके द्वारा तत्काल मोबाइल खोज निकालने पर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

क्षिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

उज्जैन। क्षिप्रा नदी से रविवार सुबह एक युवक की लाश मिलना सामने आया है। युवक नहाने के दौरान डूबा था। पुलिस द्वारा उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। युवक ग्राम करेली राजगढ का रहने वाला सामने आया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि क्षिप्रा नदी रामघाट से नृसिंहघाट की ओर जाने वाले मार्ग के बीच से पानी में डूबी हुई एक लाश की सूचना मिली थी। पुलिस ने लाश का बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संभवतः वह नहाने के दौरान डूबा है। पुलिस ने उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किये। इस दौरान सामने आया कि मृतक युवक राजगढ़ के करेली गांव का रहने वाला अजय शर्मा है। पुलिस के अनुसार परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने पर सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। परिजनों से पूछताछ के बाद ही मृतक युवक के उज्जैन आने के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

मालीपुरा मार्ग पर मिले युवक की मौत

उज्जैन। देवासगेट थाना पुलिस ने 3 दिन पहले मालीपुरा मार्ग पशु चिकित्साल के पास से बीमारी की हालत में एक युवक को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। युवक बोल पाने की स्थिति में नहीं था उसके पास से कोई दस्तावेज भी नहीं मिला, जिसके माध्यम से उसके परिजनों का पता लगाया जा सके। रविवार दोपहर को उक्त युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। परिजनों के नहीं मिलने पर अंतिम संस्कार (दफनाया) कराया जायेगा।

महादेव ढ़ाबा पर रात 10 बजे पथराव, एक घायल

उज्जैन। जयसिंहपुरा में पिपलीबाजार में रहने वाला संतोष पिता केशरीमल सोनिया हरिफाटक के पास महादेव ढाबा संचालित करता है। रात में 10 से 10.30 बजे के बीच अचानक ढाबे के पीछे से कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। ढाबे पर काम करने वाला कर्मचारी विकास पिता भागीरथ आंजना निवासी गंगाजलखेड़ा महिदपुर के साथ 2 अन्य घायल हो गये। पथराव करने वाले पीछे से ही भाग निकले थे। ढाबा संचालक संतोष सोनिया ने घटना की शिकायत नीलगंगा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पथराव करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जहर खाकर किया सुसाइड

उज्जैन। रविवार को झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडला सौंधिया में रहने वाले 68 साल के शंकरलाल पिता फतेहसिंह ने जहर खा लिया था। हालत बिगडने पर परिजन उज्जैन लेकर आये। निजी अस्पताल में कुछ घंटे चलते उपचार के बाद शाम को बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला आत्महत्या से जुडा होने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मामले की जांच झारडा पुलिस द्वारा की जायेगी।

भाई ने भाई पर किया धारदार हथियार से हमला

उज्जैन। एकता नगर में रहने वाले भूरा पिता मायाराम प्रजापत 40 साल पर भाई प्रकाश ने अपनी पत्नी संध्या और पुत्र नीरज के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल भूरा को उसका परिवार अस्पताल लेकर पहुंचा। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक अनीस खान अस्पताल पहुंचे और बयान दर्ज किये। घायल भूरा ने बताया कि मिट्टी के दिए बनाते है। दिए तोडने की बात पर विवाद करते हुये भाई ने परिवार के साथ हमला किया। पुलिस ने मामले में हमला करने वाले भाई के साथ उसकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

आज से यात्री बसों को संचालन नानाखेडा से...

देवासगेट बस स्टेंड पर तैनात रहेगी आरटीओ स्क्वाड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज से देवासगेट बस पूरी तरह से बंद कर दिया जायेगा। सुबह से आरटीओ की स्क्वाड देवासगेट पर तैनात हो जायेगी, ताकि कोई बस यहां तक नहीं पहुंच सके। अगर बस पहुंची तो परमिट निरस्त करने के साथ आरसी कैंसिल करने की कार्रवाई की जायेगी।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर आगररोड से इंदौरगेट तक एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये देवासगेट बस स्टेंड को बंद करने का निर्णय लिया था। आज से बसों का संचालन नानाखेडा से होगा। क्षेत्रीय परिवहन विभाग (आरटीओ) ने इसके आदेश पूर्व में जारी कर दिये थे। बस संचालकों को हिदासत दी गई थी कि 12 अक्टूबर से कोई भी बस देवासगेट पर नहीं आयेगी। नियमों का



उल्लघंन करने पर न्यायालयीन कार्रवाई के साथ परमिट और आरसी निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी। बसों को देवासगेट आने से रोकने के लिये आज सुबह से आरटीओ की स्क्वाड तैनात हो जायेगी। थाना क्षेत्र पुलिस के साथ यातायात विभाग की टीम भी मौजूद रहेगी। देवासगेट से प्रतिदिन 170 के लगभग बसों का संचालन होता था। पूर्व में इंदौर और तराना-मक्सी की बसों को नानाखेडा स्थानांतरित कर दिया गया था

शाम से कम होने लगी थी बसों की संख्या

क्षेत्रीय परिवहन विभाग के सख्त निर्देशों के बाद रविवार शाम से देवासगेट पर बसों की संख्या कम होने लगी थी। वीडियो कोच बसों की संख्या भी काफी कम हो गई थी। दोपहर में आखिरी फेरे पर रवाना हुई बसें रात में देवासगेट ना आकर नानाखेड़ा की ओर जा रही थी। बसों की संख्या कम होती देख क्षेत्र के व्यापारियों में भी संशय बढ़ने लगा था। विदित हो कि 12 साल पहले भी सिंहस्थ के दौरान बस स्टेंड को स्थानांतरित किया गया था। उसके बाद लगातार देवासगेट बस स्टेंड को नानाखेड़ा भेजने के प्रयास होते रहे। लेकिन इस बार विकास कार्यो को देखते हुये पूर्ण रूप से देवासगेट बस स्टेंड को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

बावजूद इसके बसों को संचालन देवासगेट से हो रहा था। इस बार देवासगेट बस स्टेंड को पूरी तरह से नानाखेडा शिफ्ट करने की योजना तैयार कर ली गई है। नानाखेडा पर यात्रियों की सुविधा को लेकर सभी इंतजाम भी किये गये है।

व्यापारी बोले खत्म हो जायेगा व्यवसाय

देवासगेट बस स्टेंड में नगर निगम द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया था। कई व्यापारियों ने व्यवसाय शुरू किया था। वहीं बस स्टेंड के बाहरी क्षेत्र देवासगेट थाने के आसपास भी सौ से अधिक दुकाने, भोजनालय, पान की गुमटी, फलो के ठेले लगते थे। जिनका बस स्टेंड की वजह से अच्छा व्यापार-व्यवसाय जम चुका था। लेकिन बस स्टेंड के जाने से व्यापारियों का कहना था कि उनका व्यवसाय अब खत्म हो जायेगा। उन्हे नानाखेडा पर दुकान लगाने की जगह भी नहीं मिलेगी।

महाकाल मंदिर से शाम 4 बजे निकलेगी उमा माता की सवारी

आज दोपहर 2 बजे से मार्गो पर बदलेगी यातायात व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्ष में एक बार महाकाल मंदिर से निकलने वाली उमा माता की सवारी आज शाम 4 बजे निकाली जायेगी। इससे पहले दोपहर 2 बजे से सवारी मार्ग पर यातायात व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया जायेगा।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से निकली वाली उमा माता और भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर महाकाल घाटी चौराहा, तोपखाना, दौलतगंज चौराहा, नई सडक, कंठाल, सराफा, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी, बक्षी बाजार, कार्तिक चौक, मोड की धर्मशाला, रामानुजकोट होते हुए क्षिप्रा नदी के रामघाट पहुंचेगी। वापसी में सवारी कहारवाडी, बक्षी बाजार और महाकालरोड से मंदिर आयेगी। सवारी से पहले दोपहर 2 बजे से इंदौरगेट से नई सडक जाने वाले वाहन देवासगेट, चामुंडा माता मंदिर और कोयला फाटक चौराहे से बियाबानी होकर निकास चौराहे की ओर जा सकेंगे। निकास चौराहे से इंदौरगेट जाने वाले वाहन तेलीवाड़ा और कंठाल के बजाय बियाबानी, कोयला फाटक चौराहा तथा चामुंडा माता मंदिर चौराहे से होकर इंदौरगेट पहुंच सकेंगे।



इन मार्गो पर वाहनों का रहेगा प्रतिबंध

दोपहर 2 बजे से चक्रतीर्थ से दानीगेट होकर रामानुजकोट, हरसिद्धि पाल की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। दौलतगंज चौराहा से तोपखाना, महाकाल घाटी और गुदरी चौराहे की ओर आने वाले वाहनों को भी प्रतिबंधित किया गया है। का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कमरी मार्ग से गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी चौराहा, पानदरीबा से कार्तिक चौक और दानीगेटसे कार्तिक चौक की ओर आने वाले मार्गो पर वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। यातायात पुलिस ने अपील करते हुये कहा है कि वाहन चालक नियमों का पालन करें और असुविधा से बचने के लिये वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

दो सौ पुलिसकर्मियों के साथ नवआरक्षकों ने किया योग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानून-व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण ड्यूटी और मानसिक दबाव के बीच पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रखने के लिए पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को ईशा फाउंडेशन के सहयोग से योग फॉर मेंटल हेल्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया। 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवआरक्षकों ने योग-ध्यान का अभ्यास किया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरानं ईशा फाउंडेशन की प्रमाणित हठ योग शिक्षिका और पूर्वा मंजरेकर ने प्रतिभागियों को योग और ध्यान का अभ्यास कराया। इस दौरान स्वयंसेवक हितेश चौहान, अभिषेक सुमन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रक्षित निरीक्षक रंजीत सिंह और सूबेदार स्वाति कामले ने किया। पुलिस अधीक्षक शर्मा के अनुसार पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने और लंबे समय तक ड्यूटी करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पडता है। ऐसे में मानसिक शांति, एकाग्रता और धैर्य बनाए रखना महत्वपूर्ण है। योग-ध्यान के अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों को तनाव प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी सिंहस्थ-2028 में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड प्रबंधन और सुगम आवागमन सुनिश्चित करना पुलिस के लिए बडी जिम्मेदारी होगी। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

कैमरों से पकडाया बाइक चोरी करने वाला बदमाश

पूछताछ में कबूली 5 वारदात, रिमांड के बाद भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हनुमान मंदिर के पास से बाइक चोरी करने वाले का सुराग तलाशने के लिये पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, बदमाश की पहचान हो गई। उसे हिरासत में लिया गया और न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर पूछताछ शुरू की गई। बदमाश ने बुलेट सहित 5 बाइक चोरी करना कबूल कर लिया।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि 9 अक्टूबर को लवखेडी हनुमान मंदिर के पास से गांधीनगर में रहने वाले चंदन नामक युवक की बाइक चोरी हो गई थी। शिकायत मिलने पर बाइक चोरी करने वाले बदमाश का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये। जिसके आधार पर बदमाश की पहचान विशाल पंवार निवासी ग्राम खेरखेडी के रूप में हो गई। उसे हिरासत में लिया गया और बाइक चोरी का मामला दर्ज अन्य वाहन संबंधित पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया। इस दौरान पूछताछ में उसने बाइक चोरी के साथ एक बुलेट



और तीन अन्य बाइक चोरी करना भी कबूल कर लिया। उसकी निशानेदही पर बुलेट सहित पांच बाइक बरामद की गई। रविवार को रिमांड खत्म होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार 2 दिन में बाइक चोरी करने वाले बदमाश का पता लगाने और पांच चोरी के वाहन बरामद करने में एएसआई गौरीशंकर काकोडिया, प्रधान आरक्षक राजेंद्र राठौड, वीरपाल सिंह, आरक्षक कमल मालवीय और सैनिक आत्माराम मालवीय की भूमिका रही।

किराये के मकान मृत मिला भिंड का युवक

उज्जैन। एक माह पहले साडू के साथ भिंड से आया युवक रविवार सुबह किराये के मकान में मृत पड़ा मिला। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई। पुलिस मामला संदिग्ध मानकर पोस्टमार्टम कराया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि गणेशनगर में किराये का मकान लेकर रहने वाले भिंड के युवक भीमसिंह पिता तुलसीराम बघेल 40 साल की मौत होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। भीमसिंह के साथ उसका साडू जयसिंह भी रहता था। उसने बताया कि रात में सोया था, सुबह नहीं उठा तो उसने जगाने का प्रयास किया। पुलिस शव अस्पताल लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की संभावना जताई। मामले में मर्ग कायम किया गया और पोस्टमार्टम कराया गया। साडू जयसिंह ने बताया कि एक माह पहले उज्जैन आये थे और किराये का मकान लेकर पेंटरी का काम कर रहे थे। परिवार भिंड में रहता है। भीमसिंह चार बच्चों का पिता था, रात में खाना खाने के बाद सो गया था, उस वक्त तक सबकुछ ठीक था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंपा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मामला स्पष्ट हो जायेगा।

पुत्रों ने मारपीट कर पिता को घर से निकाला

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम रणाहेडा में रहने वाले 70 साल के उमराव पिता भंवरसिंह के साथ उसके पुत्रों द्वारा मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया। घर से बेघर हुये उमराव ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने 2 पुत्रों के खिलाफ माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के साथ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

शाजापुर जिले में कृष्ण मृगों का महा रेस्क्यू अभियान,अधिकृत जानकारी का अभाव...

पहले दिन 97, दूसरे दिन 79, पशु चिकित्सकों के साथ कूनो भेजा

हेलीकॉप्टर से हांका, दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम ने संभाला मोर्चा


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर से शाजापुर में दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की मौजूदगी में मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान में पोलायकलां क्षेत्र में दुसरे दिन 79 कृष्णमृगों को पकडा गया है। जनसंपर्क से जारी प्रेस नोट में इसकी पुष्टि की है। वन विभाग के अधिकारी इस पुष्टि से बचते रहे। एक दिन पूर्व शनिवार को इसी क्षेत्र से 97 कृष्णमृग पकडे गए थे। पकडे गए मृगों को वन्यजीवों के विशेष वाहनों में भरकर पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में कूनो नेशनल पार्क में भेजा जा रहा है।

शनिवार से शुरू किए गए अभियान में पहले दिन अच्छी सफलता वन विभाग को मिली थी। ग्रामीणों को अपेक्षा थी कि अगले दिन यह संख्या बढकर दुगनी हो सकती है लेकिन उनकी अपेक्षा अधूरी ही रह गई औरदुसरे दिन रविवार को कुल 67 मृग ही काफी मशक्कत के बाद हाथ लगे। इन्हें कुछ देर बाद ही कूनों के लिए रवाना कर दिया गया है। शाजापुर जिले में इसी बोमा पद्धति से हेलीकॉप्टर के साथ पिछले वर्ष के अभियान में 846 कृष्णमृग और 67 नीलगाय रेस्क्यू कर गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण्य शिफ्ट की गई थीं,। 2 हजार कृष्णमृगों एवं जितनी नीलगाय पकड में आ जाए उन्हें रेस्क्यू कर कूनों नेशनल पार्क भेजने का लक्ष्य है।








उज्जैन में मिली थी असफलता

पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका विशेषज्ञों की मौजूदगी में शाजापुर में बोमा पद्धति से कृष्णमृगों को पकडने में खासी सफलता मिली थी,लेकिन इस वर्ष उज्जैन में स्थानीय अफसरों को इसी पद्धति से नीलगाय पकडने में विफलता मिल थी। उज्जैन में नीलगाय (रोजड़) पकड़ने का बड़ा अभियान बृजराजखेड़ी / चंदेसरा से नरवर बेल्ट में चलाया गया था। ये अभियान 1 जून से 14 जून तक (14 दिन) चला था । इस अभियान में न तो हेलीकाप्टर मिला था और न ही दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ ही आए थेवन विभाग ने बोमा स्ट्रक्चर खड़ा किया,और मैनुअल प्रयास किया। पहले दिन 11 जून को 40-50 नीलगायों का झुंड जाल के मुहाने तक आ गया था, लेकिन टीम समय पर नहीं पहुंची और झुंड भाग गया। शोर-शराबे से नीलगायों ने पूरा बृजराजखेड़ी इलाका ही छोड़ दिया। इसके चलते बोमा से एक भी नीलगाय नहीं पकड़ी गई। मात्र 6 नीलगाय ग्रामीणों ने खुले खेत में दौड़ा-दौड़ाकर थकाकर अपने हाथों से पकड़ी थी, जिन्हें बाद में गांधी सागर अभयारण्य भेजा गया था।

हेलीकाप्टर से हांका

रविवार सुबह होते ही टीम एक बार फिर सक्रिय हो गई और हनुखेड़ी के आसपास के क्षेत्रों में कृष्ण मृगों को हांकने का काम शुरू कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम की निगरानी में पूरी कार्रवाई की जा रही है, ताकि कृष्ण मृगों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके। रविवार को भी सुबह से दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम ने हनुखेड़ी गांव के आसपास के क्षेत्र में एक बार फिर कृष्ण मृगों को हेलीकाप्टर से हांकने का काम किया था।

अंधकार बनाम प्रकाश की अहमियत



हर बात पर बहस करने की उनकी आदत है। इसके कारण रोजाना दो-चार लोग उनके दुश्मन बन जाते हैं। लेकिन वह कभी अपने इस स्वभाव पर विचार नहीं करते। वह मानते हैं कि उनका स्वभाव मौलिक और दूसरों से हटकर है। गुण, कार्य और स्वभाव व्यक्ति को दूसरे की निगाहों में अच्छा और बुरा बनाते हैं, इस बात को वह नहीं मानते। वह बुराई व विचित्रता को भी इंसान की अलग पहचान के रूप में देखते हैं। वह कहते हैं, अंधकार का भी अपना महत्व है। बिना अंधकार के प्रकाश की कोई अहमियत नहीं है। उनके मित्र ने उन्हें टोका, अंधकार की अहमियत प्रकाश जैसी नहीं हो सकती, क्योंकि कोई व्यक्ति अंधकार में जीना नहीं चाहता। जीवन प्रकाश के सहारे आगे बढ़ता है, अंधकार के सहारे नहीं। इसलिए मौलिकता और नए के नाम पर बुराई या दुर्गुण को अलग पहचान के रूप में अहमियत नहीं दी जा सकती है।

आचार्य चाणक्य के मुताबिक, मनुष्य बुराइयों के साथ सहज और सरल होकर नहीं जी सकता। जहां सहजता और सरलता न हो, वहां मानवीय भावबोध स्थिर नहीं रह सकते। अपनी मान्यताओं और धारणाओं को समीक्षा के दायरे में रखे बिना स्वयं को सबसे अलग व बेहतर मानना दुर्मति कही जाएगी। बुराई किसी भी स्थिति में मानक नहीं बन सकती। इसलिए जो अंधकार की अहमियत साबित करते हैं, वे दरअसल अंधकार के परिणाम को नजरअंदाज कर देते हैं। अपने विचारों या मान्यताओं को किसी भी तरह से मौलिक या नया साबित करने का मतलब है, सत्य की सहजता से स्वयं को दूर कर देना। इसलिए बुराई या अंधकार की अहमियत विनाश में तो हो सकती है, कभी निर्माण के कार्य में नहीं।

सम्पादकीय

अमेरिका के तेवर

भारत और अमेरिका के संबंध इस समय सामान्य नहीं हैं। अमेरिका की भारत विरोधी नीतियों और बयानों से स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां पैदा हो चुकी हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अटकी पड़ी है और अमेरिका द्वारा रखी गई कड़ी शर्तों पर अब आगे बातचीत की सम्भावनाएं लगभग खत्म होती दिखाई दे रही हैं। रूस से तेल खरीद के मामले में भारतीय कम्पनियों पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तलवार लटकाए हुए हैं। अमेरिका लगातार तीखे केवर अपना कर भारत को अपमानित कर रहा। भारत और अमेरिका के संबंध इस समय सामान्य नहीं हैं। अमेरिका की भारत विरोधी नीतियों और बयानों से स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां पैदा हो चुकी हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अटकी पड़ी है और अमेरिका द्वारा रखी गई कड़ी शर्तों पर अब आगे बातचीत की सम्भावनाएं लगभग खत्म होती दिखाई दे रही हैं। रूस से तेल खरीद के मामले में भारतीय कम्पनियों पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तलवार लटकाए हुए हैं। अमेरिका लगातार तीखे केवर अपना कर भारत को अपमानित कर रहा है। अमेरिका एच-1बी वीजा के खिलाफ बड़े एक्शन ले रहा है और इसी क्रम में अमेरिका ने भारतीय कम्पनियों को भी घेरा है। अमेरिका ने 8 कम्पनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से बाहर कर दिया है। इनमें इन्फोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल आदि बड़ी आईटी कम्पनियां शामिल हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एच-1बी वीजा धारकों की तुलना बंधुआ मजदूरों से की। जेडी वेंस ने इन कम्पनियों पर अमेरिकी लोगों की नौकरियां छीनने का अरोप लगाते हुए कहा कि आऊट सोर्सिंग कम्पनियां बाहर से कर्मचारी बुलाकर उन्हें कम वेतन देकर उनसे बंधुआ मजूदरी करवाते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कुछ समय पहले भारत की तुलना हेल होल नरक से की थी। फरवरी 2025 में अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों को हथकड़ियां और बेड़ियों में बांधकर भारत भेजा था। भारत सरकार ने समय-समय पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बंधुआ मजदूरी वाले बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है तथा उसे याद दिलाया है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

शारदीय नवरात्र

शक्ति की आराधना: मंत्रों से अधिक भावना का महत्व



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतवर्ष पर्वों और उत्सवों की पावन भूमि है। यहाँ मनाए जाने वाले सभी त्योहारों का अपना एक विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इन सभी पर्वों में शारदीय नवरात्र का स्थान अत्यंत विशिष्ट और पवित्र माना गया है। नव का अर्थ है 9 और रात्रि का अर्थ है रातों का समूह। यह 9 रातों और 10 दिनों का एक ऐसा पावन समय है जब संपूर्ण ब्रह्मांड में आदि शक्ति माँ भगवती की विशेष कृपा बरसती है। नवरात्र केवल एक साधारण व्रत या उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि यह मानव मन और आत्मा की शुद्धि तथा दैवीय शक्ति के संचय का एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है। यह समय हमें हमारी आंतरिक ऊर्जा को जागृत करने और जीवन में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

शारदीय नवरात्र का आगमन वर्षा ऋतु के समापन और शीत ऋतु के आरंभ के समय होता है। प्रकृति भी इस समय एक नए रूप में सजती है और संपूर्ण वातावरण में एक नई ताजगी तथा पवित्रता का वास होता है। इन 9 रातों में माँ दुर्गा के 9 अलग अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना एक विशेष संदेश और महत्व है। माता के यह रूप हमें जीवन के विभिन्न चरणों और संघर्षों में साहस, धैर्य, करुणा और विजय की प्रेरणा देते हैं। शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए शक्ति का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना शक्ति के शांति और प्रगति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह शक्ति केवल शारीरिक नहीं है, बल्कि मानसिक और आत्मिक भी है।

अखबार हिन्दी मिलाप में प्रकाशित आराम से नामक स्तंभ में दी गई पूजन विधि के अनुसार, नवरात्र की उपासना अत्यंत सरल, क्रमबद्ध और भावपूर्ण है। किसी भी शुभ और मांगलिक कार्य का आरंभ सदैव विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के पूजन से ही होता है। नवरात्र की उपासना में भी सबसे पहले भगवान गजानन का स्मरण और पूजन करना अनिवार्य माना गया है। साधक अपने हाथ में पवित्र जल, अक्षत अर्थात बिना टूटे हुए



चावल, और पुष्प लेकर संकल्प करता है। संकल्प एक प्रकार की दृढ़ प्रतिज्ञा है। साधक माता से प्रार्थना करता है कि हे जगदम्बे, मैं इस पवित्र पूजन और व्रत के माध्यम से अपने संकल्प को पूर्ण करने के लिए आपका हृदय से आह्वान करता हूँ। संकल्प के पश्चात जल, अक्षत और कुमकुम से विधि विधान के साथ पूजन की शुरूआत होती है। पूजन के मुख्य क्रम में सबसे पहला चरण माता का आह्वान और ध्यान है। साधक अपनी आँखें बंद करके माँ भगवती के उस दिव्य और भव्य स्वरूप का ध्यान करता है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में लीन थे और माता ने प्रकट होकर सृष्टि की रक्षा के लिए मधु और कैटभ नामक भयंकर राक्षसों का वध किया था। ध्यान का यह चरण मन को सांसारिक चिंताओं से मुक्त करके पूरी तरह से माता के चरणों में केंद्रित करने का एक माध्यम है। जब मन पूरी तरह से एकाग्र हो जाता है, तब माता की उपस्थिति का अनुभव हृदय में होने लगता है।

ध्यान के उपरांत माता को स्नान कराने की प्रक्रिया होती है। सर्वप्रथम शुद्ध और पवित्र जल से माता की प्रतिमा या यंत्र को स्नान कराया जाता है। इसके पश्चात पंचामृत से स्नान कराया जाता है। पंचामृत 5 अत्यंत पवित्र वस्तुओं का मिश्रण होता है जिसमें गाय का दूध, दही, घी, शहद और शर्करा मिलाई जाती है। स्नान कराते समय साधक यह भाव रखता है कि हे महादेवी, दूध, दही, घी, शहद और शर्करा के मिश्रण से तैयार यह उत्तम पंचामृत आपकी सेवा में प्रस्तुत है, कृपया इसे स्वीकार करें। पंचामृत स्नान के पश्चात एक बार फिर से शुद्ध जल से स्नान कराया जाता है ताकि माता का श्री विग्रह पूरी तरह से स्वच्छ हो जाए।

स्नान के बाद माता के श्रृंगार का चरण आता है। माँ भगवती को अत्यंत सुंदर और पवित्र वस्त्र अर्पित किए जाते हैं। मुख्य वस्त्र के साथ साथ उपवस्त्र भी चढ़ाया जाता है। इसके बाद मस्तक पर चंदन और सिंदूर का तिलक लगाया जाता है जो सौभाग्य और सुहाग का प्रतीक है। माता को ताजे और सुगंधित पुष्पों की माला पहनाई जाती है। वस्त्र अर्पित करते समय साधक कहता है कि हे देवी, नाना प्रकार के सुंदर बेल बूटों और जरी गोटों से सुसज्जित यह अत्यंत उत्तम और मनमोहक वस्त्र मैं आपको समर्पित कर रहा हूँ। श्रृंगार का यह भाव हमें यह सिखाता है कि हम अपने जीवन में भी सुंदरता, पवित्रता और सद्गुणों को धारण करें। श्रृंगार के पश्चात माता को भोग अर्पित किया जाता है और दीप दर्शन कराया जाता है। माता के समक्ष अत्यंत श्रद्धा के साथ विविध प्रकार के उत्तम नैवेद्य, ऋतु फल, और स्वादिष्ट मिष्ठान्न रखे जाते हैं। इसके बाद सुगंधित धूप और दीप जलाकर माता को दिखाया जाता है। दीप का प्रकाश ज्ञान का प्रतीक है और धूप की सुगंध हमारी प्रार्थनाओं की पवित्रता को दशार्ती है। यह प्रकाश अज्ञानता और बुराई के अंधकार को समाप्त करने का संदेश देता है।

पूजन के अंतिम चरण में माता की आरती, प्रदक्षिणा और क्षमा प्रार्थना की जाती है। आरती के लिए विशेष रूप से कर्पूर का उपयोग किया जाता है। कर्पूर के साथ भीगे हुए ईंधन को जलाकर उसमें 1, 3, 5, 7 या इससे अधिक संख्या में बत्तियां बनाकर माता की मंगल आरती उतारी जाती है। कर्पूर जलकर पूरी तरह से समाप्त हो जाता है और कोई अवशेष नहीं छोड़ता, जो यह दशार्ता है कि हमारा अहंकार भी माता के समक्ष पूरी तरह से भस्म हो जाना चाहिए। आरती के बाद साधक अपने स्थान पर गोल घूमकर प्रदक्षिणा करता है। अंत में सबसे महत्वपूर्ण भाग होता है क्षमा प्रार्थना। साधक हाथ जोड़कर कहता है कि हे माता, न तो मुझे आपकी भक्ति का कोई गहरा ज्ञान है और न ही मैं पूजा के कठिन मंत्रों को जानता हूँ। मैंने अपनी अल्प बुद्धि और क्षमता के अनुसार जो भी पूजन किया है, आप अपनी उदारता से उसे परिपूर्ण मानकर स्वीकार करें और मेरी सभी भूलों को क्षमा करें।

बोरवेल के भीतर नन्हीं जान

डिजास्टर मैनेजमेंट के कंट्रोल रूम की मॉनिटर स्क्रीन पर लाल रंग का सेंसर सिग्नल कौंधा। जमीन के अस्सी फीट नीचे उतारे गए इंफ्रारेड एंडोस्कोपिक कैमरे ने एक हल्की सी हरकत दर्ज की थी। स्क्रीन पर धुंधला सा दृश्य उभरा, एक नन्हा सा हाथ, जो मिट्टी की दीवारों के बीच फंसा हुआ था। पूरे देश की नजरें उस स्क्रीन पर टिकी थीं। रहस्य यह था कि अस्सी फीट नीचे उस अंधेरे, दमघोंटू गड्ढे में क्या चार साल का चीकू अभी भी सांस ले रहा है? क्या वह इस बेरहम पाताल से जिंदा बाहर आ पाएगा?

रोमांच चरम पर था। बाहर नेशनल मीडिया की दर्जनों ओबी वैन खड़ी थीं। कैमरों की बड़ी-बड़ी लाइटों ने उस उजाड़ खेत को किसी फिल्म के सेट में बदल दिया था। एंकर चीख-चीख कर बोल रहे थे, ह्यऑपरेशन चीकूः क्या होगा चमत्कार? सांसों का लाइव काउंटडाउन!ह्न स्क्रीन पर 3डी एनिमेशन चल रहा था, जिसमें दिखाया जा रहा था कि कैसे आधुनिक तकनीक पाताल को चीरकर मासूम को बचा लेगी। प्रशासन का जलवा देखने लायक था। एसडीएम साहब ने धूप का चश्मा माथे पर अटकाया और माइक के सामने बोले, हमारा रेस्क्यू ऑपरेशन विश्वस्तरीय है। हमने बोरवेल में ऑक्सीजन की सप्लाई चालू कर दी है और समानांतर सुरंग खोदने का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। लेकिन उस मास्टर प्लान के सामने एक छोटी सी तकनीकी अड़चन आ गई।

पथरीली चट्टान को काटने वाली जो भारी हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग मशीन चाहिए थी, वह पास के जिले में खड़ी थी। समस्या यह थी कि उस मशीन को मौके पर लाने के लिए सरकारी ट्रेजरी से डीजल का विशेष आवंटन पास होना था। और चूंकि आज रविवार था, इसलिए ट्रेजरी का डिजिटल सर्वर अगले बारह घंटे के लिए मेंटेनेंस पर था। यार, इस मुल्क में जब कोई गरीब की औलाद किसी गड्ढे में गिरती है, तो सिस्टम सबसे पहले फाइल का वजन तौलता है।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12अक्टूबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि- द्वितीया20:59 उपरांत त्रतिया
नक्षत्र - स्वाती 23:52 उपरांत विशाखा
योग- विष्कुम्भ21:38 उपरांत प्रीती
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 30तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास से काम पूरे होंगे। व्यापार में नए अवसरों को भुनाने का दिन है।

वृषभ- प्रेम जीवन में खुशहाली रहेगी। वित्तीय पक्ष मजबूत रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी, व्यायाम जरूर करें।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा से काम करेंगे। व्यापारिक साझेदारियों से मुनाफा होगा। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा।

कर्क- आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, स्फूर्ति रहेगी।

सिंह- करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। व्यापार में नई योजनाएं लाभदायक रहेंगी।

कन्या- प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। धन लाभ होने की पूरी संभावना है। व्यापार में अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

तुला- कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे। व्यापार में धन प्राप्ति के योग हैं। परिवार में शुभ कार्य की योजना बनेगी।

वृश्चिक- कार्यस्थल पर प्रभाव और मान बढ़ेगा। व्यापार में नए अनुबंध तय हो सकते हैं।

धनु- आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

मकर- काम का दबाव महसूस हो सकता है। व्यापारिक लेन-देन में सतर्क रहें।

कुंभ- परिवार में सहयोग का भाव रहेगा। फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाएं। थकान हो सकती है, पर्याप्त नींद लें।

मीन- वाणी में मिठास रहेगी, काम बनेंगे। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा।

समसामयिक

कई बीमारियों से बचानें में मददगार है सरसों का तेल

सरसों का तेल लगभग हर घर में पाया जाता है। ये तेल सरसों के पौधों के बीज से बना होता है। इस तेल में बेहतरीन स्वाद, तीखी सुगंध और हाई स्मोक प्वाइंट होता है। आमतौर पर इस तेल का इस्तेमाल सब्जियां बनाने या फ्राई करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा मालिश, सीरम और हेयर ट्रीटमेंट में भी सरसों के तेल का इस्तेमाल होता है।

सूक्ष्म रोगाणुओं को बढ़ने से रोकता है

कुछ स्टडीज के मुताबिक, सरसों के तेल में रोगाणु को रोकने के गुण होते हैं जो हानिकारक जीवाणुओं को विकसित नहीं होने देते हैं। एक टेस्ट-ट्यूब स्टडी के अनुसार सरसों का तेल ने एस्चेरिचिया कोलाई, स्टैफिलोकोकस ऑरियस और बैसिलस सेरेस जैसे बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। ये सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।

स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

सरसों का तेल स्किन और बालों में भी बहुत फायदेमंद पाया गया है। यही वजह कि फेस या हेयर पैक में भी इस तेल का इस्तेमाल होता है। सरसों का तेल फटी एड़ियों में भी राहत देता है। सरसों का तेल स्किन से जुड़ी दिक्कतें



दूर करता है और हड्डियों को मजबूत करता है इसलिए अक्सर छोटे बच्चों की मालिश इसी तेल से की जाती है। सरसों का तेल झुर्रियां और फाइन लाइन्स कम करने का भी काम करता है।

दर्द कम करता है

सरसों के तेल में एलिल आइसोथियोसाइनेट केमिकल होता है, जो शरीर दर्द को कम करने का काम करता है। इस तेल में अल्फा-लिनोलेनिक एसिड जैसा ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है जो सूजन को कम करने और गठिया के दर्द से छुटकारा दिलाने में मदद करता है।

कैंसर कोशिका वृद्धि को धीमा करता है

रिसर्च के मुताबिक, सरसों का तेल कुछ प्रकार की कैंसर कोशिकाओं के विकास और प्रसार को धीमा करता है। एक अन्य स्टडी के मुताबिक शुद्ध सरसों का तेल खासतौर से कोलन कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है। एक अन्य एनिमल स्टडी में पाया गया कि इस तेल में पाया जाने वाला एलिल आइसोथियोसाइनेट ब्लैडर कैंसर के विकास को लगभग 35% तक रोकता है।

दिल के लिए अच्छा-

सरसों के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड अधिक मात्रा में होता है जो दिल की सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। स्टडीज के मुताबिक सरसों का तेल ट्राइग्लिसराइड, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा ये बैड कोलेस्ट्रॉल भी कम करता है जिससे दिल सुरक्षित रहता है। हालांकि एक्सपर्ट्स इस तेल का सेवन सीमित मात्रा में करने की सलाह देते हैं।

सूजन को कम करता है

सरसों का तेल गठिया के लक्षणों को दूर करने, दर्द और बेचैनी को कम करने के अलावा ब्रोंकाइटिस की वजह से होने वाली सूजन को कम भी कम करने में काफी कारगर पाया गया है। एक एनिमस स्टडी के मे पाया गया है कि सरसों के बीज का सेवन करने से सोरायसिस से होने वाला सूजन काफी कम हो जाता है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

मुस्कुरा रही माताराणी (राधेश्यामी छंद)

नौ दुर्गा का अवतार लिए, मुस्कुरा रही माताराणी,
धूम मची है नवरात्रों में, गज सवार श्री मातु भवानी ।
इन शारदीय नवरात्रों में, अंबे मॉ को भक्त मनाएं,
शुद्ध भाव से नौ स्वरूपों की, नित ही सुंदर महिमा गाएं,
नौ दिन श्रद्धा से विधिवत ही, नौ रूपों का ध्यान लगाएं,
फल-फूल और नैवेद्य कई, माता को प्रेम से धराएं,
नौ रूपों में करें श्रृंगार, चक्रों पर विराजित भवानी,
नौ दुर्गा का अवतार लिए, मुस्कुरा रही माताराणी ।
मातु शैलपुत्री दे स्थिरता, ब्रह्मचारिणी तप की दीक्षा,
चंद्रघंटा निडरता दे दो , कुष्मांडा गूढ़ प्रेम शिक्षा,
मन विशुद्ध स्कंदमाता करो, कात्यायनी सुगम्य परीक्षा,
कालरात्रि चेतना जगा दो, महागौरी करूणा प्रशिक्षा,
दीजिए सिद्धिदात्री अंतस, ज्ञानार्जन सिद्धि की निशानी,
नौ दुर्गा का अवतार लिए, मुस्कुरा रही माताराणी ।
करती है माता भक्तों की, दुष्कर संकट से रखवाली,
है तीनों लोकों में मेरी, मॉ की महिमा बड़ी निराली,
हरती अंधेरा तन-मन का, पल में सारा ज्योतावाली,
सबके जीवन में लाती है, सुख आनंद अमिय खुशहाली,
बंद सौभाग्य के सभी द्वार, खोले आदिशक्ति महारानी,
नौ दुर्गा काअवतार लिए, मुस्कुरा रही माताराणी ।

मोनिका डागा

पर्दा गिर गया, नाना अमर हो गए...!

जिस आवाज में था सच का साहस,
जिस आँखों में था दर्द, देता राहत।
जिसके संवाद में जीवन बोलता था,
आज वो ही कलाकार मौन हो गया।
परिंदा में उसके संघर्ष की आग थी,
तिरंगा में जज्बा-प्रहार स्वाभिमान।
अग्निसाक्षी संवेदनाओं की गहराई,
क्रांतिवीर की आवाज नाना महान।
खामोशी में मौन हुआ रूदन संगीत,
अब तक छप्पन में हैं कठोर चेहरा।
फिर वेलकम में हँसाकर आ ठहरा,
अंदर इंसानियत की जीत का सेहरा।
जब नटसम्राट बनके उभरकर आए,
सब को लगा रंगमंच स्वयं बोल पड़ा।
संवाद नहीं केवल शब्द, जीवन घुला,
किरदारों में सदा नाना रहता है खड़ा।



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

चेक बाउंस का आखिरी मौका

चेक बाउंस की कहानी ने, नया मोड़ लिया है,
राजपाल के हिस्से में, सुको ने मौका दिया है।
दो हफ्तों में भरो, वरना मुश्किल बढ़ जाएगी,
कानून की चौखट पे, हर चाल नजर आएगी।
कभी फिल्मों में हँसाते थे, किरदार कमाल थे,
असली जिंदगी के सीन में, हिसाब न पाते थे।
करोड़ों का चेक था, मामला छोटा कैसे होता?
कागज पर लिखी रकम, एक ₹तकाजा₹ होता।
कोर्ट ने कहा-मौका है, बात अब बन सकती है,
जो रकम बाकी है, वह अब जमा हो सकती है।
फिल्मी पर्दे पर जब चाहे, हँसी के फव्वारे छूटें,
कानून की पटकथा में, तारीख व रकम न रूठें।

धर्म-आस्था

धर्मग्रंथों में वर्णित पुनर्जन्म का सच क्या अधूरी कामना

विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद से लेकर वेद, दर्शनशास्त्र, पुराण, गीता, योग आदि ग्रंथों में पुनर्जन्म की मान्यता का प्रतिपादन किया गया है। इस सिद्धांत के



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

अनुसार शरीर का मृत्यु ही जीवन का अंत नहीं हैपरंतु जन्म जन्मांतर की श्रृंखला है। पुराण आदि में भी जन्म और पुनर्जन्मों का उल्लेख है जीवात्मा पुनर्जन्म लेती है।जीवात्मा को कर्मों के आधार पर जन्म मिलता है। जीवात्मा के सूक्ष्म शरीर के साथ उसके धर्म, कर्म व ज्ञान साथ रहते हैं।शरीर छोड़ते समय मन में जो अधूरी कामना रह जाती है तब वह वर्तमान जन्म में उसकी पूर्ति के लिये जन्म लेता है। कुछ वैज्ञानिक उन्हें पूर्व जन्म का अर्जित ज्ञान नहीं मानते। उनका कहना है कि मस्तिष्क (इतंपद) में एक प्रकार का रसायन प्रोटोजोआ नाम का होता है जिसमें मस्तिष्क का एक विशेष भाग सक्रिय हो जाता है और इस प्रकार की विलक्षणता आती हैइलेक्ट्रॉनिक दुनिया में मोबाइल में दो सीम और किसी मोबाइल में ज्यादा सीम भी होती है जो मेमोरी की क्षमता रखती है तो मानव मस्तिष्क में पुनर्जन्म की मेमोरी रह सकती है` जो कुछ वर्षो बाद पिछले जन्म की मेमोरी धीरे धीरे कम हो जाती है`एक पुनर्जन्म से जुड़ी एक घटना है।जहां जन्मे एक बच्चे ने 4 साल की उम्र में अपने पिता को बताया कि उसका घर दूसरे गांव में है, जहां उसके बीवी बच्चे भी हैं। पिछले जन्म में उसके चचेरे भाइयों ने विवाद के चलते खेत में उसकी हत्या कर दी थी। जब उस बच्चे के पिता ने उनके बताए आधार पर खोजबीन की तो ये बात सच निकलीं।अपनी मां और बहनों के अलावा अपने उन भाइयों को भी पहचान लिया, जिनका जन्म सोमदत्त के मरने के बाद हुआ था। उत्सुकतावश लोगों ने वीर से पूछा कि तुम अपने इन भाइयों को कैसे पहचानते होजिनका जन्म तो तुम्हारी मृत्यु के बाद हुआ था। तब वीर ने बताया कि मृत्यु के बाद उसे 9 साल तक कोई शरीर नहीं मिला तो वह पूर्वजन्म के घर के पास ही प्रेत बनकर पेड़ पर रहने लगा। जब प्यास लगती तो कुंए से पानी पी लेना और भूख लगने पर रसोई से रोटी खा लेता था। तब प्रेत रूप में ही उसने अपने उन भाइयों को देखा था। यह सब सुनकर सभी लोग हैरान थे। हमारे धार्मिक ग्रंथ तो पुनर्जन्म की बातों को और कर्मों के अनुसार नया जीवन मिलने की बातों को स्पष्ट रूप से कहते रहे हैं। पुनर्जन्म के हजारों उदाहरण सामने आए है।

गीता और गरुड़ पुराण में इस विषय पर काफी कुछ कहा गया है। महाभारत की एक घटना भी पुनर्जन्म की अवधारणा को मजबूत करता है। यह घटना महाभारत के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति भीष्म पितामह की है जिन्हें अपने 6 जन्मों की बातें याद थी। एक जानकारी के मुताबिक पलक झपकने से तीन गुना तेज याद आती है घटनाएँ के बारे में भी खबर पढ़ने को आयी थीं स्मृतियाँ सिमेटिक -भाषा के तथ्य समझने पर व एपिसोडिक - व्यक्ति विशेष के लिए खास महत्व रखती है ।रटंत क्रिया से भी याददाश्त मजबूत होती है।चिंतनीय प्रश्न यह उठता है कि क्या इंसान के मरने के बाद स्मृतियाँ अमर होती है ?पुनर्जन्म के उदाहरण में तो स्मृतियाँ पहचान का आधार बनाती कई घटनाएँ पढ़ने,सुनने में आती रही है ।कई लोगों को पिछले जन्म की घटनाएं याद रहती है छोटी उम्र में पुनर्जन्म की बातें ज्यादा याद रहती फिर बड़े होने पर कम हो जाती है`पुनर्जन्म पर कई फिल्में, सीरियल भी बने है` पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हरियाणा का ढाई साल का बालक अपने पूर्वजन्म की घटना जिसके कारण वो रिश्तेदारों,जगहों को पहचानता है` सवाल उठता है की क्या इंसान के मरने के बाद स्मृति अमर होती है ?पुनर्जन्म के उदाहरण में तो स्मृति पहचान का आधार बनाती कई घटनाएँ पढ़ने,सुनने में आती रही है ।कई लोगों को पिछले जन्म की घटनाएं याद रहती है छोटी उम्र में पुनर्जन्म की बातें ज्यादा याद रहती फिर बड़े होने पर कम हो जाती है`पुनर्जन्म में याददाश्त भी एक शरीर से दूसरे शरीर में प्रवेश क्या होती होगी ये अभी तक विस्तृत रूप से मालूम नहीं है। पुनर्जन्म के संबंध में विचारक लेखक आर्य द्धारा कुछ अलग विचार का अपना यह मत दिया गया कि -जिस प्रकार इस जन्म में मनुष्य होकर हम शुभ व अशुभ कर्म करते हैं, इसी प्रकार पूर्वजन्म में भी हमारी आत्मा ने कर्म किये थे। उन कर्मों का शुभ व अशुभ फल हमें भोगना होता है।



सेवा संकल्प अभियान में सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान

शुजालपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुजालपुर के बीटीआई मैदान पर सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान कर उनके त्याग, साहस और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। समारोह में सैनिकों के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा गया कि देश की सुरक्षा में उनका समर्पण महत्वपूर्ण है। सैनिक विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य निभाते हुए देश की आन, बान और शान की रक्षा करते हैं। उनके त्याग और साहस के प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रसेवा में समर्पित जवानों के सम्मान और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

घर के बाहर खेल रहे दो-मासूमों को कुत्तों ने काटा



शाजापुर। जिले के पनवाड़ी गांव में घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। घटना में 6 साल और डेढ़ साल के दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर लेकर पहुंचे। घटना के बाद गांव में दहशत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। खेलते समय अचानक किया हमला जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे अपने-अपने घरों के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान आवारा कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में देवेंद्र (6) पिता महेश के कंधे पर गंभीर चोट आई है। वहीं, डेढ़ वर्षीय जुनैद पिता जावेद के गाल पर कुत्ते ने काट लिया। दोनों बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं।

बालोंडी गांव में बिजली कटौती से त्रस्त किसानों ने रात्रि में किया हंगामा

सारंगपुर। सारंगपुर के अंतर्गत आने वाले बालोंडी गांव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पडा। शुक्रवार रात को किसानों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और नियमित बिजली सप्लाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक साल से ग्रामीण इलाकों में बिजली की भारी समस्या बनी हुई है, जबकि शहरों को निर्बाध बिजली मिल रही है। उन्होंने बिजली विभाग पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच भेदभाव करने का गंभीर आरोप लगाया है।

फसलों का नुकसान बचाने हेलीकॉप्टर से हांका

हन्नूखेड़ी-पोलायकलां में कृष्णमृगों का विशेषज्ञों द्वारा रेस्क्यू अभियान जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



खेतों में फ सलों को नुकसान पहुंचा रहे कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए शनिवार को शाजापुर जिले में रेस्क्यू अभियान शुरू हुआ। पहले ही दिन हन्नूखेड़ी और पोलायकलां के खेतों से करीब 100 कृष्णमृगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। दक्षिण अफ्र ीका की विशेषज्ञ टीम ने हेलीकॉप्टर से हांका लगाने और बोमा पद्धति के जरिए कार्रवाई की। आसमान में उड़ते हेलीकॉप्टर और खेतों में चल रहे अभियान को देखने के लिए ग्रामीणों की नजरें भी टिकी रहीं।

मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा दक्षिण अफ्र ीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशन टीम के सहयोग से 9 से 31 अक्टूबर तक कृष्णमृगों और नीलगायों के रेस्क्यू एवं स्थानांतरण का अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य वन्यजीवों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के साथ फ सलों को हो रहे नुकसान की समस्या का समाधान करना है। रेस्क्यू किए गए कृष्णमृगों को निर्धारित सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने की तैयारी है।

कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी भी अभियान के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था। पहले दिन की कार्रवाई के दौरान उन्होंने विशेषज्ञ टीम से चर्चा कर अभियान की जानकारी ली और स्थानांतरण के लिए रवाना किए जा रहे वाहनों को हरी झंडी दिखाई। अभियान की शुरूआत को वन्यजीवों के सुरक्षित प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

अभियान की नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक डॉ. किरण बिसेन ने बताया कि दिन में तापमान बढ? के कारण वन्यजीवों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए शेष रेस्क्यू कार्य रोक दिया गया।

हेलीकॉप्टर की आवाज से गांव में कौतूहल

हन्नूखेड़ी में हेलीकॉप्टर की आवाज सुनकर ग्रामीण आसमान की ओर देखने लगे। एक ओर हेलीकॉप्टर की मदद से कृष्णमृगों को निर्धारित दिशा में ले जाने की कार्रवाई हुई, वहीं दूसरी ओर विशेषज्ञ टीम उन्हें सुरक्षित पकड़ने में जुटी रही। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञों की निगरानी में चल रहे इस अभियान ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया।



नवरात्र एवं दशहरा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

मक्सी। नवरात्र एवं दशहरा उत्सव को लेकर शनिवार, 10 अक्टूबर को थाना मक्सी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी डॉ. नागेंद्र सिंह, थाना प्रभारी मदन इवने, बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, नवदुर्गा पंडालों के कार्यकर्ता एवं नगर के नागरिक शामिल हुए। बैठक में नवदुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किए। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी से संबंधित मुद्दों, सड़क निर्माण कार्य एवं ठेकेदार की कार्यप्रणाली, सब्जी मंडी की व्यवस्था, चलित ठेलों पर खाद्य तेल के उपयोग तथा माता के पंडालों से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं और व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान नगर में शांति, सौहार्द एवं बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखना रहा।

संभागीय कराटे प्रतियोगिता विवादों में, रात 12 बजे खिलाड़ियों की नारेबाजी

चयन प्रक्रिया में धांधली के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित संभागीय कराटे प्रतियोगिता विवादों में घिर गई। उज्जैन संभाग से आएं कोच और खिलाड़ियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं और चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। रात करीब 12 बजे खिलाड़ियों ने नारेबाजी करते हुए चयन प्रक्रिया में चीटिंग के आरोप लगाए। इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के सात जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया, इनमें से 50 से ज्यादा खिलाड़ी प्रतियोगिता लेट होने पर भाग नहीं ले सकें। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग ने पुलिस, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की भी कोई व्यवस्था नहीं की।

प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन लगातार विवादों के कारण देरी होती रही। खिलाड़ियों का आरोप है कि कोच और आयोजकों के बीच बार-बार विवाद हुआ। अंततः रात 12 बजे विवाद के बाद प्रतियोगिता समाप्त कर दी गई।

छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा और ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं थी। पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की गई। देर रात तक चली प्रतियोगिता के कारण दूर-दराज से आए बच्चों की वापसी को लेकर भी चिंता जताई गई।

कोच और खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि चयन समिति में भोपाल के निर्णायकों को शामिल किया गया, जबकि उज्जैन संभाग के योग्य कोचों को जगह नहीं दी गई। उनका कहना है कि इससे चयन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। देवास के खिलाड़ी ध्रुव गवली ने आरोप लगाया और कहा मुझे चांटा मारा गया। प्रतियोगिता के दौरान उनके साथ चीटिंग की गई और विरोध करने पर उन्हें चांटा मारकर डराया गया।

नवरात्रि पर बिजली नहीं आने पर कांग्रेस ने कार्यालय पर लगाया ताला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना 4-5 घंटे कटौती का आरोप

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में रोजाना चार से पांच घंटे तक बिजली काटी जा रही है। उनका आरोप है कि शहरों में बिजली आपूर्ति की ऐसी स्थिति नहीं है। इस अंतर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना 4 से 5 घंटे बिजली कटौती के विरोध में यूथ कांग्रेस ने शनिवार को बिजली कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया। भोपाल रोड स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पर कार्यकर्ता और ग्रामीण जुटे और गेट पर धरना दिया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गांवों में लगातार बिजली कटौती हो रही है, जबकि शहरों में ऐसी स्थिति नहीं है।

यूथ कांग्रेस नेता प्रशांत सिंह चौहान ने चेतावनी दी कि नवरात्र में गांवों को अंधेरे में रखा गया तो बिजली कंपनी के कार्यालय पर ताला जड़ दिया जाएगा।

नवरात्र के आयोजनों पर बिजली कटौती का असर

नवरात्र शुरू होने के साथ बिजली कटौती का मुद्दा और गरमा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं मिलने से गांवों में गरबा पंडालों और धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाएं प्रभावित होंगी। उन्होंने त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस नेता प्रशांत सिंह चौहान ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से कटौती को लेकर सवाल किए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नवरात्र के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति नहीं सुधरी और गांव अंधेरे में रहे, तो बिजली कंपनी के कार्यालय पर ताला जड़ दिया जाएगा।

सिविल अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता गतिविधि आयोजित



शुजालपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरिया एवं डॉ. भूपेंद्र परमार ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों की जानकारी देते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। चिकित्सकों ने बताया कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान तनाव, चिंता और भावनात्मक उतार-चढ़ाव महसूस होना सामान्य है। परिवार से संवाद, सकारात्मक सोच, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बच्चों, किशोरों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं सहित हर आयु वर्ग के लिए महत्वपूर्ण है। मानसिक परेशानी होने पर संकोच करने के बजाय समय पर मदद लेने की अपील की गई। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सहायता के लिए मनहित एप और टेली.मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों और झिझक को दूर कर लोगों को सहायता लेने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर उमंग काउंसलर संतोष पांडे और अरुणा परमार उपस्थित रहीं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सब जेल में 55 बंदियों की स्वास्थ्य जांच, सभी रिपोर्ट सामान्य



शुजालपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शनिवार को सब जेल शुजालपुर में सिविल अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इसमें जेल में निरुद्ध 55 बंदियों और जेल स्टाफ की स्वास्थ्य जांच की गई। एचआईवी, वीडीआरएल, हेपेटाइटिस बी और सीए ईसीजी तथा रक्त शर्करा की जांच की गई। सभी जांचों की रिपोर्ट सामान्य नॉन रिएक्टिवद्ध आई। शिविर में मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. संजय मंडलोई, दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुभा खरे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलराम खुशराम और नेत्र सहायक मनीष माहेश्वरी ने सेवाएं दीं। वहीं लैब टेक्नीशियन सुनील व्यास और एसटीएलएस शिवनारायण पाटीदार ने जांच कार्य में सहयोग किया। जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निदेर्शानुसार आयोजित शिविर में सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के समापन पर सहायक जेल अधीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

मक्सी बायपास पर कंटेनर से बाइक टकराई, दो की मौत



इंदौर से मां बगलामुखी दर्शन करने जा रहे थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

बायपास पर रविवार सुबह करीब 6 बजे एक सड़क हादसा हुआ। ठल्ल-52 पर कनासिया ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में एक बाइक घुस गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवाओं, 20 वर्षीय कार्तिक और 18 वर्षीय साक्षी की मौत हो गई।

कार्तिक (पिता धीरज सिंह, नवगांव, आष्टा, सीहोर) और साक्षी (पिता संदीप, मिसरोद, होशंगाबाद) इंदौर से मां बगलामुखी के दर्शन के लिए नलखेड़ा जा रहे थे। वे अपने दो अन्य दोस्तों के साथ दो बाइक पर निकले थे।

कनासिया नाका के बाद उनकी बाइक कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पीछे दूसरी बाइक पर यश राज ठाकुर (20) और मुस्कान ठाकुर (19) भी आ रहे थे।

हादसे के बाद 108 एंबुलेंस से घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी डॉक्टर अरुण पाटीदार ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे की वजह पता कर रही है।

33 उपवास करने वाली तपस्वी को विजयवर्गीय ने पानी पिलाया

मक्सी में वरघोड़ा के साथ तीन दिवसीय प्रभु भक्ति महोत्सव का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



रविवार को तीन दिवसीय प्रभु भक्ति महोत्सव का धूमधाम से समापन हुआ। महोत्सव के आखिरी दिन 33 उपवास की कठिन तपस्या (मासक्षमण तप) पूरी करने वाली तपस्वी नेहा राहुल रुणवाल का पारणा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने करवाया।

जैन शास्त्रों में मासक्षमण तप को मोक्ष तप की संज्ञा दी गई है, जिसे मोक्ष के मार्ग की पहली सीढ़ी माना जाता है। इस कठिन तपस्या के दौरान तपस्वी नेहा ने लगातार 33 दिनों तक अन्न का पूरी तरह त्याग कर केवल दिन में 12 से 5 बजे के बीच गर्म पानी का ही उपयोग किया।

रविवार को दोपहर करीब 12 बजे मंत्री विजयवर्गीय तपस्वी के घर पहुंचे और उन्हें केर का पानी पिलाकर उनका पारणा संपन्न करवाया। इस दौरान आयोजित वरघोड़ा में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह तीन दिवसीय महोत्सव 9 अक्टूबर को पंच कल्याणक महापूजा के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद 10 अक्टूबर को प्रभु भक्ति और जिनालय सज्जा का आयोजन किया गया, जिसका समापन 11 अक्टूबर को पारणा और भव्य वरघोड़ा के साथ हुआ।

यह पूरा आयोजन आचार्य श्री नवरत्न सागर जी महाराज साहब के आशीर्वाद, आचार्य श्री विश्वरत्न सागर जी महाराज साहब की प्रेरणा और आचार्य श्री विजय दर्शन वल्लभ सुरिश्वर जी महाराज साहब की निश्रा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शामिल हुए कई नेता

इस धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की बड़ी मौजूदगी रही। कार्यक्रम में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर और शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे समेत कई भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। इस पूरे आयोजन के लाभार्थी दिनेश, रवि और राहुल रुणवाल रहे, जिन्होंने अतिथियों का स्वागत और पारणा की व्यवस्था संभाली।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवंती लोक के प्लॉट नं. C-06, क्षेत्रफल 7104.46 वर्गफुट की रसीद निरस्त कर दी गई है।

अतः कोई भी व्यक्ति उक्त प्लॉट के संबंध में क्रय-विक्रय बयाना एग्रीमेंट अथवा किसी भी प्रकार का लेन-देन न करे। इसके बाद भी कोई भी किसी भी लेन-देन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी तथा फर्म की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नीरज चन्देल हाईकोर्ट एडव्होकेट मो.नं. 88277 00689
कार्यालय :- 61/1, वररूचि मार्ग फ्रीगंज उज्जैन

अग्रवाल महिला मंडल का तीन दिवसीय महिला एवं बाल महोत्सव संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और हास्य अभिनय ने बांधा समां

महाराजा अग्रसेनजी की 5150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और महिलाओं के हास्य अभिनय ने उपस्थित समाजजनों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल अध्यक्ष विद्या गोयल सहित ज्योति गोयल, सरिता गुप्ता, सीमा अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, फूलकुंवर गोयल, साधना अग्रवाल और वीणा गोयल सहित समाजजनों ने महाराजा अग्रसेनजी का पूजन, माल्यार्पण और आरती कर की।

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय महिला एवं बाल महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव की मुख्य थीम राज्य रही। इसके तहत मंडल की सदस्यों ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुतियां देकर भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाया। महोत्सव में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस और वाद-विवाद सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन मंडल अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रानी अग्रवाल और शोभा अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। समापन पर मंडल ने सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया

नवरात्रि के पहले दिन देवास टेकरी पर श्रद्धालुओं की भीड़

दर्शन के लिए आधे घंटे की कतार; बच्चियों की तबीयत बिगड़ी, कैंप में नहीं मिले डॉक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



नवरात्रि के पहले दिन देवास की माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। कुछ बालिकाओं को घबराहट होने पर परिजन उन्हें लेकर मेडिकल कैंप पहुंचे, जहां डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं मिले। मौके पर केवल एंबुलेंस खड़ी थी।

परिजनों को बालिकाओं की मदद के लिए खुद ही व्यवस्था करनी पड़ी। बताया गया कि सुबह 7:50 बजे तक मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची थी। बता दें कि नवरात्रि के दौरान माता टेकरी पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

एक ओर मेडिकल व्यवस्था की कमी सामने आई, वहीं दूसरी ओर नवरात्रि के पहले दिन माता टेकरी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सूरज की पहली किरण के साथ मां के जयकारे गूंजने लगे। छोटी माता चामुंडा की सुबह की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। देवास के अलावा इंदौर और आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

सुबह 7 बजे के बाद भीड़ बढ़ने लगी और बड़ी माता मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर कतारें लग गईं। बैरिकेडिंग के बीच श्रद्धालुओं को रुक-रुककर आगे बढ़ना पड़ा। दर्शन के लिए करीब आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद भक्तों का उत्साह बना रहा। कई श्रद्धालु घुटनों के बल चलकर माता के दरबार तक पहुंचे, जबकि कुछ अभिभावक बच्चों को कंधों पर बैठाकर दर्शन कराने लाए। सुबह की आरती में विधायक गायत्री राजे पवार भी शामिल हुईं। हाथों में ज्योत, भजन और जय माता दी के जयकारों से टेकरी का माहौल भक्तिमय बना रहा।

ड्यूटी लगाने के निर्देश, फिर भी नहीं पहुंची टीम

माता टेकरी पर मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम की गैरमौजूदगी को लेकर टेकरी प्रभारी एवं नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से टीम की ड्यूटी लगाने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि पता किया जाएगा कि मौके पर मेडिकल टीम क्यों मौजूद नहीं थी और उस समय क्या स्थिति रही।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मनोज राव पिता शिवपाल राव के द्वारा 1. श्री रघुवीर सिंह पिता कैलाश चन्द्र जी, निवासी ग्राम कल्मा तहसील टोंकखुर्द, जिला देवास म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 413 रकबा 0.5400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 412 रकबा 0.20 हेक्टेयर, कुल किता 2. कुल रकबा 0.7400 हेक्टेयर स्थित ग्राम कपालिया तहसील व जिला शाजापुर म.प्र. में स्थित है, जिसका क्रय करने का अनुबंध पत्र सम्पादित किया जाना है।

अतः सर्व साधारण को इस सबंध में सूचना दी जाती है की उपरोक्त कृषि भूमि के स्वत्व एवं स्वामित्व के सबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद हक बंधक, दान वसीयत एवं अन्य किसी व्यक्तिगत के पास गिरवी आदि अन्य प्रकार से उपरोक्त, कृषि भूमि का कोई लेनदार और न्यायालय में जमानत दी हो या किसी अन्य व्यक्ति ने उपरोक्त, कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध किया हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो उस दशा में इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस जाहिर सूचना कि विज्ञप्ति के 7 दिवस में मुझे अथवा मेरे कार्यालय में इस सबंध में समस्त लेखी मय दस्तावेज लेकर के आपत्ति प्रस्तुत करे जिसका निराकरण विधिवत किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार संबंधित विक्रयता से उपर्पजियन कार्यालय में विक्रय पत्र का सम्पादित करवा लेगे उस दशा में आपत्ति प्रस्तुत करने का एवं स्वामित्व संबंधित निराकरण करने का अवसर समाप्त हो जायेगा एवं कोई भी आपति मेरे पक्षकार के प्रति मान्य नही की जावेगी। दिनांक- 10/10/2026

राजेंद्र सिंह सिसोदिया (हायकोर्ट एडवोकेट)
Office Address - 13/6, Mahakal Vanijay Kendra Nanakheda Ujjain (M.P)-456001 Mo. 75666-88839

दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में आग लगी

नई दिल्ली। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पडी। इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी।धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया।इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं।इसके बाद वहां बैठे दूसरे यात्री ओवरहेड बिन (सामान रखने वाली जगह) से सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं।

सुपर अल नीनो से 20 दिन में चीनी 10 प्रतिशत महंगी

नई दिल्ली मानसून कमजोर करने वाले सुपर अलनीनो का दुष्प्रभाव अब खाने-पीने की चीजों पर दिखने लगा है। पिछले 20 दिन में एक किलो चीनी 10.16प्रतिशत, दूध 6.12 प्रतिशत, दालें 4.68 प्रतिशत, आटा 6.67 प्रतिशत तक महंगा हो चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि दिसंबर में सुपर अलनीनो का प्रभाव अपने चरम पर होगा और इसका असर अगली गर्मियों के आखिर तक बना रह सकता है। यानी जून 2027 तक फसलों का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका ज्यादा है। खाने-पीने के सामानों के बढ़ते दामों और मौसम के पूर्वानुमान ने खाद्य उद्योग की चिंता बढ़ा दी है।इंडियन पल्सेज एंड ग्रेन्स एसो. के अध्यक्ष बिमल कोठारी का कहना है कि हम 2027 के हालातों को लेकर तनाव में हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक में सूखे की स्थिति रबी मौसम की चने की फसल के लिए चुनौती बन सकती है। गन्ने की फसल भी प्रभावित हो सकती है। श्री रेणुका शुगर्स के निदेशक अतुल चतुर्वेदी ने सोयाबीन और मूंगफली की पैदावार पर गंभीर खतरे की आशंका जताई है।

खैबर-पख्तूनख्वा में इमरान की पार्टी की सरकार बर्खास्त

इस्लामाबाद पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने रविवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में इमरजेंसी लगा दी और सरकार बर्खास्त कर दी। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इसकी घोषणा की। यहां इमरान खान की पार्टी की सरकार है। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी पूर्व पीएम की रिहाई की मांग को लेकर समर्थकों के साथ इस्लामाबाद की ओर 4 अक्टूबर से मार्च निकाल रहे थे। अब उन्हें अपना पद छोड़ना होगा।शहबाज सरकार का आरोप है कि सरकार प्रांत में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जानबूझकर सहयोग नहीं कर रही है। पाक सरकार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगी।

ट्रम्प बोले- रूस और यूक्रेन में एनर्जी सीजफायर हुआ

वॉशिंगटन डीसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया है कि रूस और यूक्रेन ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के लिए सहमत हो गए हैं। उन्होंने रविवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि सीजफायर तत्काल प्रभाव से लागू होगा और दोनों देशों को इसका पालन करना चाहिए। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि सीजफायर कितने समय तक लागू रहेगा। रूस और यूक्रेन की ओर से इस समझौते की आधिकारिक पुष्टि और इसकी शर्तों की जानकारी भी सामने नहीं आई है।

ट्रम्प अटलांटिक या प्रशांत महासागर का नाम बदलेंगे

वॉशिंगटन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अटलांटिक या पैसिफिक ओशन का नाम बदलकर 'ट्रम्प ओशन' या 'ओशन ऑफ द अमेरिका' रखने का सुझाव दिया है। ट्रम्प ने शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि 2028 में अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले वह एक महासागर और एक बड़ी नदी का नाम बदलना चाहते हैं। उनकी इस बात पर रैली में मौजूद लोग हंसने लगे और तालियां बजाने लगे। इससे पहले भी ट्रम्प खुद के नाम पर कई जगहों के नाम रखने का सुझाव दे चुके हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कई बार होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी इलाका बताते हुए कहा कि क्या इसका नाम बदलकर 'ट्रम्प स्ट्रेट' कर देना चाहिए।

शिवराज बोले- लाड़ली बहनें गुस्सा हो गई तो खैर नहीं



भोपाल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हर सरकार को लाड़ली बहना जैसी योजनाएं जारी रखनी पड़ेंगी। रायसेन के भोजपुर में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं से पूछा कि योजना की राशि कितनी बढ़नी चाहिए। इस पर महिलाओं ने ?3000 करने की आवाज लगाई।शिवराज ने जवाब दिया, 3000 बढ़ेंगे धीरे-धीरे। उन्होंने कहा, अब ये योजना मुख्यमंत्री जी ने जारी रखी है और हर सरकार को जारी रखनी पड़ेगी। सबको पता है कि बहनें गुस्सा हो गईं तो फिर खैर नहीं है। शिवराज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- की लॉन्चिंग के कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को भोजपुर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना शुरू होने के बाद देश के दूसरे राज्यों में भी महिलाओं को आर्थिक सहायता देने वाली योजनाएं शुरू हुई।

सड़क चौड़ीकरण के विरोध में आज महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक बाजार बंद.....

रात में हुई मार्किंग से नाराज होकर लिया व्यापारियों ने फैसला, अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान

जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बावजूद कार्रवाई का आरोप, बोले- पहले यातायात व्यवस्था सुधारें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल चौराहे से गुदरी होते हुए गोपाल मंदिर तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रभावित भवनों पर शनिवार देर रात करीब 1 बजे मार्किंग किए जाने से नाराज व्यापारी रहवासी महासंघ ने आज सोमवार 12 अक्टूबर से पूरे क्षेत्र का बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद रखने का ऐलान किया है। व्यापारियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और चर्चा के सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर के निशान लगाए गए हैं। उनका आरोप है कि चौड़ीकरण की मौजूदा योजना से बड़ी संख्या में व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रभावित होंगे और सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

रात में मार्किंग से बढ़ा विरोध, आश्वासन पर भी उठे सवाल- सड़क चौड़ीकरण के लिए टेंडर जारी होने के बाद से ही व्यापारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों से मुलाकात कर बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। व्यापारियों का आरोप है कि सभी पक्षों से चर्चा करने की बात कही गई थी, लेकिन इसके बावजूद शनिवार देर रात मार्किंग की कार्रवाई कर दी गई। इससे व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर भी सवाल उठने लगे हैं।



व्यापारी रहवासी महासंघ का दावा है कि प्रस्तावित चौड़ीकरण से क्षेत्र के करीब 70 प्रतिशत व्यापारियों के प्रतिष्ठान पूरी तरह समाप्त हो सकते हैं। इसी आशंका को लेकर रविवार को महासंघ की बैठक हुई। इसमें आज सोमवार से अनिश्चितकालीन बाजार बंद रखने और चरणबद्ध तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

व्यापारियों की मांग- पहले यातायात व्यवस्था सुधारें- पाटनी बाजार व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े प्रशांत सोनी ने बताया कि शनिवार रात करीब 1 बजे बिना पूर्व सूचना के मार्किंग की गई। उनका कहना है कि क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण करने के बजाय पहले यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की जरूरत है। सड़कों पर ई-रिक्शा खड़े रहने जैसी समस्याओं का समाधान किया जाए तो आवागमन को बेहतर बनाया जा सकता है। सोनी के अनुसार, पटनी बाजार व्यापारी एसोसिएशन के साथ बर्तन बाजार, सोना-चांदी बाजार और गुदरी क्षेत्र के कई व्यापारी भी बाजार बंद के समर्थन में हैं।

योजना पर पुनर्विचार की मांग

व्यापारियों ने प्रशासन से प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रभावित व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बचाने के विकल्प तलाशे जाने चाहिए। किसी भी तरह की कार्रवाई से पहले व्यापारियों को विश्वास में लेकर स्पष्ट चर्चा की जाए, ताकि उनकी समस्याओं और आशंकाओं का समाधान निकल सके। फिलहाल व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लेते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रखने की बात कही है।

घट स्थापना के साथ जिलेभर में शारदेय नवरात्र का शुभारंभ, शहर से गांव तक सजे माता रानी के पांडाल

गुना। शक्ति और साधना के महापर्व शारदेय नवरात्र का शुभारंभ घट स्थापना के साथ गुना जिले में श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह आकर्षक पांडाल सजाकर मां शारदेय को विराजमान किया गया। सुबह से ही मंदिरों और पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। वहीं, नवरात्र को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

पिछले दो दिनों से युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप और माता रानी के जयकारों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं को वाहनों से अपने-अपने पूजा स्थलों तक लेकर पहुंच रही थीं। प्रतिमाओं के आगमन के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जय माता दी के जयघोष से शहर की गलियां और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मार्ग भक्तिमय नजर आए।

शहर से ग्रामीण अंचलों तक सजे पांडाल- नवरात्र पर्व को लेकर गुना शहर सहित जिले के विभिन्न कस्बों और गांवों में पांडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कई स्थानों पर रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और धार्मिक झांकियों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण तैयार किया गया है। पूजा समितियों और स्थानीय युवाओं ने प्रतिमाओं की स्थापना तथा आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई।

नौ दिनों तक होगी मां दुर्गा की आराधना

शारदेय नवरात्र के नौ दिनों तक विभिन्न पूजा पांडालों में विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना, आरती और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे। नवरात्र पर्व के आगमन के साथ ही गुना जिले में धार्मिक उल्लास और आस्था का माहौल दिखाई देने लगा है।

जय माता दी के जयकारों से गूंजा गुना जिला, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

माता रानी के आगमन के साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नवरात्र की रौनक बढ़ गई है। युवाओं और पूजा समितियों के उत्साह ने पर्व की तैयारियों को विशेष रंग दिया है। चारों ओर गूंजते जयकारों के बीच श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। इसके चलते पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। त्यौहार को लेकर पहले से ही आयोजित शांति समिति की बैठकों में झांकी समिति संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइड लाइन का पालन अब विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस जवानों के द्वारा कराया जाना है।

अग्रसेन जयंती पर जयकारों से गूंजा उज्जैन निकली प्रभातफेरी

उज्जैन। अहिंसा और समाजवाद के प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयंती पर रविवार को शहर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। उज्जैन अग्रवाल विकास समिति द्वारा आयोजित यह प्रभात फेरी शहीद पार्क से शुरू होकर फ्रीगंज के विभिन्न मार्गों से होती हुई ऐरन हॉस्पिटल पर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और समापन पर लकी ड्रॉ के माध्यम से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समिति अध्यक्ष सुनील बी अग्रवाल के मार्गदर्शन में निकली इस प्रभात फेरी में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुरुआत शहीद पार्क पर महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी के पूजन से हुई।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्य कर्मचारी संघ का 48वा स्थापना दिवस

गुना। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना द्वारा अपना 48वा स्थापना दिवस संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुआ।

स्थापना दिवस समारोह में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे। वही मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया मुख्य आतिथ्य कि हैसियत से समारोह में शामिल हुए। मंच पर अन्य अतिथियों में पेंशन महासंघ के प्रदेश मंत्री प्रद्युम्न कुमार सोनी, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ग्वाल, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री ब्रजनारायण शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि 6 अक्टूबर 1978 को प्रदेश में राष्ट्रवादी विचारधारा के कर्मचारियों में छोटे बड़े का भेदभाव समाप्त करने हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लेकर द्वितीय श्रेणी अधिकारियों तक को एक साथ एक मंच पर लाने के लिए पूज्य ठेंगडी जी ने हमारी एकता का प्रतीक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना की। संघ आज राष्ट्रीय विचारधार को लेकर अधिकारी कर्मचारी हित के अपना कार्य प्रदेश में कर रहा हैं। उक्त समारोह का संचालन जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने किया। जबकि आभार जिला कोषाध्यक्ष संतोष सक्सैना ने व्यक्त किया। स्थापना दिवस के अवसर पर 30 सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय संघ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती शारदा तिवारी, मजदूर संघ जिला मंत्री दीपक गुप्ता, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री नितेश खरे, अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी, पेशन महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास, यशवंत सिंह रघुवंशी, विजली कर्मचारी महासंघ से आरसी झा, पंचायत सचिव महासंघ के अशोक रघुवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ की अनीता ओझा, राजकुमार सेलर, सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

कार-आटो की हुई टक्कर घायल हो गई युवती

उज्जैन। मक्सीरोड गोपालपुरा ब्रिज पर देर शाम तेजगति से दौ?ती कार ने आगे चल रही आटो को पीछे से टक्कर मार दी। आटो चालक का संतुलन बिगड़ गई और वह आगे स्कूटी पर सवार युवती से टकरा गया। युवती गिरने पर घायल हो गई। कार चालक मौके से भाग निकला। घायल युवती पायल पिता राजेश पात्रेकर निवासी पांड्याखेडी की शिकायत पर माधवनगर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

गुना। आयुक्त लोक शिक्षण के निर्देशानुसार संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' एवं सघन पौधारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बमौरी आशुतोष श्रीवास्तव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुना संतोष धाकड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक सुश्री प्रेरणा गुप्ता, जिला योग प्रभारी काव्यांजलि शर्मा, प्राचार्य संजय जैन, योग क्लब प्रभारी विनय शर्मा, विकासखंड योग प्रभारी आरोन अम्बरीष कास्टवार, योग क्लब प्रभारी सुश्री संगीता सोनी सहित मुकेश भट्ट, रामस्वरूप शर्मा, कुलदीप रघुवंशी, राजकमल रघुवंशी, दीप्ति परिहार एवं मुनेंद्र लोधी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना जितना आवश्यक है, उतना ही महत्वपूर्ण लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना भी है। पौधों को लगाने के बाद उनकी सुरक्षा, सिंचाई और उचित रखरखाव सुनिश्चित करने से ही वे वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की देखभाल भी करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने जिले के प्रत्येक विद्यालय में पौधारोपण करने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अभियान के माध्यम से विद्यालयों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने का संदेश दिया गया।

भारत ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

तीसरे टी-20 में अभिषेक शर्मा ने 69 रन बनाए, अर्शदीप सिंह को 3 विकेट

इंदौर। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 223 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 30 बॉल पर 69 रन की पारी खेली। ईशान किशन ने 37 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 209 रन ही बना पाई। शिमरोन हेटमायर ने 43 रन बनाए। भारत से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए। नमन धीर को 2 विकेट मिले।

भारत ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई- भारत ने इंदौर में तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 36 रन चाहिए थे। शमार स्प्रिंगर ने अक्षर पटेल के ओवर में 3 छक्के और एक चौका लगाया। अर्शदीप सिंह ने 18वें ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने दूसरी गेंद पर कीमो पॉल को तिलक वर्मा के हाथों डीप कवर पर कैच कराया। पॉल 6 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पांचवीं गेंद पर अर्शदीप ने शेरफेन रदरफोर्ड को बोल्ड कर दिया। रदरफोर्ड 20 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। शेरफेन रदरफोर्ड ने प्रिंस यादव के 17वें ओवर में चौका लगा दिया। ओवर की पांचवीं गेंद पर रदरफोर्ड ने धीमी बाउंसर को शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से बाउंड्री के पार पहुंचाया। आखिरी गेंद पर उनका कैच लेने का मौका भी बना, लेकिन प्रिंस यादव पीछे की ओर दौड़कर डाइव लगाने के बावजूद गेंद नहीं पकड़ सके।



नीतीश रेड्डी ने सैम्पसन को कैच आउट कराया

नीतीश कुमार रेड्डी ने 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर क्रेंटिन सैम्पसन को आउट कर दिया। सैम्पसन ने गेंद को लॉन्ग-ऑफ की तरफ हवा में खेला, जहां तिलक वर्मा ने कैच लपक लिया। सैम्पसन 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में एक चौका और एक छक्का शामिल रहा।

वेस्टइंडीज को आखिरी 5 ओवर में 75 रन की जरूरत- शेरफेन रदरफोर्ड और क्रेंटिन सैम्पसन ने मयंक यादव के 15वें ओवर में 15 रन बटोरे। रदरफोर्ड ने ओवर की दूसरी गेंद पर लॉन्ग-ऑन के ऊपर छक्का लगाया। चौथी गेंद पर सैम्पसन ने शॉर्ट बॉल को पुल करके छक्का जड़ा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 30 गेंदों में 75 रन चाहिए। चौथे ओवर में शिमरोन हेटमायर ने अर्शदीप सिंह की दूसरी गेंद पर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से चौका लगाया।

वेस्टइंडीज ने 14वें ओवर में 11 रन बनाए



क्रेंटिन सैम्पसन ने अर्शदीप सिंह के 14वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाया। उन्होंने गेंद को सीधे गेंदबाज के ऊपर से बाउंड्री के पार पहुंचाया। ओवर में अर्शदीप ने 2 वाइड भी फेंकीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने नीतीश कुमार रेड्डी के ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया। स्लॉट में मिली गेंद पर रदरफोर्ड ने बड़ा शॉट खेलकर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। ओवर में वेस्टइंडीज ने 9 रन बनाए। नमन धीर ने 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर कामिल पूरन को आउट कर दिया। पूरन ने इस ओवर में धीर की गेंदों पर 3 छक्के लगाए, लेकिन आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप में अर्शदीप सिंह को कैच दे बैठे। उन्होंने 27 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शंकरलाल आंजना पिता श्री देवीसिंह आंजना जाति-आंजना व्यवसाय-कृषि निवासी ग्राम कामल्याखेडी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-298/1 रकबा 0.870 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-298/2 रकबा 0.500 हेक्टयर, सर्वे नम्बर 299 रकबा 0.560 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-300 रकबा 0.570 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-301 रकबा 0-220 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-302 रकबा 1.440 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-303 रकबा 1.620 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-304/1 रकबा 0.250 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-304/2 रकबा 0.400 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-304/3 रकबा 0.250 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-305 रकबा 0.280 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-321 रकबा 3.370 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-322 रकबा 0.390 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-323/1/1 रकबा 0.340 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-323/1/2 रकबा 0.090 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-323/2 रकबा 0.920 हेक्टयर, सर्वे नम्बर 324 रकबा 0.280 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-326 रकबा 0.290 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-329 रकबा 0.160 हेक्टयर कुल किता 19 कुल रकबा 12.80 हेक्टयर अर्थात 51 बीघा 5 बीसवा भूमि स्थित ग्राम कामल्याखेड़ी तहसील झारडा जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-58 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदाकर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-09.10.2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे,
उज्जैन मो. 9993079516-9425094349

न्यूज-कॉलम

मजदूर कल्याण समिति मप्र की नई कार्यकारिणी घोषित

मंदसौर। मजदूर कल्याण समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने संगठन का विस्तार करते हुए नई प्रदेश और जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई नियुक्तियों के तहत पुष्पा चौहान को महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, रमेश अहिरवार और रेखा जोशी को प्रदेश उपाध्यक्ष, तथा कमलनयन गुप्ता, भारत सिंह और बापुलाल गुर्जर को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा राकेश सेन को प्रदेश संगठन मंत्री, रामकन्या मालवीय व लक्ष्मीनारायण खींची को प्रदेश मंत्री, नवीन कुमार चौहान को प्रदेश मीडिया प्रभारी और दीपक भारतीय को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। युवा मोर्चा के पुनर्गठन में मनीष टेलर को प्रदेश प्रभारी, राज सरगरा को प्रदेश संयोजक और अजय जटिया को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। साथ मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर सुनील सिखवाल को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके साथ ही जितेंद्र सविता, रेणुका रामावत, पवन गहलोत, कैलाश रावत और अर्जुन बामनिया को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है।

नीमच जिला अस्पताल का निरीक्षण अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

नीमच। जिला शासकीय अस्पताल नीमच का डिप्टी कलेक्टर व अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अस्पताल के वार्डों में स्वच्छता और पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गये है । कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के आदेशानुसार जिला कोषालय अधिकारी एलएन चौहान ने शुक्रवार को शासकीय चिकित्सालय नीमच का निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों, ओपीडी, फिजियोथैरेपी सेंटर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता सामने आई। चिकित्सकों की समय पर उपलब्धता, फिजियोथैरेपी सेंटर का नियमित संचालन और अस्पताल परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित दर्ज पाए गए, लेकिन ग्राउंड फ्लोर स्थित कक्ष क्रमांक 4 में डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से मरीज प्रतीक्षा करते मिले। वहीं, इमरजेंसी विभाग में डॉक्टर लावण्या मंगल उपस्थित थीं। पुरुष सर्जिकल वार्ड में मरीजों का परीक्षण एवं उपचार जारी था।

ऑपरेशन क्लीन' के तहत 9 महीने में 1320 स्थाई वारंटी गिरफ्तार


रतलाम। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए रतलाम पुलिस का विशेष अभियान 'ऑपरेशन क्लीन' लगातार प्रभावी रूप से जारी है। पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार के निर्देशन, तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री विवेक कुमार लाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री राकेश पंद्रो के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के तहत तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग करते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार धरपकड़ की जा रही है। 1 जनवरी से 30 सितंबर तक के इन 9 महीनों में रतलाम पुलिस ने कुल 1320 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

कार्बाइड गन सहित अवैध पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध

रतलाम, । अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बृजेन्द्र रावत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी कर रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में कार्बाइड गन सहित अवैध संशोधित पटाखों के निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय प्रदर्शन, वितरण एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति संस्था व्यापारी अथवा पटाखा निमार्ता या विक्रेता लोहे धातु एवं पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ या कैल्शियम कार्बाइड भरकर अत्यधिक ध्वनि एवं धमाका उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) का निर्माण आयात भंडारण विक्रय प्रदर्शन वितरण अथवा उपयोग नहीं करेगा।

मां दुर्गा के नौ पवित्र रूपों की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि रविवार को पूरे श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के साथ आरंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जगद्जननी मां दुर्गा के नौ पवित्र रूपों की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि रविवार को पूरे श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के साथ आरंभ हो गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, अनुष्ठान एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही नगर भर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर भव्य गरबा पांडाल सजाए गए हैं, जहां आगामी नौ रातों तक मां भवानी की आराधना में शक्ति गरबों की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी।

नवरात्र पर्व के पहले दिन शहर के सिद्ध पीठों एवं प्राचीन देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। नगर के प्रसिद्ध नालछा माता मंदिर, देव डूंगरी माताजी मंदिर, खिड़की माता मंदिर तथा नाहरसिंह माता मंदिर सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ घटस्थापना की गई।

तड़के से ही मंदिरों के पट खुलते ही श्रद्धालु मां के दर्शन एवं पूजन के लिए पंक्तियों में खड़े नजर आए तथा पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पर्व के इस पुनीत अवसर पर जिला गरबा मंडल के तत्वावधान में सावन सांखला परिवार द्वारा 101 मां अम्बे की तस्वीरों का श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला गरबा मंडल अध्यक्ष हिम्मत डांगी, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, वसीठा धोबी समाज अध्यक्ष मनोज सांखला, महेंद्र सांखला, राजू अखेरिया, वरदीचंद कुमावत आदि उपस्थित रहे।

चित्र- श्री नालछा माता मंदिर में हुई घटस्थापना।

मंदसौर में 30 देशों की 30 भाषाओं में गूंजा नवकार महामंत्र



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

श्री आर्यरक्षित तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में सकल जैन समाज के तत्वावधान तथा श्री आर्यजागरण चातुर्मास समिति के सहयोग से आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी महाराज और आचार्य श्री सागरचंद्र सागर सूरिश्वरजी महाराज आदि ठाणा 10 की पावन प्रेरणा व निश्रा में मंदसौर नगर के दिगंबर, श्वेतांबर, मूर्तिपूजक एवं स्थानकवासी जैन आम्नाय को मानने वाले हजारों जैन श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ एकत्रित होकर नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया।

इस अवसर पर जैन पाठ शालाओं के बच्चों और प्रबुद्ध श्राविकाओं ने विश्व के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार महामंत्र का श्रवण कराया। एक ही स्थान पर हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, जर्मन, फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, मलेशियाई और स्पेनिश जैसी प्रमुख भाषाओं में नवकार महामंत्र का उच्चारण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने भावविभोर होकर सुना।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने दिगंबर एवं श्वेतांबर आम्नाय के सभी पूज्य संतों व साध्वियों के साथ गुरुवंदन किया। सर्वप्रथम सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, श्री नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी सचिव धर्मचन्द्र जैन, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मेहता, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा, महामंत्रीद्वय शिखर कासमा, मनीष सेठी, प्रतापसिंह कोठारी तथा कार्यक्रम संयोजक राजकुमार बाकलीवाल एवं जयकुमार बड़जात्या सहित गणमान्य जनों ने नवकार महामंत्र के चित्र पर माल्यार्पण किया। आचार्य श्री अशोक सागरजी महाराज ने सभी को मांगलिक श्रवण कराई। आचार्य श्री सागरचंद्र सागरजी महाराज, मुनिराज श्री विरल विजयजी महाराज एवं मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी महाराज ने भी महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। श्री आर्य जागरण चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल संघवी ने आभार व्यक्त किया।



उमंग-उज्ज्वलआनंदम का मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में आज स्वास्थ्य विभाग की टीम और विद्यालय में संचालित उमंग उज्जवल तथा हेल्थ केयर विभाग के द्वारा विद्यालय के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर काउंसलिंग करके विभिन्न प्रकार की जानकारी से अवगत करवाया गया.. स्वास्थ्य विभाग पिपलिया मंडी से डॉक्टर प्रतिभा भाबर आयुष मेडिकल ऑफिसर, मंजू पिछोलिया महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मधुकांता शर्मा एएनएम एवं मंजूलता जगावत उमंग काउंसलर के द्वारा छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य एवं मन मानस में स्वच्छंद विचारों की आवृत्ति हेतु छात्रों को अपनी मनःस्थिति के विभिन्न प्रकार के आयामों बारे में उम्दा जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया द्वारा छात्रों को व्यवहारिक जीवन में आने वाली कठिनाइयां एवं तात्कालिक परिस्थितियों से जागरूक रहकर अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अध्ययन करने एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छंद विचारों के साथ समझने हेतु मार्गदर्शन दिया गया, उमंग उज्जवल प्रभारी श्रीमती अंजुम शाह, विज्ञान शिक्षिका श्रीमती रीना वर्मा, हेल्थ केयर प्रभारी श्रीमती पूजा राठौर द्वारा भी छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सिंगोली में रक्तदान शिविर संपन्न



नीमच। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नीमच जिला ब्लड बैंक की मोबाइल यूनिट द्वारा कुल 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली के चिकित्सा प्रभारी डॉ. ईतेश व्यास सहित स्वास्थ्य केंद्र के 9 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की। नीमच जिला ब्लड बैंक की मोबाइल यूनिट ने निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुसार रक्त संग्रहण किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना रहा। रक्तदान करने वालों में डॉ. ईतेश व्यास, डॉ. रमेश यादव, डॉ. देवेंद्र भूरिया, राजेश धाकड़, कल्याण बाबर, लोकेश, विशाल, विकास एवं शाहनबाज शामिल रहे।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जाजू सागर बांध पर वृहद वृक्षारोपण संपन्न

विधायक एवं कलेक्टर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जाजू सागर बांध के किनारे शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नीम, बांस, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के 1100 पौधे रोपे गए। अभियान के तहत अगले तीन दिनों में कुल 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण के साथ जल संरक्षण और पौधों की देखभाल करने का संदेश दिया। विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष हमें शुद्ध हवा देते हैं और पक्षियों को आश्रय प्रदान करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने, पानी बचाने और बिजली का कम से कम उपयोग करने की अपील की। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष कम बारिश के कारण उपलब्ध जल संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करना जरूरी है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा ने कहा कि प्रकृति के करीब रहने और हरियाली बढ़ाने से सकारात्मकता का संचार होता है। प्रकृति में होने वाले छोटे-छोटे बदलावों का भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए प्रकृति को समझना और उसका संरक्षण करना आवश्यक है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष चौहान तथा श्रीमती वन्दना खंडेलवाल ने भी संबोधित किया।

दीनदयाल नगर थाने में हंगामा, युवती ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या की कोशिश की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के दीनदयाल नगर थाना परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक परिवार के सदस्यों ने थाने के मुख्य द्वार पर पहुंचकर जोरदार हंगामा किया। इस दौरान एक युवती ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास किया और पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने की कोशिश की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिन शनिवार को दीनदयाल नगर थाने के प्रभारी कक्ष में अपराध संबंधित की जांच का कार्य चल रहा था। तभी नीरज टांक, चेतन टांक, मुस्कान टांक और अर्पिता टांक थाने के मुख्य गेट पर पहुंचे और पुलिस बल के विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर चिल्लाने लगे। इसी बीच मुस्कान टांक ने हरी रंग की केन से अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल लिया और उसके साथ आई अर्पिता टांक ने भी खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। मुस्कान हाथ में माचिस लेकर पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाते हुए आत्महत्या की धमकी देने लगी।

घटना को देखते ही मौके पर मौजूद प्रधान आरक्षक कमल बघेल ने दौड़कर मुस्कान के हाथ से माचिस छीनने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान अर्पिता और अन्य लोग चिल्लाते हुए पुलिस पर दबाव बना रहे थे कि "हमारे खिलाफ की गई रिपोर्ट को बंद करो और हमारे कहने पर मोहल्ले के लोगों के विरुद्ध तत्काल रिपोर्ट लिखो"।

किसी तरह अप्रिय घटना को टालने के लिए जब पुलिसकर्मियों ने मुस्कान को पकड़ा और माचिस छुड़ाने का प्रयास किया, तो उसने बौखलाकर पुलिसकर्मी के साथ झूमाझटकी की। इस दौरान मुस्कान ने थाना प्रभारी अनुराग यादव की गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे उनके बड़े नाखूनों से गर्दन के दाहिनी तरफ चोट आई। घटना के कुछ देर बाद मुस्कान के पिता पवन टांक और सावन टांक भी मौके पर पहुंच गए।

स्मार्ट मीटर सर्वे को तत्काल किया जाए बंद, कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

नगर में बिजली विभाग द्वारा गुप चुप तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र महावर ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुवे बताया कि नगर के कई वार्डो से जानकारी मिल रही हे कि नगर में बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुप चुप तरीके से सर्वे शुरू कर दिया हे जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध कर रही हे ओर करती रहेगी ।

स्मार्ट मीटर के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा के बैनर तले जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह जी गुर्जर के नेतृत्व में एक बड़ा आंदोलन दिनांक 12 अक्टूबर सोमवार को गांधी चौराह मंदसौर से चम्बल कालोनी बिजली विभाग के कार्यालय तक एक वाहन रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हे ।



महावर ने नगर वासियों व आसपास के क्षेत्र वासियों से अपील करी कि अधिक से अधिक संख्या में मंदसौर पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करे ।

महावर ने आगे बताया कि अभी नहीं तो कभी नहीं अगर आज हम नहीं जागे तो बिजली विभाग द्वारा हमारे घरों पर स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे और भारी भरकम बिलों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ेगा ,स्मार्ट मीटर लगना अनिवार्य भी नहीं हे बस अपनी जागरूकता का परिचय दे व स्मार्ट मीटर को नहीं लगाने दे।

एक तरफ बिजली विभाग आम जन को पर्याप्त बिजली देने में नाकाम साबित हो रही हे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में बिजली कटौती की जा रही हे ऊपर से इस महंगाई के जमाने में स्मार्ट मीटर लगाकर आम उपभोक्ताओं पर ओर अतिरिक्त भार न डाले ।

अगर बिजली विभाग समय रहते नहीं माना ओर सर्वे करना बंद नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी उपभोक्ताओं को साथ लेकर एक बड़ा आंदोलन पिपलिया मंडी में भी करेगी।

न्यूज कालम



त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता

नीमच। डीआईजी निमिष अग्रवाल नीमच जिले के दौरे पर शुक्रवार को पहुंचे। जहां अधिकारियों की विवगी समीक्षा हेतु बैठक ली गई। साथ ही जिले भर में नवरात्रि में गरबा पांडालों और प्रतिमा स्थापना स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम के निर्देश दिए । आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। यह निर्देश रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) निमीष अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष, नीमच में आयोजित पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिए। थाना प्रभारी शांति समितियों और दुर्गा प्रतिमा स्थापना के आयोजकों के साथ बैठक कर प्रशासन की निर्धारित मार्गदर्शिका के अनुसार आयोजन सुनिश्चित करें। गरबा पंडालों और प्रतिमा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्वयंसेवकों की नियुक्ति करने तथा रात के समय भी उनकी तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

समाजसेवी सुनील बंसल ने हरिद्वार में विसर्जित कीं निराश्रितों की अस्थियाँ



मंदसौर। समाज सेवा की अनूठी मिसाल कायम करते हुए समाजसेवी एवं पार्षद सुनील बंसल ने अपने सहयोगियों के साथ विगत 33 वर्षों से चली आ रही पावन परंपरा का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। पितृपक्ष के पावन अवसर पर वे निराश्रित और जरूरतमंद दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचे। इस वर्ष की यात्रा में 18 पुरुषों, 6 महिलाओं और 11 बंदरों के अस्थि कलश शामिल थे। गंगा जी के तट पर तीर्थ पुरोहित प्रदीप झा द्वारा पूर्ण विधि-विधान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ इन अस्थियों का विसर्जन संपन्न कराया गया। श्री बंसल के साथ भरत शिंदे, कन्हैयालाल दया, शम्भूसेन राठौड़, बंशी राठौर, शिव योगी, गोपाल शिंदे, गिरधारी माली, लक्ष्मीनारायण राठौर आदि ने भी हरिद्वार पहुंचकर अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

शिवना नदी से पूजा सामग्री, नारियल, फूल-मालाएं और पॉलीथिन निकाला



मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण अभियान का 145वां दिन रविवार को श्रमदानियों ने पितृ अमावस्या के अवसर पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने नदी किनारे धूप और दीपदान किया था, जिसके बाद रविवार को जल में प्रवाहित पूजा सामग्री, नारियल, फूल-मालाएं और पॉलीथिन बड़ी मात्रा में जमा हो गई थीं, उसे हटाया। अभियान के तहत शिवना योद्धाओं और श्रमदानियों ने एकजुट होकर नदी और घाटों की पूरी तत्परता से सफाई की तथा एक ट्रॉली से अधिक कचरा व पॉलीथिन बाहर निकाला।इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिवना नदी की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि पूजा सामग्री को सीधे जल में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित स्थानों पर ही डालें और प्लास्टिक की पॉलीथिन का प्रयोग पूरी तरह से बंद करें। अभियान में जनप्रतिनिधियों, समाजशास्त्रियों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जनभागीदारी से नदी को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

नवरात्रि में सातवें वर्ष भी 71 माताजी की मूर्तियों का नि:शुल्क वितरण



पिपलियामंडी। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री शोभाराम हेमनानी, चंद्रप्रकाश हेमनानी, महेश हेमनानी एवं हेमनानी परिवार, पिपलियामंडी की ओर से लगातार सातवें वर्ष भी माताजी की 71 मूर्तियों का निःशुल्क वितरण की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताजी की मूर्तियां लेने पहुंचे। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त मूर्तियां लेने के लिए आते हैं। माताजी की मूर्तियां प्राप्त करने के बाद श्रद्धालु ढोल-बाजों के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए गरबा पंडालों एवं अपने आयोजन स्थलों के लिए रवाना हुए। नवरात्रि के अवसर पर हेमनानी परिवार द्वारा की जा रही यह सेवा धार्मिक आस्था और जनसेवा का प्रतीक है। सात वर्षों से लगातार इस परंपरा का निर्वहन कर परिवार द्वारा श्रद्धालुओं की आस्था को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष जगदीश पंडित ने किया।

जिला चिकित्सालय की समस्साओं को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

ब्यावरा। राजगढ़ जिला चिकित्सालय की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पद रिक्त होने के गंभीर मुद्दे को लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के चलते तत्कालीन सीएमओएच के निलंबन के बाद भी अब तक इस महत्वपूर्ण पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या स्वास्थ्य विभाग किसी न्यायालयीन राहत के बाद उसी अधिकारी की पुनः पदस्थापना का इंतजार कर रहा है।

श्री महावीर जैन विद्या मंदिर छात्रा का कराते प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन

बडौद। संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता शाजापुर में आयोजित कराते प्रतियोगिता में विद्यालय की बहिन का राज्य स्तर पर चयन व -14, वेट - 38 डॅ. में छात्रा राघवी कुमावत पिता श्रीराम कुमावत ने संभाग में स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित होने पर बहिन और उनकी कोच सुश्री राखी राजपूत को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्था अध्यक्ष डॉ. श्री गिरीश भाई शाह, संस्था उपाध्यक्ष अजीत कुमार जैन,संस्था सचिव प्रकाशचंद्र नाहर, विद्यालय प्रबंधक संतोष जैन व प्राचार्य एस.एस. राजपूत, समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।


अतिक्रमण कर निर्माण से होगा यातायात बाधित दिया आवेदन

तराना। अतिक्रमण निर्माण करने से यातायात में परेशानी आएगी इसको लेकर रविंद्र पिता दिनेश कुमार प्रजापति के द्वारा आवेदन सौपकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। रविंद्र प्रजापति ने बताया कि मेरे द्वारा नगर परिषद कार्यालय विभाग करना पुलिस एवं सीएम हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत की गई है जिसका क्रमांक 40839858 है। लेकिन आज भी परेशानी वही है आवेदन में बताया कि वार्ड क्रमांक 15 में हॉस्पिटल रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्र में अतिक्रमण का कार्य किया जा रहा है इसके कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।मामले में कार्यवाही की मांग की है।।

गायत्री मंदिर में पितृपक्ष की चतुर्दशी पर किया पिंडदान

नागदा। पितृपक्ष की चतुर्दशी पर गायत्री रचनात्मक मंदिर, नागदा में गायत्री परिजनों ने विधि-विधान से पिंडदान कर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। धार्मिक परंपरा के अनुसार पितरों के निमित्त पिंडदान एवं तर्पण कर उनकी आत्मिक शांति और तृप्ति की कामना की गई। इस अवसर पर तेजबहादुर शर्मा, राजेश स्वामी, मुकेश पुरोहित, दिलीप पवार, शंभू प्रजापत, लाला परिहार, श्रीमती शिवकुमारी, करुणा परमार, वंदना गुर्जर, सीमा गुर्जर, कैलाश कुंवर सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्था सारथी मंडल की गतिविधिया आयोजित



सुसनेर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक देवेन्द्र शर्मा एवं विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी के मार्गदर्शन में चयनित नवांकुर संस्था सारथी युवा मोड़ी द्वारा सेक्टर क्र 03 मोडी में सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय परसुल्याकला में उपस्थित विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री कापी एव पेन वितरित किए गए। साथ ही विद्याथीयो से शैक्षिक संवाद भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक गोदानी, परामर्शदाता ज्योति बैरागी आदि उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था सारथी युवा मंडल मोड़ी द्वारा सेक्टर मोडी में सेवा मेरा योगदान के तहत 2 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर खाचरौद में

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को खाचरौद में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल खाचरौद, शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय भीकमपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक समस्याओं की पहचान तथा समय पर परामर्श और उपचार लेने के प्रति जागरूक किया गया।

सिविल हॉस्पिटल खाचरौद से अभियान का शुभारंभ

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता अभियान का शुभारंभ सिविल हॉस्पिटल खाचरौद में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवराज कौशल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता दिनेश चन्द्र परिहार ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए मनहित ऐप, टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 1800-89-14416, उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425, उमंग स्वास्थ्य केंद्र एवं मनकक्ष की सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों को समय पर सहायता लेने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रतीक बैरागी, डॉ. इशिका रत्नावत, डॉ. श्रुति राय, डॉ. खुशबु चौहान, डॉ. आशुतोष वैष्णव, एसटीएस नंदकिशोर धाकड़, नर्सिंग ऑफिसर विजय पाटीदार, लैब टेक्नीशियन सुखराम बारिया एवं हेल्थ प्रमोटर महेश चंदेरिया सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता दिनेश चन्द्र परिहार ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, मानसिक समस्याओं के शुरूआती लक्षणों की पहचान तथा जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से परामर्श लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और मानसिक परेशानी होने पर सहायता लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी का परिचायक है।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के प्रभारी डॉ. मनीष मौर्य के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रोफेसर रूपलाल मेघवाल का कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित

विक्रम महाविद्यालय में विद्यार्थियों को किया जागरूक

अभियान के अंतर्गत शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद में उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. बामनिया ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।



गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ब्यावरा ने माया-राजेश त्रिवेदी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

ब्यावरा। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माया-राजेश त्रिवेदी के असामयिक निधन पर गुर्जर गौड़ धर्मशाला ब्यावरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने सम्मिलित होकर माया दीदी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। माया दीदी ने राष्ट्रीय स्तर पर समाज की मातृशक्ति के सम्मान, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज को प्रांतीय एवं जिला स्तर पर एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज के प्रति उनका योगदान, सेवा भावना और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके असामयिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं समाज के लिए किए गए कार्य हमेशा सभी के हृदय में जीवित रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाजजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

सेवा संकल्प अभियान शिविर में गर्भवती तथा धात्री महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण



महिदपुर रोड़ ! शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लाक मेडिकल ऑफिसर शोभना भाबर के निदेर्शों की पालना में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयो जन किया गया शासकीय चिकि त्सालय के डा. अमित वर्मा महिला चिकित्सक गुरुचरण सलूजा एएनएम प्रियंका भारद्वाज ने 22 गर्भवती महिलाओं, 45 ब च्चों को दूध पिलाने वाली धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला नोडल अधिकारी शंकर राणा महिला बाल विकास विभाग सुपरवाइजर हर्षिता भार्गव सुपर वाइजर कृष्ण पाल सिंह राठौर की उपस्थिति में सर पंच ऋतु सत्यनारायण पाटीदार द्वारा गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण आहार वि तरण किया। शिविर में आंगन वाड़ी कार्यकर्ता मंजू राठौर, कंकू राठौर, आशा जैन,किरण पवांर स्वास्थ्य विभाग आशा कार्यकर्ता विधा सांखला, द्रौपती परमार, राजवंती ललावत लक्ष्मी ललावता शिविर में उपस्थित रहे।

आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



ब्यावरा । नगर के सीटी थाना परिसर में आगामी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवदुर्गा एवं दशहरा त्योहार को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने को लेकर पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया। माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी तत्काल कार्रवाई। असामाजिक तत्वों हुड़दंगियों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्योहारों के दौरान शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। ब्यावरा पुलिस का संदेश- त्योहार मनाएं शांतिपूर्वक कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में नवदुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना एवं विसर्जन, लाईट-डीजे साउंड को लेकर नागरिकों के बीच शांति समिति की बैठक में उपस्थित व्यापारी, व्यवसायी, अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से उक्त प्वाइंटों पर चर्चा कर ठहराव किया गया। दुर्गा झांकी पंडाल रात्रि 11:30 बजे तक खुले रहेंगे और पांडवों मैं डीजे साउंड बजाने के लिए एसडीएम की परमिशन लेने आवश्यक होगी कम आवाज के स्पीकरों पर बजाने की परमिशन एसडीएम कार्यालय द्वारा दी जाएगी। मां की मूर्तियों को विसर्जन केलिए दशहरे के दिन सुबह से लेकर रात्रि 11:30 बजे तक सभी झांकी पंडाल की मूर्तियां विसर्जन की जाएगी।

एसडीओपी पदोन्नत होकर एडिशनल एसपी ग्वालियर बनाये जाने पर सम्मान किया गया



महिदपुर रोड। शुक्रवार को पत्रकारों के कार्यक्रम में शामिल होने नगर में आये महिदपुर अनु भाग के एसडीओपी (प्रोबेशनरी आईपीएस) जेडेन लिंगजेरपा का नगर की मातृशक्ति की और से पोरवाल समाज महिला मंडल की सपना कामरिया , अनिता पोर?वाल,रजनी पोरवाल ब्राह्मण समाज की सुमित्रा तिवारी, टीना शर्मा, शिक्षिका नम्रता शर्मा संगीता राठौर तथा अखिल भारतीय गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय महिला सभा की शिक्षा मंत्री हेमलता उपाध्याय द्वारा उनका गुलदस्ता प्रदान कर उन्हें मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया।

पितृ पक्ष में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया पितरों का तर्पण, महिलाओं ने भी निभाई सहभागिता

- सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



अखिल विश्व गायत्री परिवार,शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ एवं इंदौर नाका पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

विगत 15 दिनों से चल रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को जलांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मिक शांति, सद्गति एवं मोक्ष की कामना से विधि-विधान पूर्वक श्राद्ध कर्म एवं तर्पण किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने पितरों के लिए तर्पण किया और भारतीय संस्कृति की पितृ-स्मरण परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता के भाव से जोड़ना रहा। सामूहिक रूप से संपन्न हुए इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी सद्गति एवं शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, प्रमोद साहू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विज्ञान केंद्र व तारामंडल में जाना अंतरिक्ष का रहस्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा सातवीं एवं आठवीं के 150 विद्यार्थियों ने उज्जैन स्थित विज्ञान केंद्र एवं तारामंडल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ विज्ञान एवं खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान केंद्र में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों का अवलोकन किया। उन्होंने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को समझने के साथ वैज्ञानिक उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान से जुड़े विषयों को व्यावहारिक रूप से समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने तारामंडल का भ्रमण किया, जहां उन्हें अंतरिक्ष, सौरमंडल, ग्रहों, तारों और ब्रह्मांड से संबंधित रोचक जानकारियां मिलीं। तारामंडल में मिली जानकारी से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों में पढ़े गए विषयों को वास्तविक अनुभवों के माध्यम से समझने का अवसर मिला। इस दौरान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक तथ्यों को जानने और समझने की जिज्ञासा भी देखने को मिली।

स्कूल वेन गड्ढे में उतरी 14 बच्चे बाल-बाल बचे

तेजगति के कारण मोड़ पर अनियंत्रित हुआ वाहन, सामने था कुआं पेड़ से टकराई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

पचोर तहसील के सुल्तानिया-नारानिया गांव में शनिवार सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक क्रूजर गाड़ी सड़क से उतरकर खंती में जा उतरी। हादसे के समय वाहन में 14 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि वाहन कुएं तक पहुंचने से पहले रुक गया और बड़ा हादसा टल गया।

घटना में बच्चों के बाल-बाल बचने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, शांति इंटरनेशनल स्कूल, पटाड़िया धाकड़ की क्रूजर क्रमांक एमपी 42 पी 0553 शनिवार सुबह करीब 10 बजे सुल्तानिया-नारानिया गांव से बच्चों को लेकर स्कूल के लिए रवाना हुई थी। बताया गया कि स्कूल जाने वाले 19 बच्चों में से पांच बच्चे उस दिन स्कूल नहीं गए, जबकि 14 बच्चे वाहन में सवार थे। बताया जा रहा है कि गांव से बाहर निकलने के बाद मोड़ पर वाहन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गया और सड़क से उतरकर खंती में जा गिरा। घटनास्थल के सामने कुआं होने से गंभीर हादसे की आशंका थी। हालांकि, वाहन का व्हील जॉइंट टूटने के बाद गाड़ी रुक गई और वह कुएं तक नहीं पहुंची। घटना की सूचना मिलने पर पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और चालक हरिओम रुहेला से घटना के संबंध में पूछताछ की। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चालक के पास हैवी वाहन का लाइसेंस नहीं मिलने तथा चरित्र प्रमाणपत्र नहीं बनवाए जाने की बात सामने आई है।

चालक को पूछताछ

पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और चालक को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। मामले में आगे की कार्रवाई के संबंध में आधिकारिक जानकारी की प्रतीक्षा है। घटना के बाद स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस, चालक के लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों की जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

संजा तू थारे घर जा के साथ पारंपरिक संजा पर्व का समापन, हुआ विसर्जन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

नगर में दूधाखेड़ी माता के समीप पंचेश्वर घाट पर सुनिश्चय अमावस्या को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं बालिसाएँ एवं पुरुष पहुंचे . मालवा की लोकसंस्कृति और परंपराओं का प्रतीक संजा पर्व नगर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर संजा पर्व का समापन हुआ। इस दौरान घरों में बनाई गई संजा की आकृतियों का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। संजा पर्व के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं ने घरों की दीवारों पर गोबर से संजा माता की आकृतियां बनाकर उन्हें विभिन्न रंगों, फूलों और पत्तियों से सजाया। प्रतिदिन संजा माता की पूजा-अर्चना की गई तथा पारंपरिक छोटी सी गाडी रुड़क दी जाए, जीमे बैठा संजा बाई जैसे लोकगीत गाए गए।

रोहिणी वैरागी माही भावसार ,अवनि बैरागी, शिवि भावसार प्रीसी जैन,ने बताया कि संजा पर्व मालवा की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जो नई पीढ़ी को पारंपरिक लोकगीतों, रीति-रिवाजों और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता हैं ' सोलह श्राद्ध में 16 दिनों तक अपने पित्रों को याद करते हुए आज समापन अवसर पर भी बड़े बड़ों का विसर्जन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष घाट पर पहुँचे।

मंथन इंटरनेशनल स्कूल के तीन जूडो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

ब्यावरा। ब्यावरा शहर के तीन जूडो के खिलाड़ियों हरिओम प्रजापति कांस्य पदक, मनीष जाटव कांस्य पदक एवं ज्योतिराज प्रजापति स्वर्ण पदक हासिल किया जबलपुर में 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर होने वाली जूडो प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया इस जीत पर सिर्फ मंथन इंटरनेशनल स्कूल ही नहीं बल्कि उनके कोच माता-पिता एवं पूरे ब्यावरा शहर को गर्व है उनकी यह लगातार तीसरी जीत हुई। मंथन इंटरनेशनल स्कूल परिवार की ओर से तीनों खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पवित्र चर्मण्वती के तट पर 71 पीढ़ियों की मोक्ष कामना से तर्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



महाकाल वन की पावन धार्मिक परंपरा से जुड़ी प्राचीन चर्मण्वती नदी अर्थात पवित्र चंबल के तट पर सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कारों का अनूठा संगम देखने को मिला। बाल हनुमान मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में लगातार 12वें वर्ष निःशुल्क सामूहिक पितृ तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया। इसमें नागदा सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 600 श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर अपने पितरों के निमित्त तिलांजलि, जलांजलि एवं पिंडदान किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पितृकर्म संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने चंबल तट पर पिंड विसर्जित कर पूर्वजों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना की।

कार्यक्रम संयोजक निलेश मेहता के ने बताया धर्मार्थ अनुष्ठान का उद्देश्य आर्थिक अथवा अन्य कारणों से तीर्थस्थलों पर जाकर पितृकर्म नहीं कर पाने वाले परिवारों को स्थानीय स्तर पर निःशुल्क धार्मिक सुविधा उपलब्ध कराना तथा युवा पीढ़ी को सनातन परंपराओं से जोड़ना है। आयोजन में श्रद्धालुओं को आवश्यक पूजन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। समापन पर श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था भी की गई।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 71 पीढियों के निमित्त पितृकर्म

आचार्य पं. अजय पंड्या एवं पं. दीपक पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, तर्पण एवं पिंडदान की विधियां संपन्न कराईं। धार्मिक मान्यता के अनुसार कुटुंब की 71 पीढ़ियों के पूर्वजों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना से श्रद्धालुओं ने पितृकर्म किया। इसके बाद पितृदेव की आरती कर श्रद्धालु चंबल नदी तट पहुंचे, जहां विधि-विधान से पिंडों का विसर्जन किया गया। नदी तट पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया।

वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के निमित्त भी किया तर्पण

आयोजन के दौरान मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का भाव भी सामने आया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. गहलोत ने राजधर्म और पुत्रधर्म का पालन करते हुए वृद्धाश्रम में निवासरत दो बुजुर्गों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना से पितृ तर्पण किया।

सरकारी तेल कंपनियों के लिए स्पेशल डॉलर विंडो खोली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होते भारतीय रुपए को संभालने और मनी मार्केट में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए फ्हक ने दो फैसले किए हैं। फ्हकने सरकारी तेल कंपनियों की डॉलर की डेली जरूरतों को पूरा करने के लिए एक 'स्पेशल डॉलर विंडो' शुरू की है।

इसके अलावा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने फॉरेक्स डेरिवेटिव ट्रेडिंग से जुड़े नियमों में भी सख्ती कर दी है। बाजार के जानकारों का मानना है कि इन फैसलों से रुपए को तुरंत थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन गिरावट के लंबे ट्रेंड को पूरी तरह पलटना मुश्किल होगा। शुक्रवार, 9 अक्टूबर को डॉलर के मुकाबले रुपया 96.73 के स्तर पर बंद हुआ था, जो मई में दर्ज इसके 96.96 के ऑल-टाइम-लो के काफी करीब है। कैलेंडर ईयर 2026 में अब तक रुपया 7% से ज्यादा और चालू वित्त वर्ष में करीब 3.5% गिर चुका है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और विदेशी निवेश के सुस्त होने से रुपए पर लगातार दबाव बनाया हुआ है।

मस्क बोले- भारत में स्टारलिंक के सस्ते प्लान लाएंगे

मुकाबले से अंबानी का मुनाफा घटेगा, लेकिन कारोबार बंद नहीं होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' की कीमतें भारत में काफी सस्ती होंगी। देश में इसकी एंट्री को लेकर चल रहे विवाद के बीच इलॉन मस्क ने इसके संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि मार्केट में कंपनियों के बीच कॉम्पिटिशन बढ़ने से आखिरी फायदा भारतीय यूजर्स को ही होगा।

उन्होंने कहा कि स्टारलिंक के आने से अंबानी का मुनाफा थोड़ा घट सकता है, लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा। जाहिर है, अगर स्टारलिंक भारत में बहुत महंगी होगी तो उसे कोई नहीं खरीदेगा। इसलिए स्पेसएक्स को यहां टिकने के लिए अपनी कीमतें सस्ती रखनी ही पड़ेंगी।

इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदारी बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।

हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था। उनका तर्क था कि स्टारलिंक भारत के बिना इंटरनेट वाले इलाकों में कनेक्टिविटी पहुंचा सकता है। इससे दूरदराज के वंचित बच्चों को शिक्षा और छोटे कारोबारियों को ग्लोबल मार्केट तक पहुंच मिलेगी। मस्क के इस पोस्ट के बाद कुछ लोगों ने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे सस्ता और तेज इंटरनेट मौजूद है। यहां सिर्फ ?300-400 महीने में 60 जीबी डेटा मिल जाता है, जो दूरदराज के गांवों में भी बेहतरीन काम करता है। ऐसे में यह सवाल उठना वाजिब है कि जब स्टारलिंक अन्य देशों में करीब 2,200 महीने चार्ज करता है, तो भारत में इसे कौन खरीदेगा। इस तर्क का जवाब देते गुए मस्क ने कहा कि एक तरफ वे दावा करते हैं कि स्टारलिंक भारत में जियो के सस्ते प्लान्स का मुकाबला नहीं कर पाएगी।



सरकार का जवाब- भारत में मोनोपॉली की इजाजत नहीं मिलेगी

'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026' में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरकार का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि भारत में किसी भी सेक्टर में मोनोपॉली की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि देश में तीन सैटेलाइट इंटरनेट कंपनियों को लाइसेंस मिल चुके हैं। 1. रिलायंस जियो सैटकॉम 2. भारती एयरटेल सपोर्टेड यूटेलसेट वनवेब 3. इलॉन मस्क की स्टारलिंक हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि लाइसेंस पाने वाली इन सभी कंपनियों की सिक्योरिटी क्लीयरेंस अभी बाकी है।

अंडमान में ड्रग्स तस्करी और मणिपुर हिंसा में मिले थे स्टारलिंक उपकरण

साल 2024 में भारतीय एजेंसियों ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में ड्रग्स तस्करी की जांच के दौरान और मणिपुर में सेना के एक ऑपरेशन के समय स्टारलिंक के उपकरण बरामद किए थे। इलॉन मस्क ने तब कहा था कि स्टारलिंक की सर्विस भारत में कभी एक्टिव ही नहीं थी। जो उपकरण मिले हैं, वे स्टारलिंक के सैटेलाइट नेटवर्क का इस्तेमाल कर ही नहीं सकते थे। स्टारलिंक किट में स्टारलिंक डिश, एक वाई-फाई राउटर, पॉवर सप्लाई केबल्स और माउंटिंग ट्राइपॉड होता है। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए डिश को खुले आसमान के नीचे रखते हैं।ऽडर और एंड्रॉइड पर स्टारलिंक का एप मौजूद है, जो सेटअप से लेकर मॉनिटरिंग करता है।

लो अर्थ ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइट से इंटरनेट देती है स्टारलिंक

स्टारलिंक लो अर्थ ऑर्बिट में अपने सैटेलाइट को तैनात कर इंटरनेट सर्विस देती है। इसके जरिए उन दूर-दराज के इलाकों में भी इंटरनेट मिलता है, जहां मोबाइल नेटवर्क या ब्रॉडबैंड नहीं है। कंपनी 2021 से ही भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने की कोशिश कर रही है।

डीमार्ट के नतीजे- आमदनी 18% और मुनाफा 8.5% बढ़ा

पुराने स्टोर्स में जोरदार बिक्री और नए स्टोर खोलने का असर; खर्च भी 18% बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डीमार्ट को चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 743 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 8.5% बढ़ा है। पिछले साल की दूसरी तिमाही में कंपनी को 685 का मुनाफा हुआ था।

जुलाई-सितंबर तिमाही में डीमार्ट ने 19,644.01 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया। यानी सालाना आधार पर कंपनी की आमदनी 18% बढ़ी है। हालांकि, कंपनी का खर्च भी 18% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 16,676.30 करोड़ रहा था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 27 में अब तक 18 नए स्टोर्स खोले हैं। इसके साथ ही देश में कंपनी के टोटल स्टोर्स की संख्या अब 518 हो गई है।



डीमार्ट के नतीजों की बड़ी बातें

सॉलिड रेवेन्यू ग्रोथ: डीमार्ट का बिजनेस मॉडल (बिक्री) अभी भी बहुत मजबूत है। 18 प्रतिशत की रेवेन्यू ग्रोथ यह दिखाती है कि कंज्यूमर डिमांड और स्टोर्स पर फुटफॉल में कोई कमी नहीं आई है।

मुनाफे की धीमी रफ्तार: रेवेन्यू तो 18 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन नेट प्रॉफिट सिर्फ 8.5 प्रतिशत बढ़ा। इसका सीधा मतलब है कि कमाई तो हो रही है, लेकिन मुनाफा बनाने की लागत बढ़ गई है।

सैलरी/वेज इन्फ्लेशन का असर: कंपनी के उएड अंशुल असावा ने खुद माना कि एंट्री-लेवल कर्मचारियों की सैलरी बढ़ने से ऑपरेटिंग खर्च बढ़ा है। महंगाई का असर सिर्फ ग्राहकों पर नहीं, कंपनी के मैनपावर कॉस्ट पर भी पड़ रहा है।

एअर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ानें 17 हजार तक महंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू उड़ानों में 1200 रुपए तक और इंटरनेशनल उड़ानों में 17,800 रुपए तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है।

नए फ्यूल चार्ज एयर इंडिया एक्सप्रेस पर भी लागू होंगे, क्योंकि दोनों टाटा ग्रुप की एयरलाइन हैं। नई कीमतें 9 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू होंगी। एयरलाइन ने यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल महंगा होने की वजह से लिया है। एअर इंडिया ने 7 महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 10 मार्च और फिर 7 अप्रैल को किराया बढ़ाया था। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भी जेट फ्यूल महंगा होने की वजह से दो दिन पहले यानी 6 अक्टूबर 2026 से किराया महंगा किया था। इंडिगो ने 6 महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था।

एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। कुल ऑपरेटिंग खर्च में इसकी हिस्सेदारी 30% से 40% होती है।

न्यूजीलैंड दौरे से पहले बैटिंग पर ध्यान दें

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने यशस्वी जायसवाल के विकेटकीपिंग सीखने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। जायसवाल रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं। जाफर ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसे मजाक बताते हुए कहा- 'जायसवाल भारतीय व्हाइट बॉल टीम में जगह बनाने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। उन्हें विकेटकीपिंग के बजाय अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहिए।' जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में भारत के रेगुलर ओपनर हैं। हालांकि, वनडे और टी-20 टीम की प्लेइंग-11 में उनकी जगह पक्की नहीं है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

Sport

बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज बने; अफगान टीम पहली पारी में 240 पर ऑलआउट

हसन महमूद ने अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट हैट्रिक ली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया। वे देश के पहले तेज गेंदबाज बने, जिसने टेस्ट में हैट्रिक ली है। 26 साल के महमूद ने अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन लगातार गेंदों पर इस्मत आलम, कैस अहमद और जिया-उर-रहमान को आउट किया।

महमूद ने 21 ओवर में 55 रन देकर 5 विकेट लिए। अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में 240 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे और उसे 106 रन की बढ़त मिली। महमूद ने 83वें ओवर में इस्मत आलम को बोल्ड किया। उनकी गेंद इस्मत के डिफेंस को चकमा देकर स्टंप्स से जा टकराई।

अगली गेंद पर उन्होंने कैस अहमद



को आउट किया। विकेटकीपर लिटन दास ने स्टंप्स के पीछे नीचे कैच पकड़ा।

इसके बाद जिया-उर-रहमान महमूद की हैट्रिक गेंद पर आउट हुए। गेंद जिया के पैड पर लगी और महमूद ने छइह की अपील की। मैदानी अंपायर ने अपील खारिज कर दी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने रिव्यू लिया।

बॉल-ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप से टकराती। इसके बाद फैसला बदल दिया गया और महमूद की हैट्रिक पूरी हुई।

बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज



महमूद टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज हैं। अलोक कपाली ने 2003 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ पहली हैट्रिक ली थी। इसके बाद सोहाग गाजी ने 2013 में चटगांव में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक ली। दोनों स्पिन गेंदबाज थे। इसलिए महमूद बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज हैं, जिसने टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल की है।

अफगानिस्तान ने तीसरे दिन की शुरूआत 4 विकेट पर 211 रन से की थी। टीम अपने स्कोर को और बढ़ाना चाहती थी। 83वें ओवर में महमूद के लगातार तीन विकेटों ने निचले क्रम में अफगानिस्तान को मुश्किल में डाल दिया। टीम इसके बाद संभल नहीं सकी और 240 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे।

सहवाग बोले- वैभव सूर्यवंशी में मेरी सोच दिखती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी में उन्हें अपनी बेखौफ बल्लेबाजी की झलक दिखती है। सहवाग ने कहा- सूर्यवंशी पहली गेंद से ही शॉट लगाना चाहते हैं। दिल्ली में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र में सहवाग ने सूर्यवंशी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने का मौका मिलने पर सूर्यवंशी उसका पूरा फायदा उठा सकते हैं। सहवाग ने यह भी कहा कि भारतीय क्रिकेट में उनकी जगह उम्र से नहीं, प्रदर्शन से तय होनी चाहिए।

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है।
अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **रणजी ट्रॉफी में मोहम्मद शमी की धांसू शुरूआत:** मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में शानदार वापसी करते हुए 9 ओवर में 7 मेडन ओवर डाले और 1 विकेट झटका।
- **रोहित शर्मा का रणजी ट्रॉफी में जलवा:** रोहित शर्मा ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट (पंझा) लेकर मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।
- **हसन महमूद की ऐतिहासिक हैट्रिक:** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है, वे ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले पेसर बने।
- **स्मृति मंधाना बनीं यूनिसेफ इंडिया की सेलिब्रिटी एडवोकेट:** भारतीय महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया का सेलिब्रिटी एडवोकेट नियुक्त किया गया है, जिसका सचिन तेंदुलकर ने स्वागत किया है।
- **क्रिस्टियानो रोनाल्डो सस्पेंड:** पुर्तगाली स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अनुशासनात्मक जांच के बाद पुर्तगाल की टीम से सस्पेंड कर दिया गया है।
- **न्यूजीलैंड टीम का भारत दौरे के लिए ऐलान:** न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ आगामी वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें कई नए और अनुभवी खिलाड़ियों को मौका मिला है।

न्यूजीलैंड की वनडे टीम में रचिन-चापमैन की वापसी

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए तीसरे वनडे के बाद 8 खिलाड़ी हटेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली 5 मैचों की वनडे सीरीज के लिए 21 सदस्यीय टीम घोषित की है। चोट के कारण टी-20 सीरीज से बाहर रहे रचिन रवींद्र और मार्क चापमैन की वनडे टीम में वापसी हुई है। कप्तान मिचेल सैंटनर समेत 6 खिलाड़ी पूरी सीरीज खेलेंगे, जबकि 8 खिलाड़ी शुरूआती 3 वनडे के बाद टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए लौट जाएंगे। आखिरी 2 वनडे के लिए 7 नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा। न्यूजीलैंड के हेड कोच रोब वाल्टर ने वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को तीन समूहों में बांटा है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद न्यूजीलैंड को 2 टेस्ट मैच भी खेलने हैं। रचिन रवींद्र अक्टूबर में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान कैच लेने के लिए डाइव लगाते समय कंधा खिसका बैठे थे। इस वजह से वे टी-20 सीरीज के लिए चयन के उपलब्ध नहीं थे। वहीं, मार्क चापमैन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी-20 टीम में जगह नहीं बना सके। दोनों अब वनडे सीरीज से वापसी करेंगे।

फिन एलेन, लॉकी फर्ग्यूसन और टीम सीफर्ट को आखिरी 2 वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है। ये तीनों पिछले 18 महीनों से न्यूजीलैंड की वनडे टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रोफेशनल टी-20 लीग में खेलने को प्राथमिकता दी। कोच रोब वाल्टर ने कहा कि 21 खिलाड़ियों को मौका मिलना न्यूजीलैंड की बेंच स्ट्रेंथ को दिखाता है।

अपनी क्षमता दिखाई

फिन एलेन और टिम सेइफर्ट ने टी-20 फॉर्मेट में अपनी क्षमता दिखाई है। अब उनके पास 50 ओवर के फॉर्मेट में अपनी जगह मजबूत करने का मौका है। वाल्टर के मुताबिक, यह सीरीज अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की टीम में जगह बनाने के लिहाज से भी अहम होगी।



न्यूज कॉलम

बैग में रखे 13.50 लाख रु. नकद, 7 किलो चांदी गायब

धार। जोबट से इंदौर जा रही निजी यात्री बस से करीब 20 लाख रुपए का पार्सल गायब होने का मामला सामने आया है। पार्सल में 13.50 लाख रुपए नकद और करीब 6.50 लाख रुपए कीमत की 7 किलो कच्ची-पक्की चांदी रखी थी। व्यापारी योगेश ने 3 अक्टूबर को यह पार्सल बस से इंदौर भेजा था। वहां पार्सल लेने पहुंचे व्यक्ति को बैग नहीं मिला। इसके बाद धार के नौगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

खेत तालाब निर्माण में 17.42 लाख की गड़बड़ी का आरोप

धार। धार जिले के नालछा ब्लॉक के झाड़ी बरौदा गांव में खेत तालाबों के निर्माण और सरकारी राशि के भुगतान को लेकर सवाल उठे हैं। किसान रवि पवार, नारायण पवार और श्यामलाल पटेल ने 17 लाख 42 हजार 506 रुपए की राशि में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। किसानों का कहना है कि रिकॉर्ड में राशि निकाली गई, लेकिन कुछ खेतों में तालाबों का निर्माण नहीं हुआ। वहीं, सरपंच कुंदन मुनिया ने आरोपों को खारिज करते हुए नियमानुसार भुगतान होने की बात कही।

युवक ने आरएसएस को आतंकवादी संगठन लिखकर किया पोस्ट

झाबुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में मेघनगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शनिवार रात आरोपी अजय दातला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शिकायत हत्यादेहली निवासी राजेश पणदा ने की थी। पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, अजय दातला के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की गई थी। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आतंकवादी संगठन बताते हुए उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी।

बीजेपी नगर महामंत्री ने महिला से की छेड़छाड़



धार में महिला के आरोप पर केस, बोली- बच्चों को मरवाने बोला, पति का दोस्त भी है

धार। धार में भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के नगर महामंत्री रॉकी आहूजा पर महिला से छेड़छाड़, पीछा करने और उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने खारी बावड़ी निवासी रॉकी आहूजा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 78(2), 79 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने मंदिर जाते समय उसे परेशान किया और विरोध करने पर धमकियां दीं। महिला ने पुलिस को बताया कि करीब 20 दिन पहले वह मंदिर में दर्शन करने जा रही थी। इसी दौरान रॉकी आहूजा ने उससे कहा कि वह उसे पसंद करता है और बातचीत करना चाहता है। महिला के मुताबिक, उसने आरोपी को बताया कि वह उसके पति का दोस्त है और उसे भाई समान मानती है। साथ ही, दोबारा इस तरह की बात नहीं करने की हिदायत दी। शिकायत के अनुसार, महिला के विरोध के बावजूद आरोपी ने उसका पीछा करना जारी रखा।

नैनो न्यूज

- **इंदौर में एमएसएमई निवेश पर जोर-** मध्य प्रदेश में विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर उद्योग जगत ने चर्चा की। सीआईआई ने एमएसएमई विकास, कौशल प्रशिक्षण और डिजिटल बदलाव को महत्वपूर्ण बताया।
- **त्योहारों से पहले खाद्य कारोबार पर निगरानी-** त्योहारी मांग को देखते हुए इंदौर में मिठाई, मावा, घी, खाद्य तेल और नमकीन कारोबारियों की जांच तेज करने के निर्देश दिए गए। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान 965 निरीक्षण किए गए और 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।
- **जीएसटी प्रक्रिया सरल होने की उम्मीद-** इंदौर के कर विशेषज्ञों ने जीएसटी परिषद की नई सिफारिशों का स्वागत किया। प्रस्तावों में रिफंड प्रक्रिया तेज करने, अनुपालन आसान बनाने और सामान्य जुर्माने में कमी जैसे उपाय शामिल हैं।
- **सब्जियों के दाम से बाजार प्रभावित-** इंदौर में नवरात्रि से पहले सब्जियों के दाम ऊंचे बने हुए हैं। बाजार में ताजा हरी मटर 110 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने की खबर है, जिससे घरेलू बजट और खुदरा खरीदारी प्रभावित हो सकती है।
- **औद्योगिक निवेश बढ़ाने पर चर्चा-** सीआईआई ने मध्य प्रदेश में कारोबार के लिए नियमों को सरल बनाने और मंजूरियों की प्रक्रिया समयबद्ध करने वाले प्रस्तावित सुधारों का समर्थन किया। इससे उद्योगों और नए निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने पर जोर है।

अयोध्यापुरी कॉलोनी की बेशकीमती जमीन के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में जिला कोर्ट से दावे खारिज

रहवासी संघ को झटका, 350 करोड़ की जमीन पर कंपनी का हक बरकरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



अयोध्यापुरी कॉलोनी की करीब चार एक-ड़ बेशकीमती जमीन के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में जिला कोर्ट ने सिम्पलेक्स इन्वेस्टमेंट एंड मेगा फाइनेंस कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया है।

जिला न्यायाधीश डॉ. शुभ्रा सिंह ने 65 पेज के फैसले में देवी अहिल्या श्रमिक कामगार सहकारी संस्था द्वारा कंपनी के पक्ष में की गई रजिस्ट्री को वैध माना और अयोध्यापुरी रहवासी कल्याण संघ के दावों को खारिज कर दिया। इस जमीन की मौजूदा कीमत करीब 350 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विवादित जमीन को लेकर पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह के कार्यकाल में प्रशासन ने कार्रवाई की पहल की थी। सहकारिता विभाग के माध्यम से रजिस्ट्री निरस्त कराने के लिए कोर्ट में आवेदन भी दिया गया था। हालांकि, सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग की ओर से प्रभावी पक्ष नहीं रखे जाने का मामला सामने आया। अब फैसले के बाद रहवासी संघ ने हाईकोर्ट में अपील करने की बात कही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी कहा है कि आदेश की प्रति मिलने और उसका अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

रहवासी संघ बोला- पहली रजिस्ट्री हमारी, हाईकोर्ट जाएंगे- फैसले से असंतुष्ट अयोध्यापुरी रहवासी कल्याण संघ ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। संघ के सचिव एमके सिंह का दावा है कि जमीन की पहली रजिस्ट्री संस्था के नाम हुई थी और कंपनी ने गलत तरीके से जमीन हासिल कर दोहरी रजिस्ट्री कराई। उनका कहना है कि विवादित जमीन पर सदस्यों को प्लॉट आवंटित किए जाने हैं।

कलेक्टर बोले- आदेश देखकर तय करेंगे आगे की कार्रवाई- कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि अभी आदेश की प्रति नहीं मिली है। निचली अदालत ने जो फैसला दिया है, उसका अध्ययन किया जाएगा। यदि फैसला प्रशासन के पक्ष में नहीं है, तो ऊपरी अदालत में अपील करने के विकल्प पर विचार किया जाएगा।

2007 की रजिस्ट्री को कानूनी रूप से वैध माना- कोर्ट ने 24 फरवरी 2007 को सिम्पलेक्स कंपनी के पक्ष में की गई जमीन की रजिस्ट्री को वैध माना। फैसले के मुताबिक, संस्था की वार्षिक आमसभा में प्रस्ताव पारित करने के बाद जमीन बेचने की प्रक्रिया पूरी की गई थी।

अतिरिक्त जमीन पर सदस्यों के प्लॉट होने के प्रमाण नहीं मिले- रहवासी कल्याण संघ ऐसा ठोस दस्तावेज, लेआउट या नक्शा पेश नहीं कर सका, जिससे साबित हो कि विवादित अतिरिक्त जमीन पर संस्था के किसी सदस्य का व्यक्तिगत भूखंड था। संस्था के पास कुल 6.75 लाख वर्गफीट जमीन थी। सदस्यों को प्लॉट आवंटित करने के बाद बची जमीन कंपनी को बेचे जाने का पक्ष रखा गया।

संस्था और कंपनी के बीच धोखाधड़ी के प्रमाण नहीं मिले- कोर्ट ने संस्था और कंपनी के बीच हुए अनुबंध तथा रजिस्ट्री में धोखाधड़ी के पर्याप्त प्रमाण नहीं पाए। इसी आधार पर जमीन के हस्तांतरण को अवैध ठहराने की मांग स्वीकार नहीं की गई।

प्रशासन और सहकारिता विभाग प्रभावी पक्ष नहीं रख पाए- मामले में जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग की ओर से ठोस जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने से विवाद में उनका पक्ष प्रभावी ढंग से सामने नहीं आ सका। इससे कंपनी के पक्ष में आए फैसले के बाद प्रशासन की आगे की रणनीति महत्वपूर्ण हो गई है।

जमीन के स्वामित्व पर अब हाईकोर्ट में हो सकता है फैसला

जिला कोर्ट के निर्णय से फिलहाल सिम्पलेक्स कंपनी के पक्ष में जमीन के स्वामित्व को लेकर कानूनी स्थिति मजबूत हुई है। हालांकि, रहवासी संघ की प्रस्तावित अपील और प्रशासन के अगले कदम से यह विवाद आगे भी जारी रह सकता है। अब हाई कोर्ट में चुनौती दिए जाने पर मामले के महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं की दोबारा समीक्षा हो सकती है।

रातभर सड़क पर बैठे रहे प्रदर्शनकारी, मांग नहीं मानने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर दूसरा आंदोलन शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर इंदौर में दूसरा प्रदर्शन शुरू हो गया है।

भंवरकुआं इंदौर 2.0 नाम से शुरू हुए इस आंदोलन में छात्र, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। 10 अक्टूबर को भोलाराम गेट के सामने, डीडी गार्डन के पास शुरू हुए प्रदर्शन में आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर रातभर सड़क पर बैठे रहे। इंदौर में चुनाव सुधारों को लेकर पहले से ही टंट्या भील चौराहे पर एक प्रदर्शन जारी है।

अब भंवरकुआं इंदौर 2.0 आंदोलन शुरू होने के साथ शहर में इस मुद्दे पर दूसरा प्रदर्शन भी सामने आया है। दोनों प्रदर्शनों का मुद्दा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही जैसे सवालों से जुड़ा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, फर्जी और डुप्लीकेट मतदाता प्रविष्टियों को रोकने के लिए सुरक्षित डिजिटल मतदाता पहचान व्यवस्था विकसित करने तथा बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी उठाई गई। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पवन अहिरवार ने कहा कि भंवरकुआं इंदौर 2.0 केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को बुलंद करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के जरिए संबंधित संस्थाओं तक अपनी बात शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से पहुंचाई जाएगी।

पांच प्रमुख मांगें रखी

पवन अहिरवार ने बताया कि भंवरकुआं इंदौर 2.0 आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाना है। प्रदर्शनकारियों ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। पांच प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन आंदोलनकारियों ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा, केंद्रीय निर्वाचन आयुक्तों की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विपक्ष की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल है।

खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन में लीकेज

निकली गैस से घबराए रहवासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सुमन नगर इलाके में शनिवार शाम पानी की लाइन के लिए गड्ढा खोदते समय गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। मजदूरों की गेती पाइपलाइन पर लगने से तेज प्रेशर के साथ गैस का रिसाव होने लगा। अचानक तेज आवाज के साथ गैस निकलने से आसपास के लोग घबरा गए। लोगों ने तुरंत गैस कंपनी को सूचना दी, जिसके बाद सप्लाई बंद कर पाइपलाइन की मरम्मत शुरू की गई। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया।

चिंता की बात यह है कि इसी गली में कुछ महीने पहले भी गैस लीकेज के कारण बड़ा हादसा हो चुका है, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे।

रहवासी नीलेश ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे पानी की लाइन डालने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। इसी दौरान अवंतिका गैस की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही गैस कंपनी को फोन कर रिसाव रोकने के लिए कहा गया।

प्रत्यक्षदर्शी कुमरावत सिंह सोलंकी ने बताया कि दो मजदूर खुदाई कर रहे थे। तभी पाइपलाइन से तेज प्रेशर के साथ गैस निकलने की आवाज आने लगी। उन्होंने तुरंत बिल्डिंग के सुपरवाइजर को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुपरवाइजर ने गैस कंपनी से संपर्क किया।

निहार शांति आंवला ने लॉन्च किया एआई चैटबॉट

3 हजार से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

निहार शांति आंवला ने महिलाओं को रोजमर्रा की उलझनों और जीवन से जुड़े फैसलों में मदद देने के लिए शांति से पूछो एआई आधारित व्हाट्सऐप चैटबॉट लॉन्च किया है। मैरिको लिमिटेड की इस पहल के तहत महिलाएं शिक्षा, उद्यमिता और बालों की देखभाल सहित विभिन्न विषयों पर सलाह ले सकेंगी। इंदौर के सी21 मॉल में आयोजित कार्यक्रम में 3 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और चैटबॉट की सुविधाओं को जाना। इसके लिए 9004002080 नंबर पर व्हाट्सऐप संदेश भेजकर बातचीत शुरू की जा सकती है।



तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मेट्रिमोनियल साइट पर पहचान के बाद एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महिला का आरोप है कि शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने इनकार कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2009 में हुई थी। उसका एक बेटा है। पति से मतभेद के कारण वह 2020 से अलग रह रही है। जून 2026 में उसने शादी डॉट कॉम पर अकाउंट बनाया था। इसी दौरान उसकी पहचान सिलिकॉन सिटी निवासी उन्नत अस्तोलिया से हुई।

थाने में मारपीट के आरोपों के बाद भाजपा कार्यकर्ता आईसीयू में भर्ती

सीने में तेज दर्द, डॉक्टरों को हार्ट अटैक की आशंका, परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाने में मारपीट के आरोपों के बीच भाजपा कार्यकर्ता पं. जयदीप दुबे की तबीयत बिगड़ गई। रविवार को सीने में तेज दर्द होने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है।

परिजनों के मुताबिक डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है। हालांकि, इसकी पुष्टि मेडिकल जांच के बाद ही हो सकेगी।



परिजनों का आरोप है कि कॉलोनी में पड़ोसी के साथ विवाद के दौरान मारपीट हुई थी। इसके बाद जब जयदीप दुबे शिकायत लेकर एरोड्रम थाने पहुंचे, तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई।

परिजनों का कहना है कि इन घटनाओं के बाद से ही उनकी तबीयत खराब थी और अब सीने में तेज दर्द होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

जयदीप दुबे के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एरोड्रम थाने का घेराव किया था। विधायक गोलू शुक्ला के समर्थकों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मामले में टीआई को लाइनअटैच कर चार पुलिसकर्मियों को कल सस्पेंड किया गया था। अब जयदीप दुबे की तबीयत बिगड़ने के बाद मामला एक बार फिर गंभीर हो गया है। फिलहाल वे निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति और मेडिकल जांच की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

कोनोकार्पस-सप्तपर्णी के पौधों पर रोक के बावजूद रोपण का आरोप

लॉ स्टूडेंट की याचिका पर हाई कोर्ट ने शासन से मांगा जवाब, सर्वे कर पौधे हटाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कोनोकार्पस और सप्तपर्णी प्रजाति के पौधों के रोपण पर रोक के बावजूद इन्हें लगाए जाने का मामला मध्यप्रदेश हाई कोर्ट पहुंच गया है। विधि छात्र गोपाल जोशी की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में शहरभर में इन दोनों प्रजातियों के पौधों का सर्वे कराने, पहले से लगाए गए पौधों को हटाने और उनकी जगह स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाने की मांग की गई है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग 9 जनवरी 2026 को ही परिपत्र जारी कर कोनोकार्पस और सप्तपर्णी के नए पौधे लगाने पर रोक लगाने तथा पहले से लगाए गए पौधों को हटाने के निर्देश दे चुका है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि शासन के निर्देशों के बावजूद इंदौर में इन प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है। संबंधित विभागों के जवाब से स्पष्ट होगा कि प्रतिबंध के बाद भी कहीं इनका रोपण हुआ है या नहीं और शासन के निर्देशों का कितना पालन किया गया।

विधि छात्र गोपाल जोशी स्वयं हाई कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने शासन के निर्देशों के बावजूद इन प्रजातियों का रोपण जारी रहने पर चिंता जताई। याचिका में मांग की गई है कि नगर निगम और अन्य संबंधित विभाग शहर में लगाए गए कोनोकार्पस और सप्तपर्णी के पौधों की पहचान के लिए सर्वे कराएं। इसके बाद इन पौधों को हटाकर उनकी जगह नीम, पीपल और जामुन जैसी स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं। याचिका में भविष्य में नगर निगम और अन्य सरकारी विभागों द्वारा इन प्रजातियों का रोपण नहीं किए जाने और शासन के आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की गई है।



स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर सवाल

कोनोकार्पस के रोपण का विरोध करने वालों की प्रमुख चिंता इसके परागकणों से होने वाली एलर्जी और सांस संबंधी समस्याओं को लेकर है। कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों में इसके परागकणों के प्रति संवेदनशीलता और श्वसन संबंधी एलर्जी के बीच संभावित संबंध सामने आए हैं। हालांकि, इन निष्कर्षों के आधार पर यह कहना उचित नहीं होगा कि यह पेड़ हर व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य संबंधी परेशानी पैदा करता है। याचिका के संदर्भ में इन प्रजातियों के चयन, शहरी पर्यावरण पर उनके प्रभाव और स्थानीय पेड़ों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं। कोनोकार्पस की जड़ों के फैलाव को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अनुपयुक्त स्थानों पर लगाए गए पेड़ों की जड़ें जल निकासी और सीवर की पाइपलाइनों में प्रवेश कर सकती हैं। इससे रुकावट या मरम्मत संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हालांकि, नुकसान की आशंका पेड़ की स्थिति, जड़ों के फैलाव और आसपास के बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com